रांची
शुक्रवार
02.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जीवन में जो सबक खाली पेट, खाली जेब और बुरा समय सिखाता है वह कोई स्कूल या यूनिवर्सिटी नहीं सिखाती।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-210 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

# झारखंड में पुरानी पेंशन स्कीम लागू

## कैबिनेट ❍ बैठक में 25 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, पांच सितम्बर को झारखंड विस का विशेष सत्र

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक अनिश्चितता के बीच गुरुवार देर शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 25 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक समाप्त होने के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को बताया कि पांच सितम्बर को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया जायेगा। इससे पहले एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से 29 जुलाई से पांच अगस्त तक आहूत मॉनसून सत्र के सत्रावासन के प्रस्ताव को स्थगित करने के प्रस्ताव को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, मॉनसून सत्र को ही विस्तारित करते हुए पांच सितम्बर को विशेष सत्र आहूत करने का फैसला लिया गया। वहीं, राज्य में पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर दी गयी है। 15 जुलाई को कैबिनेट ने यह फैसला लिया था। इसे लागू करने के लिए एसओपी का निर्माण किया जायेगा। राज्य सरकार ने एक सितम्बर 2022 से इसे लागू माना है। राजनीतिक उथल पुथल के बीच राज्य सरकार ने वीवीआईपी व वीआईपी लोगों की सरकारी काम से राज्य के बाहर आने जाने के लिए मनोनयन के आधार पर जेट के चार्टर प्लेन की सेवा एक माह के लिए ली है। इस पर राज्य सरकार दो करोड़ छह लाख पचास हजार वहन करेगी। वहीं, एक अन्य प्रस्ताव में राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को सहायक पुलिसकर्मियों व ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के लिए भी बड़ी सौगात दी। पांच हजार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा नियमावली को संशोधित किया गया है। अब सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विशेष परिस्थिति में पांच से बढ़ाकर छह साल कर दी गयी है। वहीं, ग्राम रक्षा दल के दलपत्तियों को पंचायत सचिव बनाया जायेगा। राज्य सरकार ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में डिग्री महाविद्यालय विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, भवनाथपुर व पांकी में शैक्षिक व गैर शिक्षकीय कार्य के लिए 145 पदों की स्वीकृति दी। इसमें 10.96 करोड़ व्यय होगा। प्रत्येक डिग्री कॉलेज में 18-18 संकायवार शिक्षक व गैर शिक्षक होंगे।



### 17 रोग को असाध्य रोग में किया गया सूचीबद्ध

**राज्य** कैबिनेट ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत चिकित्सा के लिए सहायता अनुदान राशि 10 लाख बढ़ाया है। पूर्व स्वीकृत असाध्य रोगों में कई अन्य रोग सूचीबद्ध हुए। पहले चार रोग सूचीबद्ध थे, अब 17 रोग सूचीबद्ध हुए हैं। थैलेसिमिया, ब्रेन हेमरेज, विशेष परिस्थिति में प्लास्टिक सर्जरी समेत 17 तरह के रोग को असाध्य रोग की श्रेणी में शामिल किया गया। रिम्स में चतुर्थवर्गीय पदों पर बहाली के लिए आवश्यकतानुसार बाहरी स्रोत से सेवाएं लेने को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली-2018 में संशोधन को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी।

### ढोल-नगाड़े की आवाज से गूंजा झारखंड मंत्रालय

**झारखंड** में सियासी उथल-पुथल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपने वायदे के अनुरूप राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का फैसला लिया। झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इस प्रस्ताव को पारित किये जाने की जैसे ही जानकारी मिली, चेंबर से बाहर निकलते ही सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करनेवालों की लंबी कतार लग गयी। इस दौरान झारखंड मंत्रालय में जमकर होली भी खेली गयी। वहीं, ढोल-नगाड़े की आवाज से पूरा मंत्रालय परिसर गूंज उठा। झारखंड मंत्रालय में ऐसी तस्वीर पहली बार देखने को मिली। सीएम हेमंत सोरेन और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों का सरकारी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां दी गयी।

## कांग्रेस के तीन विधायकों की सदस्यता रद्द करने की याचिका पर हुई सुनवाई

- स्पीकर के न्यायाधिकरण में एपियर नहीं हुए इरफान, विक्सल और राजेश कच्छप
- मेल कर कहा - उनके पास लैपटॉप और मोबाइल नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगड़ी और राजेश कच्छप की सदस्यता रद्द करने को लेकर दायर याचिका पर स्पीकर की कोर्ट में गुरुवार को ऑनलाइन सुनवाई हुई। सुनवाई में तीनों विधायक एपीयर नहीं हुए। तीनों विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को मेल के जरिये सूचना दी गयी कि कोलकाता में उनके पास मोबाइल और लैपटॉप की सुविधा नहीं है। इसलिए वे हियरिंग में अपीयर नहीं हो पायेंगे। वे लोग मार्केट से ई-मेल करके यह सूचना दे रहे हैं। बेल कंडीशन ग्रांट होने तक उन्हें अपीयरिंग से छूट दी जाये। इस पर वादी आलमगीर आलम के वकील ने कहा कि तीनों विधायक सुनवाई को टालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विधानसभा की ओर से तीनों विधायकों को सुनवाई के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई पांच सितम्बर को होगी।

गौरतलब है कि राज्य में चल रहे राजनीतिक उठापटक के बीच इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 30 जुलाई को हावड़ा जिले में 49 लाख कैश के साथ पकड़ा गया था। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने तीनों के खिलाफ स्पीकर की कोर्ट में याचिका दायर की थी और सरकार गिराने की साजिश का आरोप लगाते हुए उनकी विधायकी रद्द करने की मांग की थी। मामले को लेकर तीनों विधायकों को स्पीकर की ओर से नोटिस भेज कर एक सितम्बर तक जवाब देने को कहा गया था। तीनों विधायकों को कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है और उन्हें तीन महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा।



### प्रदीप यादव व बंधु तिर्की दल-बदल मामले में भी स्पीकर कोर्ट में हुई सुनवाई

**विधायक** प्रदीप यादव और पूर्व विधायक बंधु तिर्की के दल-बदल मामले को लेकर स्पीकर के न्यायाधिकरण में गुरुवार को सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में चार इश्यू फ्रेम किया गया था, उसपर आपत्ति जताते हुए वादी पक्ष के वकील ने कुछ और इश्यू जोड़ने की अपील की। याचिकाकर्ता सरोज सिंह के वकील आरएन सहाय ने कहा कि प्रदीप यादव और बंधु तिर्की ने झाविमो का मर्जर किस तारीख को कांग्रेस में किया। मर्जर गलत है, तो उनकी सदस्यता जायेगी या नहीं, ये भी जोड़ा जाये। वादी पक्ष ने गवाहों को पेश करने की भी अपील की। कहा कि अगर गवाही नहीं होती है, तो गवाहों की लिस्ट को रिकॉर्ड में रख लिया जाये। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष से समरी लाल की तरफ से जितेंद्र वर्मा, विनोद शर्मा की तरफ से विनोद साहू और सरोज सिंह की तरफ से आरएन सहाय ने पक्ष रखा। वहीं, प्रतिवादी पक्ष से एसबी गाड़ोदिया बहस कर रहे थे। दोनों पक्ष को सुनने के बाद स्पीकर ने सुनवाई स्थगित कर दी। अगली सुनवाई की डेटशीट जारी नहीं की गयी है।

## पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई, केस डायरी की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने केस डायरी की मांग की है। पूजा सिंघल की ओर से 18 अगस्त को ही नियमित जमानत के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की गयी है।



वह पिछले तीन महीने से ज्यादा समय से जेल में बंद है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। मामले में विस्तृत सुनवाई ईडी के जवाब आने के बाद की जायेगी। इससे पहले रांची ईडी की विशेष कोर्ट ने तीन अगस्त को पूजा की बेल पिटीशन खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद अब पूजा सिंघल ने हाईकोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि ईडी ने पांच मई को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। जिसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था।

### राजनीतिक हलचल के बीच राज्यपाल से मिला यूपीए प्रतिनिधिमंडल

## सीएम के मामले में स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में सियासी संकट के बीच यूपीए का एक प्रतिनिधिमंडल

- राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही कानूनी सलाह लेकर स्थिति स्पष्ट करने का दिलाया भरोसा

गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधायकी पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। राज्यपाल को दिये गये ज्ञापन में सीएम की विधायकी रद्द होने की स्थिति पर चिंता जतायी गयी और कहा गया कि जल्द से जल्द इसे स्पष्ट किया जाये।



इधर, राज्यपाल से मुलाकात के बाद यूपीए नेताओं ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग से चिट्ठी मिली है। अगले एक-दो दिन में कानूनी सलाह लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी जायेगी। श्री पांडेय ने सीएम के इस्तीफे की चर्चा को नकारते हुए कहा कि राज्यपाल से हमने कहा है कि जिस तरह से मीडिया में खबरें आ रही है, उससे भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने कहा कि राजभवन से कोई जानकारी नहीं दी गयी है। एक-दो दिन में स्थिति साफ कर दी जायेगी। वहीं, मुलाकात के बाद सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि राज्यपाल ने दो दिन के अंदर अपना फैसला चुनाव आयोग को भेजने के लिए कहा है। राज्यपाल से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सांसद गीता कोड़ा, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, झामुमो सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, सुप्रीयो भट्टाचार्य और विनोद पांडेय शामिल थे।

## दुमका जेल में कैदी की मौत

**दुमका।** दुमका सेंट्रल जेल के एक विचाराधीन बंदी की मौत गुरुवार को फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। छाती में अचानक दर्द की शिकायत पर बंदी को गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे पीजेएमसीएच में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मृतक ढेना मरांडी (56) जामा थाना क्षेत्र के तपसी टोला भुरकुंडी का रहनेवाला था।

## बहकावे में ना आयें, जनभावनाओं का सम्मान कर हर समस्या का करेंगे समाधान : रामेश्वर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने दुमका में अंकिता को जलाकर मारने, पलामू जिले में महादलित परिवार को दबंगों द्वारा बेघर करने, चतरा में युवती पर एसिड से हमला और रांची में भाजपा नेत्री सीमा पात्रा द्वारा अपनी नौकरानी को प्रताड़ित किये जाने समेत अन्य घटनाओं पर चिंता जतायी है। डॉ. उरांव ने कहा कि घटना काफी दुखद, चिंताजनक एवं मर्माहत करनेवाली है। वर्तमान सरकार और प्रशासन दोनों ही स्थितियों को सुलझाती है। उन्होंने राज्य की जनता से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य



सरकार पर भरोसा रखें, अगर कोई बहकाये तो उसके बहकावे में नहीं आयें, जनतंत्र में सुलझाने का तरीका है और सरकार संवेदनशीलता के साथ जनभावनाओं का पूरा सम्मान करती है। श्रमिक कानून को लेकर पूछे गये सवाल पर डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा जब वे राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन थे तब उन्होंने यह पुरजोर कोशिश थी कि जो लोग मेड रखते हैं, उन्हें समय पर मानदेय नहीं देते या उनको रहने की व्यवस्था नहीं होती, छुट्टी नहीं दी जाती है। आठ घंटे से अधिक काम कराया जाता है, लेकिन उस अनुपात में तनख्वाह नहीं दी जाती, उनका शोषण किया जाता है, सबको जोड़कर केंद्र सरकार, राज्य सरकारों एवं झारखंड सरकार से भी अनुरोध किया था लेकिन कानून नहीं बन पाया। रोजगार की खोज में लोग बाहर जरुर जायेंगे, लेकिन उनको शोषण से बचाने के लिए कानून की जरूरत है और कानून के बाद उसके अनुपालन की जरूरत है।

## नक्सलियों के पास से मिला अमेरिका का अत्याधुनिक हथियार

### ❍ टीपीसी संगठन का शीर्ष कमांडर गिरफ्तार, भारी मात्रा में कारतूस बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर भैरव गंझू उर्फ भाष्कर उर्फ विरप्पन को जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत

- झारखंड पुलिस का लूटा हुआ इंसास राइफल बरामद

कासीयातु जंगल से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जिले के पुलिस कप्तान राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कासीयातु जंगल में टीपीसी उग्रवादी संगठन के





रिजनल कमांडर आक्रमण के नेतृत्व में अन्य कमांडर हथियारबंद होकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक अभियान टीम का गठन किया गया। टीम ने कासीयातु जंगल में अभियान चलाकर टीपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर भैरव गंझू उर्फ भाष्कर उर्फ विरप्पन को भारी मात्रा में हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से अमेरिकन रइफल के अलावे एक पुलिस से लूटी हुई इंसास राइफल तथा 702 कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली के ऊपर चतरा, लातेहार, पलामू जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, आगजनी एवं शस्त्र अधिनियम के तहत अनेकों कांड दर्ज हैं। इस संदर्भ में सिमरिया थाना में कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। अभियान में सिमरिया थाना टीम तथा सीआरपीएफ 190 बटालियन की क्यूआरटी टीम को शामिल किया गया था।

## कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा को पंचर करने की गुलाम, आप, भाजपा की तैयारी

### ❍ केजरीवाल सरकार सात सितम्बर से 'मेक इंडिया नंबर वन' अभियान शुरू करने की तैयारी में लगी

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की सात सितम्बर से शुरू हो रही भारत जोड़ो यात्रा को पंचर करने के लिए भाजपा गुलाम नबी आजाद को आगे कर लग गयी है। साथ ही आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी पीछे लग गये हैं। केजरीवाल सरकार भी सात सितम्बर से 'मेक इंडिया नंबर वन' अभियान शुरू करने की तैयारी में लग गयी है। चर्चा है कि आप राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की जगह लेने के लिए हर दाव-पेंच आजमा रही है।

इसके अलावा गुजरात व हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच इस यात्रा से उसे लाभ मिलने की भी उम्मीद है। कहा जाता है कि केजरीवाल इस देशव्यापी अभियान के मार्फत आप पार्टी संगठन का विस्तार और 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। इस बारे में कई नेताओं का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देश के सात राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी केजरीवाल 'मेक इंडिया नंबर वन' के अभियान में इन राज्यों में रैलियां, युवाओं के साथ बैठकें और तिरंगा यात्राएं करेंगे। इसकी शुरुआत हरियाणा में 7-8 अक्टूबर को दो दिवसीय कार्यक्रम से होगी। हरियाणा से शुरुआत इसलिए होगी कि पंजाब व दिल्ली से सटा यह प्रदेश है। यहां किसान ज्यादा हैं, फौज में ज्यादा हैं। कृषि कानून, महंगाई, बेरोजगारी, सेना में चार साल के लिए भर्ती जैसे मुद्दे हरियाणा में ज्यादा क्लिक करेंगे। दिल्ली, पंजाब में आप की सरकार है। हरियाणा में इसका असर पड़ रहा है। जिसका भरपूर फायदा आम आदमी पार्टी लेना चाहती है।

### कन्याकुमारी से होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत

**उधर,** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी से होगी। राहुल गांधी चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के बाद सात सितम्बर को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत करेंगे। पदयात्री कन्याकुमारी से तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, नीलांबर, मैसूर, बेलारी, रायचूर, विकाराबाद, नांदेड़, जलगांव, इंदौर, कोटा, दौसा, अलवर, बुलंदशहर, दिल्ली, अंबाला, जम्मू जायेंगे। यात्रा की समाप्ति श्रीनगर में होगी। इस दौरान गुलाम नबी आजाद भी भाजपा के सहयोग से रैली, संवाददाता सम्मेलन आदि करते हुए राहुल गांधी व कांग्रेस पर हमला करते रहेंगे। जिसको लगभग सभी प्रमुख टीवी चैनल व मीडिया ऊपरी दबाव से लगातार दिखायेंगे, छापेंगे। इस तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान को कवरेज में आने नहीं देने का इंतजाम हो रहा है। उन पर शाब्दिक व अन्य तमाम तरह के हमले गुलाम के मार्फत और सघन हो जायेंगे। तब तक आनंद शर्मा, हुड्डा आदि भी गुलाम की अगुवाई वाली मुहिम में शामिल हो सकते हैं।

## मिलावटी, केमिकल युक्त, गाय-भैंस को सुई लगा निकाले गये दूध से रहें दूर

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा सोनकर ने लोबिया से दूध तैयार किया है। जो सोया मिल्क से बेहतर है और केमिकल वाले या मिलावटी या गाय-भैंस को सुई लगाकर निकाले गये हानिकारक दूध से तो हर हाल में बेहतर है। स्वाद में भी यह मीठा है। प्रो. सीमा का कहना है कि इसमें गाय एवं भैंस के दूध की तरह हल्की सी मिठास है। इसका रंग हल्का सफेद है। इसे घर पर तैयार किया जा सकता है। डॉ. सीमा ने बताया कि इस दूध में आम दूध वाले सभी पोषक तत्व मौजूद होने के साथ लोबिया के गुण भी हैं। इस कारण यह ज्यादा फायदेमंद है। इसकी पाचन क्षमता भी अच्छी है।

उन्होंने बताया कि लोबिया का दूध बनाने के बाद बचनेवाले वेस्ट मैटेरियल से मिठाई तैयार करने पर काम किया जा रहा है। कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के डीन डॉ. पीके उपाध्याय ने

- लोबिया का दूध घर पर बनायें

बताया कि लोबिया का दूध फिलहाल देश में उपलब्ध नहीं है। इस तकनीक को पेटेंट के लिए भेजा जायेगा और उत्पाद को बाजार में लाने की कोशिश होगी।

**कैसे लोबिया से दूध घर में बनायें :** डॉ. सीमा का कहना है कि 200 ग्राम लोबिया लेकर उसे अच्छे से धोकर पानी में रातभर भिगो दें। सुबह लोबिया को पानी से बाहर निकालकर अच्छी तरह धोकर साफ कर लें। फिर अलग से 500 मिलीलीटर पानी लें। इसके बाद मिक्सी में 500 मिलीलीटर पानी डालकर उसमें लोबिया को भी डालकर पीसें। पिसे मिश्रण को बाहर निकालकर मारकीन से कपड़े से छानें। छानने के बाद बची लोबिया में फिर कुछ मिलीलीटर पानी मिला मिक्सी में डाल पीसें। फिर छानें। इस प्रक्रिया को तीन से चार बार करें। मारकीन से छानने के बाद नीचे बर्तन में जो पतला जूस आयेगा, उसका ही उपयोग दूध के रूप में करेंगे। इस तरह से 200 ग्राम शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### सिल्ली के बासारूली दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न

सिल्ली। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बांसारूली 2022 का पुनर्गठ दिनांक 29 /8/ 2022 सोमवार को दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया जिसमे दुर्गा पूजा 2022 को लेकर पूजा समिति एवं ग्रामीणों के बीच बैठक की गई इस बैठक को श्री मधुसूदन महतो की अध्यक्षता में रखी गई जिसमे दुर्गा पूजा सुचारू शांतिपूर्ण ढंग से करने का निर्णय लिया गया एवं श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बांसारूली का पुनर्गठन किया गया इसमें इस प्रकार के पदाधिकारी बनाए गए। संरक्षक–पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, विनोद प्रसाद साहू मधुसूदन महतो, अध्यक्ष–दिनेश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष– गौर चंद्र महतो, सचिव– अरुण कुमार महतो, सह सचिव– शंकर माझी एवं उमेश माझी, कोषाध्यक्ष– प्रमोद कुमार साहू, सह कोषाध्यक्ष– सुमन कुमार साहू, मुख्य व्यवस्थापक– संजय कुमार साहू, व्यवस्थापक–गुरुचरण माझी अंबिका प्रसाद साहू पशुपति महतो रंजीत माझी गुड्डू साहू भगवान साहू रोहित हजाम सुरेश हजाम मनोज माझी एवं सभी ग्रामीण सहयोगी रहेंगे।

### सिल्ली थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब भट्टी को नष्ट किया गया



सिल्ली। सिल्ली थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल बॉर्डर के स्वर्णरेखा नदी के किनारे जंगल में अवैध शराब भट्ठी को नष्ट किया गया। सिल्ली थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि नदी के जंगल किनारे अवैध भट्ठी में महुआ शराब भारी मात्रा में रोजाना चुलाई किया जाता था गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर भट्ठी एवं महुआ जावा भारी मात्रा में बरामद कर उसे नष्ट किया गया एवं विशेष सूत्रों के आधार पर बताया जाता है कि यह अवैध शराब भट्ठी बंगाल के किसी व्यक्ति का है। यह अभियान लगातार क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

### कुटियातू में कार व बाइक की जोरदार टक्कर, गंभीर रूप से एक घायल

नामकुम। खरसीदाग ओपी थाना क्षेत्र में गुरूवार कि संध्या करीब 7 बजे कुटियातू चैक स्थित आर्मी मैदान के समीप कार व बाइक में जोरादार टक्कर मारने से बाइक सवार एक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बाइक के आगे हिस्से डैमेज हो गया। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस में दोनों युवकों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार खरसीदाग की ओर केटीएम बाइक पर दो युवक जेए03एएच 2239 काफी तेजी गति से नामकुम की ओर आ रहे थे। आर्मी मैदान के समीप सड़क के विपरित दिशा से आ रही मारूती कार जेएच01सीडब्लयू 6058 में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार काफी दूरी जा गिरे। इसमें एक युवक गंभीर है व एक घायल है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक सवार चुटिया निवासी राजू बताया गया। वहीं इस संबंध में खरसीदाग ओपी को इस घटना कोई भी जानकारी नहीं होने की बात कही।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आज जायेंगे पांडू

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश 2 सितंबर को एक दिवसीय प्रवास पर पलामू जिला के पांडू का दौरा करेंगे, जहां पिछले दिनों दलित मुसहर समाज के 50परिवार के घरों को नष्ट कर उन्हें बेघर कर दिया गया है। आज ऐसे महादलित परिवार के सैकड़ों सदस्य महिला एवम छोटे बच्चे दर दर भटकने को मजबूर हैं। श्री प्रकाश 11बजे पूर्वाह्न ऐसे दलित पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलकर घटना की जानकारी लेंगे। श्री प्रकाश के साथ प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू एवम बालमुकुंद सहाय भी रहेंगे।

### अवैध सम्बंध के शक में किरायेदार ने मकान मालिक को मारी गोली

# पीसीआर-19 में तैनात सिपाही संतोष कुमार ने अपनी जान पर खेल कर आरोपी को धरदबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम थाना के पीसीआर-19 में तैनात सिपाही संतोष कुमार ने बहादूरी का परिचय दिखया है। संतोष कुमार अपनी रात्रि में डयूटी कर नामकुम से धुर्वा के निकले थे, घर जाने के क्रम में धुर्वा स्थित आदर्श नगर में सुबह करीब 7.20 बजे एक गोली की आवाज सुनी तो वह घटना स्थल पहुंचे। जहां पर एक व्यक्ति ने दूसरे देशी कट्टा से एक व्यक्ति को मार दी। उन्होंने अपनी जान की परहवाह न करते हुए आरोपी को खदेड़ कर दबोचा लिया। और उसके पास से चाकू व देशी कट्टा ले लिया। वहीं घटना के वक्त आस-पास काफी लोगों की भीड़ होने के बावजूद किसे ने भी हिम्मत नहीं दिखाई। आरोपी





को पकड़ने पर संतोष कमार व वहां पर मौजूद लोगों ने धुर्वा पुलिस को सूचना कर पुलिस को हवाले कर दिया और घायल को धुर्वा स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना के सूचना मिलते ही हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार पहुंचे और मामले छानबीन शुरू की। इस बहादुरी के लिए सिपाही संतोष कुमार को नामकुम थाना परिसर में बहादुरी के लिए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने सिपाही को शॉल व माला पहनाकर स्वागत सम्मानित किया। प्रभारी सुनील तिवारी ने पत्रकारों को जानकारी देते बताया कि मकान मालिक बिमल महली को उनके किरायेदार द्वारिका सिंह ने गोली मार घायल कर दिया है, उन्हें गोली उनके छाती के बगल और जांघ में जा लगी है। आरोपी मूल रूप से गड़गांव का है और मकान मालिक भी तिरिल का रहने वाला है। ढाई तीन साल से आदर्श नगर में परिवार के साथ रह रहे हैं। आरोपी से पुलिस की पुछताछ में जानकारी मिली है कि किरायेदार को शक हो गया था कि मकान मालिक से उसकी पत्नी का अवैध सम्बन्ध चल रहा है। इसे लेकर कई दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आज उसकी हत्या की उद्देश्य से गुरुवार की सुबह गोली की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। वही थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने कहा कि सभी को संतोष कुमार सहास का पिरचय दिया है उससे प्रेरित लेने की जरूरत है।

## रातू में बड़े धूम-धाम से मनाया जा रहा पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू चट्टी में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी बड़े धुमधाम से मनाया जा रहा है। गोल्ड स्टार क्लब गणेश पूजा समिति के द्वारा भव्य काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया गया है। जहां पूजा अर्चना के लिए हजारो की संख्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां सुबह शाम आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। पंडाल में पुरोहित मुकेश पाठक द्वारा भगवान गणेश पूजा अर्चना करायी जा रही है। रातू चट्टी में गोल्ड स्टार समिति की ओर से लगातार छह सालो से पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। छोटानागपुर राज्य के युवराज स्व गोपालशरण नाथ शाहदेव को भी याद कर उनकी चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंस राज के अलावा कृष्णा ठाकुर, अमर साहु, पिंटू कुमार, गोपाल ठाकुर, राजू तिग्गा, अंकित गोप, नितेश ठाकुर व अन्य लोगो सराहनीय योगदान निभा रहे है।

## ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स ने लोगों में नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकार द्वार हर साल 25 से 8 सितम्बर तक पंद्रह दिवसीय राष्ट्रीय नेत्रदान दिवस मनाया जाता है। सरकार की इस मुहीम का समर्थन करने के लिए ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगो को अपनी मौत के बाद नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए आज से पूरे देश में अभियान चला रहा है। ऐंटोड ने इस अभियान को #स्त्र'ीींटीटी२ नाम दिया है। इस अभियान का फोकस प्रत्येक भारतीय को अपनी आंखें दान करने और वास्तविक बदलाव लाने को अपना परम कर्तव्य समझाना है। ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स देश भर के प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञों के साथ साझेदारी कर रहा है ताकि लोगों को नेत्रदान की जरूरत के बारे में शिक्षित करके उनके द्वारा खुद से बिना किसी पैसे के नेत्रदान को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल का लक्ष्य देश भर में 20 मिलियन से अधिक लोगों को नेत्रदान से लाभ्वान्वित करना है। इस अभियान में कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने भी इस नेक काम के लिए अपना पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया है। भारत में लगभग 68 लाख लोग कम से कम एक आंख में कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं और इनमें से 10 लाख लोग दोनों आंखों से अंधे हैं। हर साल देश में कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लगभग 75,000 लोग दुबारा अपनी देखने की क्षमता को पाने में सक्षम नहीं हो पाते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि हमारे देश में लोगों द्वारा कॉर्निया कम दान दिया जाता है। आँख की बीमारियों से पीड़ित लगभग एक लाख मरीजों में से केवल 25,000 ही कार्निया ट्रांसप्लांटेशन कराने में सक्षम हो पाते हैं। दान की हुई कार्निया की कमी देश में एक गंभीर चिंता का विषय है। भारत में अंधेपन से पीड़ित 10 मिलियन लोगों में से दो मिलियन से ज्यादा लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से प्रभावित हैं और उनमें से 60% 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। जैसा कि सभी जानते हैं कि केवल एक मृत व्यक्ति का नेत्रदान ही इस समस्या से पार पाने में मदद कर सकता है और अंधे व्यक्ति की नजर को वापस ला सकता है।

### एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अभावग्रस्त शिक्षा व्यवस्था से त्रस्त

## इसका जल्द हो समाधान अन्यथा होगा आंदोलन : दीपक दुब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने एस। एस। मेमोरियल महाविद्यालय में मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर प्रचार्या का किया घेराव, सौंपा 08 सूत्री मांग पत्र। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कॉलेज में मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी महाविद्यालय प्रशासन को दी। आंदोलन के दौरान आजसू के दीपक दुबे ने कहा कि महाविद्यालय में आए दिन छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है परंतु कॉलेज प्रशासन की तरफ से इसपर कभी ध्यान नहीं दिया जाता है। कालेज में कई समस्याएं व्याप्त हैं जीता



निराकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 08 सूत्री मांगों को महाविद्यालय प्रशासन से अवगत कराते हुए क्लास की साथ सभी विभाग का टाइम टेबल प्रकाशित करने, कॉलेज में सारा काम ऑनलाइन निष्पादन करने के लिए सभी विभाग में कंप्यूटर सिस्टम की व्यवस्था करने, न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत शिक्षा देने हेतु छात्र-छात्राओं के लिए किताबें लाइब्रेरी में उपलब्ध कराने, कॉलेज कैंपस में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने, छात्र छात्राओं के लिए शौचालय का मरामत्ती एवं साफ सफाई कराने, लाइट कट के दौरान कॉलेज का जनरेटर चालू करना अनिवार्य करने, गर्ल्स कॉमन रूम में संचालित हो रहे इतिहास विभाग को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने, कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय में चल रहे इकोनॉमिक्स विभाग के लिए कमरा उपलब्ध कराने की मांग प्राचार्या के समक्ष आजसू ने रखी है। दीपक दुबे ने कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्र हित में मांग करती है की उपरोक्त सभी मांगों पर संज्ञान लेकर जल्द से जल्द इन सारी समास्याओं का समाधान किया जाए अन्यथा आजसू छात्र हित चरणबद्ध आंदोलन करेगी। वही महाविद्यालय के प्रचार्या महोदया ने आश्वाशन दिया की जल्द ही इन सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा। मौके पर राहुल तिवारी, नितेश कुमार, ऋषि केशरी, कृष्णा कुमार, छोटू जैसवाल, हिमांशु कुमार, शुभम पांडे, अंशुमान मुंडा, दीपक दुबे, शवात्री कुमारी के अलावा कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### एसबीआई कार्ड ने लॉन्च किया अपनी तरह का पहला कैशबैक एसबीआई कार्ड

## अनूठा कार्ड जो सभी ऑनलाईन खर्चों पर देगा 5 फीसदी कैशबैक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, एसबीआई कार्ड ने आज अपनी तरह के पहले और भारत के सबसे व्यापक कैशबैक क्रेडिट कार्ड कैशबैक एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की है। कैशबैक एसबीआई कार्ड उद्योग जगत का पहला ऐसा कार्ड है, जिसे खासतौर पर कैशबैक को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। इस कार्ड को किसी भी ऑनलाईन खर्च के लिए इस्तेमाल करने पर कार्डधारक 5 फीसदी कैशबैक पा सकेंगे, जिसमें मर्चेन्ट से सम्बन्धित किसी तरह के प्रतिबंध नहीं होंगे। मास से प्रीमियम तक, हर श्रेणी के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया यह कार्ड बेहद सहज, सरल एवं सम्पूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करता है। इस कॉन्टैक्टलैस कार्ड के साथ मार्च 2023 तक स्पेशल ऑफर भी पेश किया गया है जिसके तहत उपभोक्ताओं को पहले साल



मेंबरशिप बिल्कुल मुफ्त मिलेगी। कैशबैक एसबीआई कार्ड के उपभोक्ताओं को अपने सभी खर्चों पर अनलिमिटेड 1 फीसदी कैशबैक मिलेगा और हर मासिक स्टेटमेन्ट साइकल में रु 10,000 कैशबैक राशि तक ये कैशबैक फायदा बढ़कर 5 फीसदी तक हो जाएगा सभी ऑनलाइन खर्चों पर। इस कार्ड की खास बात यह है कि इन फायदों का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को कुछ विशेष मर्चेन्ट्स से ही खरीददारी करना जरूरी नहीं होगा। कैशबैक एसबीआई कार्ड, कैशबैक ऑटो-क्रेडिट के साथ आता है, जिससे स्टेटमेन्ट जनरेशन के दो दिनों के अंदर एसबीआई कार्ड अकाउन्ट में कैशबैक स्वतः ही क्रेडिट हो जाता है। लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए श्री रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, ने कहा, कैशबैक एसबीआई कार्ड हमारे कोर कार्ड पोर्टफोलियो को और अधिक सशक्त बनाएगा। इस नए प्रोडक्ट के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। अपने अध्ययनों के तहत हमने ऑनलाईन शॉपिंग एवं कैशबैक की तरफ कार्डधारकों के रूझानों को समझने का प्रयास किया। इसी के मद्देनजर हम कैशबैक एसबीआई कार्ड लेकर आए हैं, जो हर बार, हर स्थान पर हर खरीद के साथ कैशबैक के फायदे देकर उपभोक्ताओं को सही मायनों में सशक्त बनाता है। इस अनूठे कार्ड का लॉन्च बिल्कुल उचित समय पर किया गया है, जिसके साथ उपभोक्ता आगामी त्योहारों के दौरान खरीददारी का बेजोड़ अनुभव पा सकेंगे।

### तीन करोड़ साधकों को जोड़ने वाले हरीन्द्रानंद बीमार

**रांची।** शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के साहब हरीन्द्रानंद बीमार हो गए हैं। रांची में एचइसी के रसियन हॉस्टल ए टाईप आवास में गुरुवार सुबह तीन बजे सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें धुर्वा पारस अस्पताल ले जाया गया। यहां गहन चिकित्सा इकाई में उन्हें भर्ती कराया गया। उनके पुत्र अर्चित आनंद ने बताया कि डॉक्टरों की टीम जांच कर रही है। हार्ट की समस्या होने पर एंजियोग्राफी हुई है। वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। साहब हरीन्द्रानंद के शिव शिष्य परिवार से झारखंड, बिहार, यूपी, प. बंगाल और नेपाल के तीन करोड़ से अधिक साधक जुड़े हैं। साधकों को शिव चर्चा का मंत्र देने वाले हरीन्द्रानंद ने रांची में वर्ष 1982 में यह क्रम आरंभ किया था। शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति को जोड़ने का उनका अभियान शिव चर्चा के तौर पर गांव, गली-मुहल्ले से लेकर अपार्टमेंट तक चल रहा है।

### ईडी बंगाल पुलिस के अफसरों व सोनू अग्रवाल का भी करेगी बयान दर्ज

## अमित अग्रवाल को पांच को ईडी के समक्ष होना है हाजिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के मामले में पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर के कारोबारी सोनू अग्रवाल के साथ साथ बंगाल पुलिस के उन अधिकारियों से पूछताछ करेगी जो अधिवक्ता की ट्रैपिंग में शामिल थे। वहीं इस मामले में शिकायतकर्ता कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को पांच सितंबर को एजेंसी के समक्ष हाजिर होना है। अमित अग्रवाल से ईडी ने पूर्व में भी पूछताछ की थी, लेकिन उन्हें दुबारा कई कागजातों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता राजीव कुमार की 50 लाख रुपये के साथ कोलकाता में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने इस मामले में अलग से रांची जोनल आफिस में मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया था। इस मामले में रिमांड पर लेकर राजीव कुमार से पूछताछ हुई तो सोनू अग्रवाल का नाम सामने आया। राजीव कुमार ने बताया है कि सोनू ने ही अमित अग्रवाल से उनका परिचय कराया था, साथ ही दो बार कोलकाता जाने के लिए टिकट व होटल की बुकिंग भी सोनू अग्रवाल ने करायी थी।

# तिरंगा लगाते वक्त तीन बच्चों को खोने वाले परिजनों को 15 लाख रुपये की मिली सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके स्थित बोड़ेया अरसंडे में 14 अगस्त की रात हाईटेंशन तार की चपेट में जान गंवाने वाले 3 नौजवान मासूम बच्चों के परिजन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू की उपस्थिति में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश मंडल एवं अन्य अधिकारियों ने आज 15 लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक भेंट किया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि कांके प्रमुख सोमनाथ मुण्डा, पंचायत समिति सदस्य लालचन्द्र प्रसाद सोनी,वार्ड सदस्य नेसार अहमद, विद्यापति स्मारक समिति के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लेखानन्द झा,संयुक्त सचिव जयंत झा, पंकज राय, स्थानीय समाजसेवी कृष्ण मोहन तिवारी, मुखिया त्रलीलू



पाहन,मुस्ताक आलम, चंद्रदीप, अफजल अंसारी और मृतक परिजनों के पिता विजय झा, भगिनी आस्था झा एवं दामाद अभिषेक झा भी मौजूद रहे। परिजनों ने विशेषकर पिता विजय झा ने राज्य सरकार से मांग किया कि तिरंगे झंडे के नीचे बच्चों की शहादत हुई है इसलिए बच्चों को शहीद का दर्जा दिया जाए। साथ ही एक बच्चे को सरकारी नौकरी एवं कम से कम 50 लाख रुपये की मुआवजा दी जाए। कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी मांगों को उचित जगह रखा जाएगा, उन्होंने कहा परिजनों का आक्रोश जायज है और बिजली विभाग की लापरवाही से हर दिन कोई ना कोई दुर्घटना और मौत होती है जिसपर अंकुश लगाना आवश्यक है। कार्यपालक अभियंता राजेश मंडल ने परिजनों को ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

### बहकावे में ना आये, जनभावनाओं का पूरा सम्मान कर हर समस्या का समाधान करेंगे : उरांव

**रांची।** झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डा.रामेश्वर उरांव ने दुमका में अंकिता को जलाकर मारने, पलामू जिले में महादलित परिवार को दबंगों द्वारा बेघर करने, चतरा में युवती पर एसिड से हमला और रांची में बीजेपी नेत्री सीमा पात्रा द्वारा अपनी नौकरानी को प्रताड़ित किये जाने समेत अन्य घटनाओं पर चिंता जतायी है। डा. रामेश्वर उरांव ने कहा घटना काफी दुखद, चिन्ता जनक एवं मर्माहत करने वाली है,लेकिन वर्तमान सरकार और प्रशासन दोनों ही स्थितियों को सुलझाती है। उन्होंने राज्य की जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर भरोसा रखें, अगर कोई बहकाये तो उसके बहकावे में नहीं आयें, जनतंत्र में सुलझाने का तरीका है और सरकार संवेदनशीलता के साथ जनभावनाओं का पूरा सम्मान करती है।

## मुरी रेलवे रनिंग रूम के ठेकेदार मजदूरों ने वेतन को लेकर दो घंटा हड़ताल पर बैठे



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** मुरी रेलवे रनिंग रूम के ठेकेदार मजदूरों ने सुबह 6:00 बजे रनिंग रूम के सामने मजदूरी भुगतान को लेकर हड़ताल पर बैठ गये। मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार गणेश प्रसाद सिंह के अंदर लगभग 15 मजदूर सालों से काम कर रहे हैं। हमें छ माह से वेतन ठेकेदार के द्वारा नहीं दिया गया है। ठेकेदार का लोकल मुंशी आंचल के द्वारा हमें वेतन का भुगतान किया जाता है और हमें कम वेतन में काम करवाया जाता है। काम करवाते समय हमारे ऊपर दबाव बनाया जाता है। मजदूरों ने कहा कि हम जब वेतन मांगते हैं तो हमें काम से निकाल देने का धमकी दिया जाता है। वहीं महिला मजदूर ने बताया कि मुंशी शराब पीकर नशे में फोन से हमें धमकाते रहता है वेतन भी हमलोगो लोगों को कम मिलता है। कभी-कभी वेतन का भुगतान कम करता भी है तो पूरा महीना का नहीं देता है वही हड़ताल इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक डीके मिश्रा और लोको विभाग के आरडी चौहान मौके पर पहुंचे एवं मजदूरों से वातार्लाप किया। तत्काल दोनों अधिकारी अपने फोन से मुंशी आंचल से मजदूरों का वेतन को लेकर बातचीत किया। बातचीत के क्रम में मुंशी ने कहा कि जल्द से जल्द मजदूरों का वेतन का भुगतान हम कर देंगे। इस संबंध में आरपीएफ के डीके मिश्रा से पूछने पर उन्होंने बताया कि 15 मजदूरों में से कुछ मजदूरों का भुगतान कर दिया गया है और कुछ का जल्द से जल्द किया जाएगा।

**Directorate of Horticulture, Jharkhand, Ranchi**
3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi – 834008

**E-Procurement Notice**
**E-Tender Reference No.- Horti/04/2022-23, Dated: 30.08.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Empanelment (RFE) for supply & erection/installation of protected cultivation structures from the interested & reputed manufacturers/fabricators under different programme and schemes of Directorate of Horticulture, Jharkhand for period of one year (2022-23). |
| 2 | RFED ocument Cost | Rs.10,000.00 |
| 3 | EMD Amount | Rs.5,00,000.00 |
| 4 | Date of Publication of RFE on website | 02.09.2022 at 06:00 PM |
| 5 | Pre-Bid Meeting | 05.09.2022 at 03:30 PM virtually |
| 6 | Document Download Period | 06.09.2022 at 02:00 PM to 19.09.2022 at 03:00 PM |
| 7 | Online Bid Submission Period | 06.09.2022 at 04:00 PM to 19.09.2022 at 03:00 PM |
| 8 | Hard copy of RFE Documents, EMD and RFE cost submission last date | Up to 19.09.2022 at 03:00 PM, the hard copy of RFE documents, RFE cost and EMD should be submitted to the office of Director, Horticulture, 3rdFloor,Krishi Bhawan,Kanke Road, Ranchi 834008. Please refer clause 3.1.H (iv) of RFE document for further details. |
| 9 | Dateand Place of Technical Bid Opening | 20.09.2022 at 03:00 PM, Directorate of Horticulture, 3rdFloor, Krishi Bhawan,Kanke Road,Ranchi- 834008 |
| 10 | Name and Address of the tender inviting Authority | Smt.Nesha Oraon I.R.S. Director Horti culture,Jharkhand, Ranchi |
| 11 | ContactNo.of e-procurement officer | 9431361632 |
| 12 | Helpline No.of e-procurement cell | 0651-2230691 |

Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders. gov.in
Sd/-
PR.NO.276875 Agriculture(22-23):D Deputy Director Horticulture, Ranchi

# न्यूज गैलरी

## भोजपुरी गायिका देवी का रांची एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

रांची। भोजपुरी की मशहूर गायिका देवी गुरुवार को रांची पहुंची। भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस दौरान देवी ने कहा कि वे एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आई हैं और इससे पहले भी कई बार रांची आ चुकी हूं। यह शहर मेरा घर जैसा है। यहां का मौसम और लोगों का प्यार ही मुझे बार-बार यहां आने पर मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा की झारखंड कलाकारों का गढ़ है। झारखंड में फिल्म निर्माण कि असीम संभावनाएं हैं। काफी पर्यटन स्थल भी हैं। यहां फिल्म सिटी अगर बने तो यहां के मेहनती कलाकारों के साथ-साथ कला प्रेमियो के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस ओर जल्द से जल्द एक अच्छी पहल करनी चाहिए। तभी यहां के कलाकारों के साथ-साथ आम लोगों को रोजगार मिलेगा।

## दो दिवसीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप खेल गांव में खेला जायेगा

रांची। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान 3-4 सितंबर से दो दिवसीय पांचवां राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम खेल गांव में खेला जाएगा। झारखंड राज्य को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल ने बताया है। कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड के सभी जिलों के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के प्रतिभागी भाग लेंगे, अब तक 5 महिलाओं सहित 50 से भी अधिक खिलाड़ियों का आवेदन आ चुका हैं तथा 2 सितंबर तक अतुल चंदन मो. नंबर- 870 9777757 तथा कमल अग्रवाल मो. नं.9308478465 से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं एवं सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन उनके आगमन पर स्टेडियम में ही किया जाएगा और एक रजिस्ट्रेशन फॉर्म स्टेडियम में मिलेगा। खिलाड़ियों को सुबह 10:00 बजे तक स्टेडियम पहुंच जाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का ठहरने एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया है कि राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप को सफल बनाने हेतु तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। जिसमें खेल निर्देशक सुगंध नारायण, कमल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, अतुल चंदन, निर्मल कृष्ण डे, संदीप रंजन, मोहम्मद वसीम, अविनाश तिवारी, रथीन भद्रा, दुर्गादत्त, संजुक्ता एक्का, प्रतिभा तिर्की, संजना कुमारी का भरपूर योगदान मिल रहा है।

## दुर्गा पूजा समितियों की बैठक 4 को

रांची। श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति से संबंधित सभी पूजा समितियों की बैठक चार सितम्बर को बिहार क्लब में होगी। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने गुरुवार को बताया कि कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब के प्रेक्षागृह में आम सभा में महानगर समिति से संबंधित सभी पूजा समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

## वार्डों में आज से लगेगा कैंप, 24 घंटे में व्यापारियों को मिलेगा ट्रेड लाइसेंस

रांची। राजधानी में बिना ट्रेड लाइसेंस व्यापार करने वाले व्यापारियों के खिलाफ रांची नगर निगम अब सख्त कार्रवाई करेगा। लेकिन, इससे पहले निगम व्यवसायियों को ट्रेड लाइसेंस बनाने का अवसर भी दे रहा है। आज से निगम वार्डों में विशेष शिविर लगाएगा। जिसमें आवेदन के 24 घंटे के भीतर व्यवसायियों को ट्रेड लाइसेंस सर्टिफिकेट भी देगा। निगम के मुताबिक हर वार्ड में दो दिन कैंप लगाया जाएगा। वहीं, सभी वार्डों में शिविर लगाने के बाद निगम इन इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाएगा। प्रतिष्ठानों में जाकर निगम की इंफोर्समेंट टीम ट्रेड लाइसेंस की मांग करेगी, जिसमें पकड़े जाने पर व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुमार्ना भी वसूलेगा। गौरतलब है कि राजधानी में 60 हजार से अधिक व्यापारी हैं। लेकिन निगम के आंकड़ों के मुताबिक इनमें से सिर्फ साढ़े छह हजार व्यवसायियों ने ही ट्रेड लाइसेंस लिया है, जबकि अधिकतर बिना लाइसेंस ही व्यापार कर रहे हैं। जिससे निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। निगम के सिटी मैनेजर ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस के लिए व्यवसायियों को बिजली बिल, आधार कार्ड, रेंट एग्रीमेंट की कॉपी लानी होगी। वहीं, ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल के लिए व्यवसायियों को होल्डिंग टैक्स रिसीप्ट लेकर पहुंचना होगा। निगम की ओर से एक सितंबर को वार्ड एक व दो, दो को तीन व चार, तीन सितंबर को पांच व छह और इसी प्रकार चार को वार्ड सात व आठ में शिविर लगाया जाएगा।

### पोषण अभियान अंतर्गत जिला में पोषण माह का शुभारंभ, उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ किया रवाना

# उचित पोषण के संबंध में वाहन के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक




**पोषण जागरूकता को लेकर दिलाई शपथ, हस्ताक्षर अभियान की भी हुई शुरूआत, 1-30 सितंबर 2022 तक पोषण माह का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में पोषण अभियान अंतर्गत पोषण माह का गुरुवार से शुभारंभ हो गया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय परिसर से पोषण जागरुकता रथ को रवाना कर इसकी शुरूआत की। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, कई सीडीपीओ एवं सहिया उपस्थित थे। पोषण माह की शुभारंभ के साथ उपायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की। साथ ही पोषण जागरुकता को लेकर शपथ भी दिलायी। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि पोषण माह का शुभारंभ पूरे देश में एक साथ कराया जा रहा है। पोषण जागरुकता रथ के माध्यम से गांव-गांव में लोगों को उचिव पोषण के संबंध में जागरुक किया जायेगा। जहां भी गर्भवती, धात्री महिलाएं एवं नवजात शिशु हैं, सभी को उचित मात्रा में पोषण मिले यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जिला में स्वास्थ्य सुधार को लेकर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र, कई स्वास्थ्य कर्मचारी काम कर रहे हैं, कोने-कोने तक सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल सके , इसे लेकर नए और नवीन तरीके से यह प्रयास किया जा रहा है कि हर घर तक जितने भी स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां है उसे सही तरीके से पहुंचाई जाये। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक तरीकों से ही बच्चों का लालन-पालन किया जाता है। विज्ञान की तरक्की के साथ नये-नये तरीकों से आज बच्चों के लालन-पालन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, नई-नई दवाइयां आ रही हैं, उचित पोषक तत्व वाले आहार लाए जा रहे हैं। समय-समय पर इस प्रकार की उचित पोषक तत्व वाले आहार एवं दवाइयां महिलाओं एवं बच्चों को उपलब्ध हो पाये इसे लेकर यह जन जागरण का कार्य कराया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जन जागरूकता अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि संतुलित आहार की जानकारी के साथ -साथ पोषाहार समय पर महिलाओं एवं शिशु को उपलब्ध हो। समाज को कुपोषण मुक्त बनाने में समुदाय की भागीदारी को लेकर उपायुक्त ने पोषण जागरुकता को लेकर शपथ भी दिलायी। सभी जनमानस, सरकारी कर्मचारी एवं संस्थाओं को एकजुट होकर कुपोषण मुक्त स्वस्थ और मजबूत झारखंड के निर्माण को लेकर शपथ दिलायी गयी।

## धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव, नृत्य गान में परी प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विगत बुधवार को छात्र क्लब बाल गोपाल मंच के तत्वावधान में मंच के संरक्षक नीतू देवी की अध्यक्षता में साहू गली पिस्कामोड़ में धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया गया। महोत्सव का शुभारंभ रांची महानगर ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष सुमित कुमार ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता शिव किशोर शर्मा, संरक्षक देवंती देवी, अमित कुमार, संतोष कुमार, सुबोध कुमार साहू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यज्योत ने किया। विद्वान पुजारियों द्वारा गणेश पूजन की गई। पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। क्लब के स्वयंसेवक गुनगुन के निर्देशन में नन्हे मुन्ने, बाल गोपाल बच्चों ने रंगारंग नृत्य गान एवं भक्तिमय संगीत प्रस्तुत किया, जिसमें परी प्रथम आई। मौके पर गणेश उत्सव आयोजन कमिटी के देवंती देवी सहित कमिटी के अन्य पदाधिकारियों को मेयर आशा लकड़ा, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समाजसेवी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, आदित्य विक्रम जयसवाल, आदि गणमान्य लोगों ने गणेश उत्सव की टेलिफोनिक बधाई एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से सुबोध कुमार साहू, अस्मित कुमार सहित अन्य बच्चों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राज्यपाल को झारखंड के मुख्यमंत्री के सम्बंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये : संजय यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को झारखण्ड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव द्वारा प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में कहा कि झारखंड के राज्यपाल को झारखंड के मुख्यमंत्री के सम्बंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। झारखंड की जनता यह जानना चाहती है कि निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये पत्र में क्या है। पब्लिक डोमेन में इसे सार्वजनिक करना चाहिये। आज जो झारखंड में असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है ऐसा नहीं होना चाहिये, यह राज्य हित के लिये अच्छा नहीं है। संजय सिंह यादव ने कहा कि झारखंड सरकार अपनी कार्यकाल पुरा करेगी और यूपीए गठबंधन तटस्त है, एकजुट है। सरकार संख्या बल पर बनती और विगड़ती है जो संख्या बल झारखंड सरकार के पास है, इसलिये सरकार अपनी कार्यकाल पूरी करेगी। इन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जबाब में कहा कि भाजपा नेत्रि सीमा पात्रा द्वारा जिस तरह से अपने घर में काम करने वाली महिला के साथ जिस तरह का दुर्व्यवहार करते हुए उक्त महिला को सताने एवं प्रताड़ित करने वाली कुकृत्य किया जा रहा था, इस घटना की राष्ट्रीय जनता दल घोर निन्दा करती है तथा झारखंड सरकार से मांग करती है कि सरकार त्वरित कारवाई करते हुए कठोर से कठोर कारवाई करे ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृती न हो सके। प्रेसवार्ता में युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अनीता यादव, मदन यादव, कमलेश यादव, अंजल किशोर सिंह, साहिल साहनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कल 38वीं करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन चुटिया में

## सामाजिक व सांस्कृतिक सरोकारो की रक्षा सिर्फ अखाडों में ही संभव : मुकुंद नायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाषा- संस्कृति का केंद्र अखाड़ा के संरक्षण झारखंडी एकता अखंडता एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए कुंजबन के तत्वावधान में 3 सितंबर को 38 वीं करम पूर्व संध्या कार्यक्रम 2022 का आयोजन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक नागरी चुटिया में किया जाएगा। कार्यक्रम अपराहन 3:00 बजे से देर शाम 8:00 बजे तक करम संस्कृति मर्म पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाले जाएंगे एवं गीत संगीत कार्यक्रम भव्यता के साथ में प्रस्तुति और अखाड़ा बचाव का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए समग्र रूप से पदमश्री मुकुंद नायक द्वारा संयोजन, मनपुरन नायक, धनजू नायक संयोजक, छात्रधारी महतो, गुना तिर्की स्वागत अध्यक्ष, स्वागत सचिव रूपेश केसरी, केसी, सूरज मुंडा व कोषाध्यक्ष कालेश्वर साहू एवं कौशल केशरी को चुना गया है। इस संदर्भ में कुंजबान परिवार की ओर से पदम श्री मुकुंद नायक ने कहा कि झारखंडी सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा परम दायित्व है। हमारे समाजिक व सांस्कृतिक सरोकारो की रक्षा सिर्फ अखाडों में ही संभव रहा है। करम के पर्व में अखाडों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से एकता और अखंडता के रूप में परिलक्षित होता है।

### चार दिवसीय श्री श्याम मण्डल रांची का 55 वें श्री श्याम महोत्सव का हुआ आयोजन

# श्री श्याम प्रभु की दिव्य आरती के पश्चात पूरा मंदिर परिसर भक्तों की जयकारों से गूंज उठा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची का चार दिवसीय वार्षिक 55 वें श्री श्याम महोत्सव गुरुवार को अत्यंत भक्ति एवं सेवा भाव की उद्दात भावना के साथ प्रारम्भ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः 7:00 बजे से ही अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में मंडल के सदस्यों का जमघट लगने लगा। 8:00 बजे हर्ष ध्वनि के बीच श्री श्याम प्रभु की दिव्य आरती के पश्चात पूरा मंदिर परिसर श्याम प्रभु के जयकारों से गूंज उठा। श्री श्याम प्रभु के गगनभेदी जयकारों के बीच मंडल के सदस्य अलग-अलग टोलियां बनाकर नर नारायण सेवा के लिए निकल पड़े । इस अवसर पर श्री श्याम मंडल द्वारा स्थापित श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया गया, लगभग 50 सदस्यों का दल ने भक्ति भाव होकर सुकुरहुट्टू स्थित गौशाला में प्रार्थना किया। गौशाला में लगभग 1500 गौ माता एवं गौवंश की अत्यंत श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं गौवंश को हरी सब्जी रोटी गुड़ चना इत्यादि सामग्री श्रद्धा सहित खिलाई गई। तत्पश्चात पूरे गौवंश माताओं के भाव से लग रहा था कि गौ माताएं सेवा से संतुष्ट होकर आशीर्वाद प्रदान कर रही है। श्री श्याम प्रभु के जयकारों से पूरा गौशाला परिसर गुंजायमान हो गया इस अवसर पर कांके डैम के निकट स्थित श्री श्री विद्या मंदिर लेखनी श्री श्याम मंडल व श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों को श्री श्याम प्रभु की महिमा बताते हुए श्री श्याम महोत्सव की जानकारी दी। तत्पश्चात सभी बच्चों को पठन-पाठन की सामग्री पुस्तके - कॉपी - पेंसिल - रबर - ड्राइंग बुक ब्लैक बोर्ड व टॉफी प्यार एवम स्नेह सहित भेंट की। सभी बच्चों ने प्रफुल्लित होकर श्याम देव का जय जयकार कर स्कूल परिसर को श्यामाम्य बना दिया। आज के इस कार्यक्रम में मण्डल के संरक्षक श्री सुरेश चन्द्र पोद्दार, अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश बागला, उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंघानिया का योगदान रहा।

### श्री श्याम मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की लगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर का गुरुवार को संध्या पट खुलते ही भक्तजनों दिव्य श्रृंगार का दर्शन कर झूम कर इस भजन का गायन कर रहे थे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी से अब तक लगभग 1314 दिनों तक खाटू नरेश का श्यामल रूप में रांची व खाटू में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। आज रांची व खाटू नरेश के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का केसर चंदन का तिलक श्रृंगार हुआ । श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरीया ने बताया कि वर्ष भर मैं सिर्फ एक बार इतने दिनों तक खाटू नरेश श्याम रूप में रहते हैं। खाटू नरेश को ओसीसी निवासी श्री अरुण शर्मा द्वारा नवीन बागा (वस्त्र) की सेवा समर्पित की गई। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा प्रसिद्ध आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य श्री रिंकू तिवारी व अन्य ने श्री श्याम दरबार को फूलों से सजाया । सुगंधित गुलाब इत्र से बाबा का मसाज किया गया। इस अवसर पर पंचमेवा प्रसाद काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर, का भोग लगाया गय एवं प्रसाद भक्तों के बीच वितरित की गई। ज्ञातव्य है कि खाटू नरेश के परंपरा अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर विधिवत रूप से चलाया जाता है। इस अवसर पर सर्वश्री सुरेश सरावगी, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई । झारखंड और आसपास के क्षेत्र में मात्र हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर ही ऐसा मंदिर है जो खाटू के परंपरा अनुसार विधिवत रूप से चलाया जाता है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी

## कांग्रेस ने बीजेपी विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग की, निर्वाचन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले को लेकर गुरुवार दिल्ली भारत निर्वाचन आयोग में पहुंचकर कांके विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित विधायक समरी लाल की सदस्यता रद्द करने के लिए निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा द्वारा आयोग को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि कांके विधायक सामरी लाल मुख्य रूप से राजस्थान के निवासी हैं , जो झारखंड में आरक्षण का अनुचित लाभ लेकर विधायक बने हुए हैं । ज्ञापन में उन्होंने राज्य सरकार के जाति छानबीन समिति द्वारा सामरी लाल की जाति प्रमाण पत्र को अवैध घोषित करने संबंधी पत्र भी सलंग्न किया है। मुख्य निर्वाचन आयोग से सुरेश बैठा ने आग्रह किया है कि इसपर जल्द से जल्द कार्रवाई हो। बताया गया है इस मामले में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो द्वारा भी राज्यपाल को इससे संबंधित पत्र भेज दिया है । जिसके बाद राज्यपाल रमेश बैस द्वारा मुख्य निर्वाचन आयोग से मंतव्य मांगा गया है। सुरेश बैठा द्वारा सामरी लाल की विधानसभा सदस्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में भी याचिका दायी की गयी है, जिस पर सुनवाई चल रही है।

### भव्य समारोह के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का हुआ समापन

# प्रदर्शनी में पांचों दिन स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में मिलती रही जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची/गुमला के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर आयोजित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के पांचवे व अंतिम दिन भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कोलकाता स्थित पूर्वी जोन के महानिदेशक श्री भूपेंद्र कैंथोला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह की भव्य शुरूआत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अनुज कुमार सिन्हा, कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार मुकुंद नायक, अपर महानिदेशक पीआईबी सीबीसी रांची श्री अखिल कुमार मिश्रा एवं रांची नगर निगम के उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय ने इस समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री भूपेंद्र कैंथोला ने कहा कि जब हमें आजादी मिली, उस समय के शायद ही कोई लोग बचे होंगे। लेकिन इस तरह की प्रदर्शनी उनके और आज की युवा पीढ़ी के बीच में एक सेतु बनाने का काम करती है। मैने यहां के अलावा भी देश के अन्य प्रमुख जगहों पर इस तरह के प्रदर्शनियों में भाग लिया है। हमारी प्रदर्शनी को युवा वर्ग उत्सुकता से देखती है, और इतिहास से रूबरू होती है। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत अगर हम एक राज्य के स्वतन्त्रता सेनानियों को दूसरे राज्य में देख सकते है तो हमें हर जगह के वीर लोगों के बारे में पता चलेगा। मैं चाहूंगा कि इस तरह की प्रदर्शनी इस राज्य के विभिन्न हिस्सों में हों ताकि वहां के लोगों को भी इसके बारे में बेहतरीन जानकारी हासिल हो सके। यह अमृत काल है और अगले 25 साल में एक नए शिखर पर ले जाने के लिए अपनी आहुति अपना योगदान देना होगा। आज सभी देश स्वीकार करते है कि आने वाले दिनों में भारत की एक महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार द्वारा आज के इंटरनेट युग के युवाओं को इतिहास से जोड़ने के प्रयास में दूरदर्शन पर शुरू किए गए स्वराज सीरियल और आजादी गेम्स क्वेस्ट - हीरोज ड्डा इंडिपेंडेंस, के बारे में मौजूद दर्शकों को विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व पीआईबी सीबीसी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रर्दशनी को सफल बनाने में विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों, विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षकों, और छात्रों की भी सराहना की। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अनुज कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रर्दशनी के जरिए आज के जेनरेशन को पता चलेगा कि किस स्वतन्त्रता सेनानी का क्या योगदान रहा। इस प्रर्दशनी में हमारे विभिन्न विभागों और कॉलेजों के बच्चे ने हिस्सा लिया और बहुत कुछ सीखा।

## जेएमएम ने बीजेपी नेताओं पर देवघर एयरपोर्ट पर उत्पात मचाने का लगाया आरोप

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बीजेपी नेताओं पर बुधवार देर शाम में देवघर एयरपोर्ट पर उत्पात मचाने का आरोप लगाया है। जेएमएम के आधिकारिक ट्विटर में कहा गया है कि -ह्यह्य सुना है कल भाजपा के 3 नेताओं ने बाबानगरी स्थित देवघर एयरपोर्ट में उत्पात मचाया था? एटीसी को धमका कर गैर कानूनी तरीके से सूर्यास्त के बाद अपने हवाई जहाज के लिए क्लीयरेंस मांगा था? भाजपा के इन उद्दंड व्यक्तियों ने यह क्या मजाक बना रखा है? केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, क्या यह तीनों अहंकारी कानून से ऊपर हैं? क्या देवघर एयरपोर्ट उत्पत मचाने के लिए निशिकांत दूबे को सौंप दिया गया है। डीजीसीए से अपील है कि देवघर एयरपोर्ट में भाजपा नेताओं द्वारा मचाये गये उत्पात और गैर कानूनी तरीके से किये गये क्लीयरेंस की जांच कर कार्रवाई करें।

### महाराजा अग्रसेन भवन के परिसर में हुआ नवनिर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन

# अग्रवाल सभा मानव सेवा में हमेशा आगे रहा है : राजेन्द्र केडिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा, रांची द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में स्वागत कक्ष का निर्माण करवाया गया है। इस नवनिर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र केडिया के कर कमलों द्वारा किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रतन कुमार मोर ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। राजेंद्र केडिया ने अग्रवाल सभा के किए जा रहे कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए अपने उदगार में कहा कि अग्रवाल सभा मानव सेवा में हमेशा आगे रही है। सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है एवं निरंतर अग्रसेन भवन को आधुनिकतम सभी सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। वैवाहिक कार्य एवं अन्य समारोह के लिए भवन का आरक्षण कराने वालों की सुविधा के लिए स्वागत कक्ष का निर्माण करवाया गया है तथा अग्रवाल सभा के सभी सदस्य परस्पर भावना के साथ समाज की सेवा कर रहे हैं। अग्रवाल सभा के मंत्री मंजीत जाजोदिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। उद्घाटन समारोह में सभा के अध्यक्ष रतन मोर, मंत्री मंजीत जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित पोद्दार, विनोद जैन, निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार, वरीय उपाध्यक्ष नंद किशोर पाटोदिया, उप मंत्री अजय डीडवानिया, अशोक अग्रवाल, किशन अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### प्रतिमा स्थापित कर बीरू में धूमधाम से मनायी जा रही है गणेश चतुर्थी



**सिमडेगा।** बीरू में मां भुबनेश्वरी शह बगलामुखी मंदिर प्रांगण में बीरू के युवाओ के द्वारा भव्य पूजा पंडाल बनाकर गौरीनंदन गणेश तथा माता रिद्धि सिद्धि की प्रतिमा स्थापित कर पुजारी नकुल दस द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई साथ ही हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया था विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति गणेश की पूजा से पुरे बीरू गांव का वातावरण भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। भक्तगण लगातार पूजा पंडाल में आकर दर्शन, पूजन कर रहे हैं। इस पूजा को सफल बनाने में बीरू गांव के गणेश पूजा समिति के धनंजय केशरी, नयन केशरी, रितिक सिंह, सत्यम केशरी, जगेश्वर नायक, डमरूधर सिंह, पिकूल सिंह,सोनू राजपूत सिंह, मंटू मिश्रा, दीपक होता, रितेश दास , उत्तम कुमार राहुल पाइक, ताराचंद दास , सूरज दुबे, धनंजय दास , कृष्णा सिंह, रूपम मिश्रा, अनमोल नायक, आदि पूजा समिति सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अंकिता सिंह की हत्या को लेकर जय श्री राम समिति ने पुतला दहन किया

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा शहर से लेकर प्रखंडों तक अंकिता सिंह की हत्या को लेकर उबाल है। हत्या के विरोध में पावरगंज चौक में सरकार का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि झारखंड में एक के बाद एक घटना झारखंड वासियों को झकझोर रखा है। इन घटनाओं के कारण कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रही है आखिर झारखंड सरकार इन अपराधियों पर लगाम कैसे और कब लगाएगी पुतला दहन के दौरान अंकिता सिंह के हत्यारों को अभिलंब फांसी की मांग के नारे लगे। इन घटनाओं के कारण झारखंड वासी का गुस्सा सड़कों पर फूट रहा। आखिर कब तक निर्दोष बेटी बहुओं की हत्या होती रहेगी क्या फिर से जंगलराज आ गया अगर सरकार इन अपराधियों को अभिलंब फांसी की सजा नहीं देती है तो जय श्रीराम समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी जो प्रशासन एवं सरकार को भी संभालना मुश्किल होगा इसकी जवाबदेही सरकार की होगी। पुतला दहन के पश्चात अंकिता सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर किनेश महतो, जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अनूप गुप्ता, कन्हैया करवा, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह, रमेश राय, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विकी कसेरा, अनुज कुमार, महामंत्री अजय साहू, मोनू कुमार, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, रिशु कुमार, समेला भगत, बिंदिया देवी, पूजा कुमारी, बेली वर्मा, सुरेश रजक, गौरी देवी, पूर्णिमा वर्मा, रमेश राम, रूपराज साहू, दिग्गज सिंह, विनोद कुमार समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

### बसिया के प्रखंड कार्यालय सभागार में पोषण माह अभियान का शुभारंभ



**बसिया।** बसिया के प्रखंड कार्यालय सभागार में आज पोषण माह अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बसिया प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से शत प्रतिशत आबादी को स्वस्थ पोषण के लिए आच्छादित करने का संकल्प लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्घाटन बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने किया। उद्घाटन के उपरांत उन्होंने आम लोगों से ₹सही पोषण, देश रोशन₹ का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक परिवेश में माता के पोषण को लेकर कोताही बरतने की बातें सामान्य तौर पर देखने को मिलती है। यह एक सामाजिक बुराई है क्योंकि कुपोषित माता अंततः बच्चों के कुपोषण का कारण बनती चली जाती है और कालांतर में हम एक बीमार समाज का निर्माण कर जाते हैं। इससे बचने की सलाह देते हुए उन्होंने विशेषकर गर्भवती व दुध पिलाने वाली माताओं को इस मामले में विशेष ध्यान देने का आह्वान भी किया। बताते हुए उनदेखने की नसीहत दते हुए समाज के सभी वर्गों से सही पोषण को लेकर संजीदगी बरतने का आह्वान किया। आज आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता और अंचलाधिकारी रविन्द्र पांडे ने इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु चलाए जा रहे सरकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देने का काम किया जबकि विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सहिया व सेविकाओं के द्वारा पोषण स्टॉल, पोषण रंगोली, हरी सब्जी की रंगोली आदि का जीवन्त प्रदर्शन किया। इसी तरह इस अवसर पर सांकेतिक तौर पर छः महिलाओं की गोद भराई और छः बच्चों के मुंह जूठी की रस्म अदायगी की गई। इसी तरह कार्यक्रम के अंत में एक दिव्यांग को ट्राय सायकल देते हुए पोषण रथ को सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया।

### वज्रपात से 3 लोगों की मौत, दो झुलसे

**देवघर।** देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के मथुरापुर स्टेशन के पास आसमानी बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई है । वहीं, दो अन्य लोग झुलस गए हैं। हादसे के बाद सभी को देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, जसीडीह थाना क्षेत्र के मथुरापुर स्टेशन के पास किसान हाट में दुकान लगाने पहुंचे थे इसी दौरान बारिश होने लगी और बारिश से बचने के लिए सभी एक पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई. जबकि दो अन्य झुलस गए। हादसे के बाद घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। मृतकों में अहमद शेख, कारू मियां और लक्ष्मण मंडल शामिल हैं.झारखंड में वज्रपात से हर साल कई लोगों की मौत हो जाती है। इसे देखते हुए राज्य के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों, जिला अस्पतालों के उपाधीक्षक के लिए दिशा निर्देश भी जारी किया है। इस दिशा निर्देश में लिखा है कि विभिन्न जिलों से वज्रपात की घटना की वजह से मृत्यु की सूचना प्राप्त हो रही है। राज्य में जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव देखा गया है।

---

### आज होगा 1001 माताओं-बहनों द्वारा गणपति बप्पा का भव्य महाआरती

# गणेश महोत्सव से भक्तिमय हुआ बेड़ो, झूमे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति के तत्वाधान में आयोजित भव्य पांच दिवसीय के दुसरे दिन गणेश पूजा महोत्सव में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वही सुबह शाम आरती में आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। यहां गुरुवार की शाम आरती के समय गजानन की छटा देखते ही बन रही थी। सैकड़ों की संख्या मे रात्रि में श्रद्धालुओं ने गणेश आरती मे भाग लिया। इस दौरान भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, बेड़ो प्रखंड प्रमुख विनिता कच्छप पूजा पंडाल पहुंचे जहां समिति के शिवेंद्र सौरभ व अंकित सोनी ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा गणेश चतुर्थी धार्मिक,सांस्कृतिक महत्व के साथ राष्ट्रीय एकता प्रतीक है। उन्होंने कहा भगवान गणेश का विशेष स्थान है। कोई भी पूजा, हवन या मांगलिक कार्य गणेश वंदना के साथ ही शुरूआत होती है। वही समिति ने इस बार विशेष रूप से भव्य व आकर्षक गणेश जी की प्रतिमा बनाई गई है। पंडाल के अंदर की सजावट कोलकाता के प्रभात डेकोरेटर द्वारा काफी सुंदर ढंग से सजावट किया है, जिसे एक बार देखने के बाद लोग मंत्र मुग्ध हो जाते है। साथ ही शुक्रवार की शाम में 1001महिलाओं द्वारा महाआरती के बाद सूजी के हलुआ का प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी,उत्तम सोनी,अमन गुप्ता,आशीष महतो,प्रेम गुप्ता,अविनाश कश्यप,आशीष सोनी, अर्चित गुप्ता,राकेश साहू, अभिनव कुमार,अजय साहू, अमित नायक, सुशांत राय, प्रीतम कुमार,उत्तम प्रसाद, संकित मंगल ,सूरज गुप्ता,अभिजीत लकी गुप्ता, परमेश्वर,आकाश, चीकू ,प्रिंस ,सौरभ, तुषार, विजय सहाय सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

# पूर्व विधायक ने दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के शेरो गांव में हुई नाबालिग से दुष्कर्म की घटना की जानकारी पर पीड़िता के परिजनों से मिलने के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने घटना की निंदा करते हुए अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वही उन्होंने कहा कि झारखंड में 32 माह की वर्तमान सरकार के समय निकल जाने के बाद जाने के बाद भी झारखंड राज्य महिला आयोग में न अध्यक्ष है और न ही सदस्य हैं। जिससे झारखंड राज्य की महिलाओं के खिलाफ अपराध से सम्बंधित कोई कार्रवाई नही की जा रही है। झारखंड महिला आयोग के पद रिक्त होने के कारण राज्य की महिलाएं अपने अधिकार से वंचित है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी वर्तमान झारखंड सरकार को अवगत कराया था। महिलाओं को कथित तौर पर परेशान



किए जाने और विशेष रूप से घरेलू हिंसा के मामलों में प्रशासन एक तरफा पक्ष लिया जाना बहुत ही दुखद है। आज राज्य में तीन हजार से अधिक मामले झारखंड राज्य महिला आयोग में लंबित है। जिसकी चिंता राज्य सरकार को बिलकुल नहीं है। क्या इसी दिन के लिए झारखंड की आधी आबादी ने सरकार हेतु अपना संवैधानिक अधिकार वोट देकर सरकार बनाने का कार्य किया था। वही झारखंड प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि यथाशीघ्र राज्य महिला आयोग के रिक्त पद को भरा जाए।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल, अस्पताल में हुए भर्ती

नवीन मे संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए दोनों ही घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया है। पहली घटना सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सलडेगा के पास की है जहां पर कंसबहार निवासी अनूप प्रधान किसी काम को लेकर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही है मोटरसाइकिल से सीधी भिड़ंत हो गई जिसके बाद अनूप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया तत्काल उनके साथियों की मदद से उसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। घटना के दौरान उसके चेहरे पर चोट आई है। वहीं दूसरी घटना ठेठाइटांगर थाना क्षेत्र के टुकुपानी के समीप की है जहां पर क्षेत्र के कुबिटोली निवासी सुभाष टेटे गैस सिलेंडर भरने के लिए टुकूपानी जा रहे थे इसी दौरान एक



ऑटो को पीछे से धक्का मारते हुए खुद सड़क पर गिरे। गिरने के बाद उसके माथे पर गंभीर चोट आई और वहीं पर वह बेहोश हो गया ।बाद में बीड़ी पत्ता गोदाम के उमेश सिंह के द्वारा तत्काल अपनी गाड़ी पर उसे सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचा कर समुचित इलाज की व्यवस्था करवाई। डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि माथे में गंभीर चोट लगी है फिलहाल खतरे से बाहर है इधर घटना के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई थी और वे अस्पताल पहुंच चुके थे।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करें: सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची के प्राइमरी विंग में दिनांक 01/09/2022 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वागत गान तथा दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ह्रखुला आसमानह्र गाने पर विद्यार्थियों ने नृत्य करके ये संदेश दिया कि अवसर उपयुक्त हो तो बुलंदियों को छूना सरल हो जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमन सिंह (डीआईजी, सीआईएसएफ) ने विजयश्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को बैच और सेशे पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें अनुशासन तथा शिष्टाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते





हुए विद्यालय की गरिमा को उन्नत करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभागार में उपस्थित अतिथियों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का घोतक है। इसलिए इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करना चाहिए।

शपथ ग्रहण करने वालों में हेड ब्वॉय अर्थव झावर और हेड गर्ल तन्वी प्रिया, डिपुटी हेड ब्वॉय कृषभ प्रभात और अन्नश जैन तथा डिपुटी हेड गर्ल नबा रहमान और शम्भवी मिश्रा के अलावा स्पोर्ट्स कैप्टन व हाउस कैप्टन को मुख्य रूप से मनोनित किया गया।

मौके पर प्राचार्य डॉ0 राम सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन करना, अपने से बड़ों का आदर-सम्मान करना विद्यालयों का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज का विजयी उम्मीदवार कल का सुत्रधार बन सकता है। उन्होंने मनोनित सदस्यों को निष्ठावान रहकर अपने उत्तरदायित्वों को ईमानदारी से निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

### मृतक के परिजनों से मिले जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारी

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बंजारा गांव में बुधवार की शाम जंगली हाथी द्वारा मारे गए दासु धान के परिजनों को तत्काल सहायता प्रदान करते हुए वन विभाग के द्वारा राशि प्रदान किया गया। वहीं इस दौरान बेड़ो प्रखंड की टीम में अंचल निरीक्षक बीखम कुमार, पंचायत के जनसेवक, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक मृतक के घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों की जानकारी लिया। इधर मुखिया लक्ष्मी कोया व समाजसेवी सह पूर्व मुखिया सुनील कच्छप द्वारा तत्काल सहायता के रूप में उन्हें चावल प्रदान किया गया। वहीं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ यथाशीघ्र देने का आश्वासन दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन शोक संतप्त परिवार के साथ में खड़ा है। उन्होंने हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# अंकिता हत्याकांड के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में दुमका में हुए अंकिता हत्याकांड के विरोध में कैंडल मार्च निकालने के पश्चात सिमडेगा के ह्रदय स्थली महावीर चौक के समीप श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करते हुए दिवंगत अंकिता की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा झारखंड सरकार में अपराधिक प्रवृत्तियों का ग्राफ ऐसे बढ़ रहा है, जैसे बारिश के मौसम में घास बढ़ रहे है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने भी अपराध के मामले में झारखंड की स्थिति बहुत ही गंभीर एवं जोखिम बताई है। वही भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार ने कहा कि जनता के रुपयों से जनप्रतिनिधि अपने लिए कल्याणकारी फैसले ले सकती है लेकिन



अंकिता के संदर्भ में उनसे चूक हो जाती है। भाजयुमो उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम लोग राज्य सरकार से मांग करते हैं कि कट्टरपंथी शाहरुख को जल्द से जल्द फांसी पर लटकाया जाए एवं पीड़ित अंकिता को न्याय दिलाया जाए। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजयुमो महामंत्री कुणाल सिंह एवं विद्या बड़ाईक, भाजयुमो उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद राम, मनीष कुजुर, भाजपा महिला मोर्चा नेत्री पिंकी प्रसाद, भाजपा कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, भाजयुमो नगर अध्यक्ष करण सिंह, बसंत मांझी, उत्तम केरकेट्टा, नवीन सिंह, महेश साहू, अनिरुद्ध सिंह दांगी, रामविलास बड़ाईक, दीप नारायण दास, रवि वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर, दिनेश साहू एवं अन्य भाजपाईयों का सराहनीय योगदान रहा।

### जंगली हाथी ने तोड़ा घर, पीड़िता ने मुआवजा की मांग की

**बेड़ो।** प्रखंड के ईटा पंचायत अंतर्गत चिल्द्री टंगरा टोली निवासी सोहराय उरांव के बारी घर को बुधवार की रात्रि एक विशालकाय जंगली हाथी ने घर को तोड़कर बर्बाद कर दिया। हालांकि घर में किसी के नही रहने के कारण किसी तरह की जान माल की क्षति नहीं हुई है। वही जंगली हाथी द्वारा घर को तोड़े जाने के बाद घर में रखे समान घर के मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। इधर घटना के बाद भुक्तभोगी सोहराई उरांव ने घटना की सूचना पंचायत के मुखिया को दी। जिसके बाद मुखिया अनीता बाड़ा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने गुरुवार को भुक्तभोगी के घर पहुंचकर जंगली हाथी द्वारा तोड़े गए घर का मुआयना किया। वही मुखिया ने भुक्तभोगी परिवार को क्षतिपूर्ति की एवज में हर संभव मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# बेटियों पर अत्याचार के खिलाफ बेड़ो में माकपा का प्रतिवाद मार्च

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड की बेटियों सुनीता खाखा,अनीता सिंह,काजल कुमारी के अत्याचार व बेड़ो प्रखंड के ग्राम सेरो की नाबालिग लड़की से हुए घिनौना अपराध एवं राज्यभर में बच्चियों व महिलाओं के ऊपर बढ़ते अपराध के खिलाफ सीपीआईएम के तत्वावधान में गुरुवार को प्रतिवाद मार्च निकाला गया। इसके पूर्व सीपीआईएम पार्टी के कार्यकर्ता करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के मुख्य द्वार के समीप जमा हुए। इसके बाद सीपीआईएम के नेता सुभाष मुंडा के नेतृत्व में कार्यकताओं का दल प्रतिवाद मार्च करते हुए बेड़ो बाजार टांड़, गुमला रोड व जिला परिषद् होते हुए महावीर चौक पहुंचा। इस दौरान कार्यकताओं ने राज्य में महिलाओं पर लगातार हो रहे अमानवीय घटनाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कार्यकताओं ने अपने हाथों पर बैनर,पोस्टर व तख्तियां लेकर प्रदर्शन भी किया। साथ ही सरकार व प्रशासन से महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग किया। मौके पर सीपीआईएम के राज्य कमिटी सदस्य सुभाष मुंडा ने कहा पीड़िता और उसके परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति है। आरोपीयो को कड़ी से कड़ी सजा मिले। वही मांडर विधानसभा के मीडिया प्रभारी ज्ञानी उरांव ने कहा अमानवीय कृत पर कठोर करवाई किए जाने की बात कही। मौके पर अशोक मिंज,अमित मुंडा,चुमानी उरांव,ईश्वर बराईक,अजय मुंडा,भैरव मुंडा,सूरज,रवि, गोयंदा उरांव,संजय,अभय किशोर महली,मास्टर भिखराम उरांव व कृष्णा मुंडा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हरगाढा में चल रहे तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, बोले पूर्व विधायक

# शारीरिक व मानसिक विकास में खेल सहायक

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** ग्रीन क्लब के सहयोग से हरगाढा फुटबाल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का फाइनल मैच खेला गया। इसके साथ ही टूनार्मेंट का समापन हो गया। फाइनल मैच में कड़े मुकाबले के बीच टाकू की टीम ने राहे की टीम को पराजित कर शिल्ड पर कब्जा किया। फाइनल मैच उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख राजू उरांव, मुखिया शकुंतला देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच की शुरूआत कराई। मौके पर प्रकाश राम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की आवश्यकता है। खेल को खेल की भावना से खेलना सीखें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। मौके पर पप्पू पूरी, उत्तम प्रजापति, छोटे



श्याम, धर्मदेव, शैलेश, ज्ञान डेविड, कमलेश, अखिलेश, प्रमोद, अभिषेक, रवि, सुनील, बबलू, विराज, रहमत, किशोर, रविन्द्र, कर्मदेव, सुमित शिबू, मंगल, नीरो, नवीन सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इधर आयोजन समिति के अध्यक्ष छोटे श्याम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीन क्लब के सहयोग से आयोजित टूनार्मेंट में बालक वर्ग से कुल 32 व बालिका वर्ग से आठ टीमों ने भाग लिया था । सभी विजेता टीम के बीच पुरुष्कार का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार टाकू को नगद 4 हजार और एक खस्सी, दूसरा पुरुस्कार राहे को दो हजार नजद और खस्सी, तृतीय पुरुस्कार बेलांग बंसदोन्न एक हजार और खस्सी, चौथा पुरुस्कार सरना क्लब बढतोली खस्सी पांचवा पुरुस्कार खस्सी माराडीह बालिका वर्ग में मखाटोली को खस्सी दिया गया।

### किस्कों में नये आपूर्ति पदाधिकारी की हुई नियुक्ति

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पद खाली पड़ा हुआ था। इधर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद को विभागीय आदेशानुसार किस्को प्रखंड के नये आपूर्ति पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि शंकर प्रसाद पूर्व में भी एमओ के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। इस बीच एक बार फिर से शंकर प्रसाद को विभाग की ओर से किस्को प्रखंड का आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान एमओ बहादूर रविदास ने अपने कार्यकाल में सभी जिम्मेवारी पर निष्ठापूर्वक कार्य कर काफी सोहरत हासिल कर दिखाया था। इधर गुरूवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद ने निवर्तमान आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास से प्रभार लेते हुए नये सिरे से विभाग की ओर से मिले निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही है। वहीं निवर्तमान आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी मिलनसार और अच्छे स्वभाव के हैं। सरकारी प्रावधान के मुताबिक सभी लोगों को आना जाना करना पड़ता है। इधर पूर्व एमओ को विदाई और नये एमओ का प्रखंड कर्मियों ने स्वागत करते हुए शुभकामना दी है।

# बिजली करंट की चपेट में आने से ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा-बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवगा पतराटोली गांव में गुरुवार को बिजली लाइन ठीक करने के दौरान पोल पर चढ़े एक ग्रामीण करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस कर गिर गया जिसके बाद उसे गंभीर चोट आई व्यक्ति की पहचान प्रदीप मांझी के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी इलाज चल रही है फिलहाल स्थिति गंभीर बनी हुई थी। घटना के संबंध में पत्नी ने बताया कि गांव में बिजली की खराबी थी तो वह बिजली पोल पर चढ़कर बिजली को ठीक

**पोल पर चढ़कर बिजली को ठीक करने का कार्य कर रहा था ग्रामीण**

करने का कार्य कर रहे थे इसी दौरान अचानक करंट की संपर्क में आकर झुलस गए किधर झुलसने के साथ ही उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्रामीण बिना किसी प्रकार की सूचना और बिना किसी सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग कर अपने मनमाने तरीके से विद्युत पोल पर चढ़ते हैं। ऐसे में झुलसने से उनके साथ बड़ा हादसा होता है। उन्होंने लोगों से कहा है कि अनावश्यक रूप से बिजली के उपकरण एवं बिजली तार के साथ छेड़छाड़ ना करें जिससे कि बड़ा हादसा ना हो।

## न्यूज गैलरी

### कनहरी जंगल में बहने वाली भीलवाड़ा नदी में छात्र को डूबने से हुई मौत

**इचाक।** कनहरी जंगल में बहनेवाली भीलवाड़ा नदी में डुमरौन गांव का रहने वाले दसवीं के छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गयी। बुधवार को तीन बजे आठ दोस्तों के संग खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन खेलने के लिए न जाकर साथियों के साथ कनहरी जंगल स्थित भीलवाड़ा नदी में नहाने चला गया। नहाने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। इसके बाद दोस्त सागर को उसी हालत में छोड़कर वहां से भाग निकले। शाम में सागर के घर नहीं पहुंचने पर संग जाने वाले दोस्तों से पूछताछ की गई, तब घटना का राज खुला। काफी खोजबीन के बाद बुधवार की शाम सात बजे पुलिस की मौजूदगी में सागर के शव को नदी से निकला गया। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जिसका अग्नि संस्कार गुरुवार को इचाक के मुक्तिधाम में कर दिया गया।

### एनसीसी में नामांकन पर की गयी सीनियर डिवीजन की समीक्षा बैठक

**हजारीबाग।** एनसीसी में नामांकन के लिए सीनियर डिवीजन की समीक्षा बैठक एनसीसी-22 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरमीत सिंह की अध्यक्षता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर स्थित कैंप परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में एनसीसी-22 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सिंह ने उपस्थित सभी एनओ से कहा कि महाविद्यालय में नामांकन में देरी होने के कारण एनसीसी में नामांकन में देरी हुई है। ऐसी परिस्थिति को ध्यान रखते हुए 15 से 20 सितंबर तक एनसीसी में नामांकन पूरा कर लें। बैठक में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सिंह ने कहा कि नामांकन में तेतीस फीसदी बालिकाओं को हर हाल में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि एनसीसी में छात्रों का नामांकन पूर्णतः निःशुल्क होता है, इसलिए सभी एनओ आवश्यक दस्तावेज छात्रों से उपलब्ध कर नामांकन की प्रक्रिया कमांडिंग ऑफिसर की उपस्थिति में संपन्न करें। छात्रों को नामांकन में किसी प्रकार की दिक्कतें आने पर संबंधित छात्र संबंधित महाविद्यालयों के एएनओ से सीधा संपर्क करें। नामांकन की सभी प्रक्रियाएं एनसीसी-22 झारखंड बटालियन के जारी आदेश के तहत बोर्ड ऑफिसर्स से किए जाएंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमिटी की बैठक

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 7 सितंबर, 2022 से जिला के पंचायत स्तर पर चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग जिला के नगर से किया जाएगा। इस बैठक में उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय कुमार गुप्ता, सुनील सिंह राठौर, ओमप्रकाश झा, मनोज नारायण भगत, दिलदार अंसारी, प्रखंड अध्यक्षों में विकास कुमार यादव, रविन्द्र गुप्ता, विशेश्वर नाथ चौबे, नरसिंह प्रजापति, लाल मोहन रविदास, कैलाश पति देव, अजित कुमार सिंह, मो. नौशाद, केडी सिंह, जावेद इकबाल, सुनिल कुमार ओझा, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कृष्णापुरी में आयोजित गणेश उत्सव में शामिल हुए सदर विधायक

**हजारीबाग।** शहर के मटवारी स्थित कृष्णापुरी गली नंबर चार में किशन ब्वॉज टीम की ओर से आयोजित गणेश पूजनोत्सव में सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल हुए। उन्होंने संध्या आरती में सम्मिलित होकर भगवान गणेश से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। यहां भगवान गणेश के दर्शन को जनसैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर स्थानीय कलाकारों ने अपने कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि धर्म के कार्यों में सच्चे दिल से लगने से जीवन में अनेक गुणों का संचार होता है। ऐसे आयोजन से आसपास क्षेत्र में शुद्धता भी आती है। मौके पर स्थानीय वार्ड पार्षद विजय चौधरी, रिंकू वर्मा, अमन सिंह, चंदन सोनी, किशन ब्वॉज टीम के संतोष कुमार गुप्ता, सौरव गुप्ता, शिवम द्विवेदी, विपिन यादव, छोटू कुमार सिंह, सानी मेहता सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### इचाक के सालूजाम आदिवासी टोला में अज्ञात बीमारी से बालक की मौत

**इचाक।** प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगली पंचायत ड़ाड़ीघाघरा के गरडीह गांव के सालूजाम आदिवासी टोला में 10 वर्षीय बालक की मौत अज्ञात बीमारी से हो गई। घटना 31 अगस्त आधी रात की बताई जा रही है। महादेव टुड्डू के पुत्र निर्मल कुमार रात में परिवार वालों के साथ मिलकर खाना खाया। जिसके बाद सभी सदस्य सोने चले गए। रात्रि करीब 10 बजे निर्मल ने माथे में दर्द होने की शिकायत मां और पिता से की। परिजन माथा दर्द के कारणों को समझ पाते तब तक देर हो चुकी थी। बच्चे ने देखते ही देखते दम तोड़ दिया। निर्मल अपग्रेडेड मिडिल स्कूल गरडीह का छात्र था। वह तीसरी कक्षा में पढ़ता था। सहायक अध्यापक जयशंकर प्रजापति ने कहा कि निर्मल पढ़ाई के मामले में कक्षा में अव्वल रहता था। स्कूल परिवार उसकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता पुत्र घायल हो गए। घायलों में राजू यादव पिता लखन यादव और उसके पुत्र कृष्णा कुमार ग्राम कोनहारा कला, बरकट्ठा शामिल है। दोनों का इलाज सीएचसी बरकट्ठा में किया गया।

### बरकट्ठा में हाथियों का तांडव जारी, फसलों की मचा रहे तबाही, लोग भयभीत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र हाथियों के झुंड चार दिनों से तबाही मचा रहे हैं। हाथी घर, फसल को क्षतिग्रस्त करने के साथ साथ घरों में रखे समान को तोड़फोड़ करते हुए अनाज चट कर जा रहे हैं। हाथी के भय से लोग भयभीत हैं। हाथियों के झुंड ने गैड़ा पंचायत के छहरयामो, बसरामो, वनपुरा गांव में जमकर उत्पात मचाया। छहयामो में अनीता देवी के दुकान और घर को तोड़ते हुए लगभग 10 क्विंटल चावल, दो क्विंटल गेहूं चट कर गया। दुकान में रखे सारे सामान को नष्ट कर दिया। रामू मसोमात पति स्वर्गीय महेश सिंह के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। मकई, अरहर, मूंगफली के फसल को भी बर्बाद कर दिया है। हाथी के आने के बाद लोगों ने किसी भाग कर जान बचाया।बसरामो में सदीक मियां के घर को तोड़ दिया है। घर में रखे लगभग चार क्विंटल चावल, गेहूं और दो बक्सा में रखे सामान व बर्तन, टीवी तथा अन्य तरह के घरेलू सामान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। उपमुखिया चन्द्रदीप पांडेय ने प्रभावित परिवार को मदद करने की गुहार स्थानीय प्रशासन से की है। चुगलामो पंचायत के ग्राम बनपुरा में हाथियों ने तबाही की है।

---

हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट व शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन

# पोषण जागरुकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाए जा रहे पोषण माह के तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जिले के विभिन्न पंचातयों के लिए पोषण रथ को उपायुक्त नैंसी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पोषण जागरुकता रथ के माध्यम से पूरे सितंबर माह में सभी पंचायतों में पोषण के पांच सूत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। इसमें गर्भधारण से बच्चे की उम्र दो वर्ष पूरी होने तक मां व बच्चे की उचित देखभाल की जानकारी, बच्चे को छह माह की उम्र पूरी होने के बाद पर्याप्त पौष्टिक आहार प्रारंभ करने, एनीमिया से बचाव के लिए आयरनयुक्त आहार, डायरिया से बचाव हेतु व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई का पालन करने का संदेश शामिल है।



उपायुक्त आवास परिसर में प्रातः छः बजे उपायुक्त ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को बच्चों, किशोरियों व महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाने का शपथ दिलाया। सभी ने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने,पोषण अभियान को देश व्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, विद्यालय और हर गांव में सही पोषण पहुंचाने की शपथ ली। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

हजारीबाग जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए समाहरणालय परिसर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त ने हस्ताक्षर कर किया। मौके पर मौजूद अन्य पदाधिकारियों ने भी हस्ताक्षर कर इस आभियान का हिस्सा बने। इस दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय पोषण माह के संदेश का गुब्बारा भी उड़ाया।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो, सीडीपीओ, विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका-सहायिका उपस्थित थी।

## डीवीसी से लंबित मानदेय और सेवा विस्तार की मांग को लेकर किया भूख हड़ताल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह अपने गोद लिए स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का लंबित मानदेय व सेवा विस्तार नहीं दे रहा है। इसके विरोध में कर्मियों ने गुरुवार को समाहरणालय पहुंच कर भूख हड़ताल किया। इस दौरान कहा कि डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा के द्वारा वर्ष 2014 में उपायुक्त कोडरमा के पत्रांक 774 दिनांक 10-10-2014 के आदेशानुसार विज्ञापन के माध्यम से शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का चयन किया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी जयनगर, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय डुमरडीहा, जगनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चरकीपहरी को डीवीसी के द्वारा गोद लिए गया था तब से हम सभी तीनों विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों लगातार कार्यरत है। हमलोगों का मानदेय मद की राशि की मांग उपायुक्त कोडरमा के कार्यालय के माध्यम से किया जाना है। लेकिन पिछले 30 माह से हमलोगों का मानदेय बकाया है, जिससे हमलोगों को घोर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गयी कि सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का 30 माह का बकाया मानदेय एवं सेवा विस्तार किया जाय।

दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म का पूजा विधि पूर्वक हुई संपन्न

## उत्तम मार्दव धर्म की पूजा आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री महावीर जिनालय एवं रांची रोड स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा विधि पूर्वक संपन्न की गई। मौके पर श्री महावीर जिनालय में जलाभषेक विमल, बिनोद कुमार जैन, अजय पाटनी, रमेश, विकाश सेठी द्वारा किया गया। जबकि पार्श्वनाथ जिनालय में पदमचंद व अरिहंत सेठी ने जलाभिषेक किया। महावीर जिनालय में शांतिधारा सुशील चूड़ीवाल, सौरव और गौरव अजमेरा ने किया। वहीं, पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा हरकचंद एवं विवेक अजमेरा द्वारा संपन्न किया गया। मौके पर बुधवार की शाम नमोकार मंत्र गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसकी प्रोजेक्ट चेयरमैन कशिश जैन थीं। प्रतियोगिता में 20 बच्चे शामिल हुए और अपनी प्रतिभा दिखाई।

**उत्तम मार्दव धर्म के संबंध में आचार्य ने दी जानकारी :** मौके पर आचार्य ने उत्तम मार्दव धर्म के संबंध में बताया कि जीव धर्म बुद्धि को जानते हैं। ऐसे जीवों को उचित है कि समस्त जीवों में हमेशा मृदुभाव अर्थात सरल भाव रखना चाहिए, कठोर भाव का त्याग करना चाहिए। बताया कि जो ज्ञानी पंडित हो तो भी ज्ञान मद नहीं करना चाहिए। यह विचारना चाहिये कि मेरे से बड़े-बड़े और भी बहत से ज्ञानी हैं। बड़े-बड़े ऋषि मुनि केवली भगवान यह सभी चिदात्मज्ञानी हैं। ज्ञान मद करना मेरी भारी




मूर्खता है। मैं एक अल्पज्ञानी हूँ। व्यर्थ ज्ञान मद करना मुझे शोभा नहीं देता है। इस प्रकार ज्ञानी को विचार कर कभी भी ज्ञान का मद नहीं करना चाहिए। आचार्य ने बताया कि पुण्य के उदय से कुछ संपत्ति यदि किसी को मिलती है तो यह सभी पूर्व जन्म के पुण्य के प्रताप से मिली हुई है। परंतु यह क्षणिक और इन्द्रियजनित होकर संसार में अनेक इन्द्रिय वासनाओं को बढ़ाने वाली है। जब बड़े-बड़े सम्पत्तिशाली तीर्थंकर, चक्रवर्ती तथा स्वर्ग में कुबेर इत्यादि की सम्पत्ति स्थिर नहीं रही। एक दिन पुण्य खत्म होते ही उनको छोड़कर जाना पड़ा, फिर मैं क्षणिक सम्पत्ति के पीछे गर्व करूँ तो मेरे समान अधर्मी या मूर्ख कौन होगा? इसी तरह जातिमाद, कुलमद, रूपमद, तपमद, पूजामद इत्यादि मद हैं। यह मद स्थिर रहने वाले नहीं हैं और ये संसार में आपस में विरोध पैदा कर क्रोध को बढ़ाने वाले और मान अपमान इत्यादि को उत्पन्न कर मानहानि के अलावा और कुछ नहीं हैं। ऐसे विचार कर ज्ञानी लोग कभी भी गर्व नहीं करते हैं। सम्पूर्ण मानव प्राणी के साथ नम्रता का व्यवहार करते हैं। जो नम्रता का व्यवहार करते हैं।

## पुरानी कूप निर्माण बिना पूर्ण किये नई योजना लिए जाने पर मनरेगा आयुक्त ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में मनरेगा के तहत पुरानी कूप निर्माण योजना को पूर्ण किए बिना नई योजना की स्वीकृति दिए जाने पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने नाराजगी जताई है। कहा है कि नई योजनाओं की स्वीकृति देनेवाले पदाधिकारी और कर्मी पर कारवाई की जायेगी। इस बाबत उन्होंने उपविकास आयुक्त आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को भेजे गए पत्र में कहा है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण की योजना महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। सिंचाई कूप योजना को ससमय पूर्ण करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विभागीय प्रासंगिक पत्र के द्वारा पूर्व की सिंचाई कूप योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के उपरांत ही नई कूप योजना की स्वीकृति दिये जाने से सबंधित दिशा निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद जिले के कई प्रखंडो में सिंचाई कूप की अनेकों योजनाएं एमआइएस में अपूर्ण परिलक्षित हो रही है और नई कूप योजनाओं की स्वीकृति दी गई है जो नियम के विरुद्ध है। उन्होंने मनरेगा



अधिकारियों को सिंचाई कूप निर्माण सबंधी एमआइएस में परिलक्षित विवरणी संलग्न करते हुए प्राथमिकता के आधार पर अपूर्ण सिंचाई कूप की सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने के उपरांत ही नई योजनाओं स्वीकृति देने को कहा है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि पुरानी सिंचाई कूप की योजनाओं के अपूर्ण रहने के बावजूद भी नई योजनाओं की स्वीकृति दिए जाने पर सबंधित पदाधिकारियों और कर्मियो पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बताया जाता है कि जिले में लगभग चार हजार कूप निर्माण की स्वीकृति दी गई है जिसमें तकरीबन दस प्रतिशत ही कूप का निर्माण पूर्ण किया गया है। जबकि शेष 90 प्रतिशत कूप का निर्माण अधूरा पड़ा है। इसमें सबसे ज्यादा बडकागांव प्रखंड है जहां 830 कूप निर्माण कार्य अधूरा है। वही दूसरे स्थान पर केरेडारी प्रखंड है जहां 645 और तीसरा इचाक प्रखंड जहां 527 कूप निर्माण अधूरा है। इस बाबत हजारीबाग उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने लंबित कूप योजना पर असंतोष व्यक्त करते हुए बडकागांव, केरेडारी और इचाक प्रखंड के बीडीओ और बीपीओ को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण पूछा है उन्होंने पत्रांक 1226 के तहत पत्र निर्गत कर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जबाव मांगा है। उन्होंने तीनों प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ से कहा कि निर्देश के बावजूद नई कूप योजना की स्वीकृति देना वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना है। जिले के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में अन्य प्रखंडो की अपेक्षा ज्यादा कुआं निर्माण की स्वीकृति दी गई है जो मनरेगा अधिनियम के विपरीत है। ग्रामीणों के अनुसार कुआं निर्माण की स्वीकृति नियम के विरुद्ध किया गया है। नियमतः इस योजना का लाभ आम बागवानी लेने वाले लाभुक और फिर एससी, एसटी को प्राथमिकता मिलनी चाहिए लेकिन इस नियम को नजरअंदाज किया गया है। बड़कागांव और केरेडारी एक ऐसा प्रखंड है जहां पर एनटीपीसी और सीसीएल द्वारा अधिकृत जमीन के बावजूद कुआं निर्माण की संख्या सबसे अधिक है। केरेडारी प्रखंड के दो तीन ऐसे पंचायत हैं जहां पर लक्ष्य से भी ज्यादा कुआं की स्वीकृति दी गई है। जिससे ग्रामीण किसान काफी आक्रोशित हैं। ग्रमीणों का कहना है कि जो खेती किसानी से दूर हैं बावजूद मनरेगा अधिकारियों के मिलीभगत से इस योजना का लाभ दिया गया है।

## अडाणी फाउंडेशन का आयोजन : जोराकाठ की टीम बनी अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

- गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने विजेता टीम को शील्ड और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेहदा गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जोराकाठ की टीम ने जीत लिया। इस टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बसकटवा की टीम को पेनल्टी में तीन-दो से पराजित कर दिया। इसी के साथ इस प्रतियोगिता का समापन हो गया। 29 से 31 अगस्त तक चली इस फुटबॉल



प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने विजेता टीम को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कंपनी के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिता से युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों में भी नयी उत्साह का संचार होता है।

कंपनी के द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता से ग्रामीणों में बेहतर सन्देश गया है। इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। मौके पर मौजूद ग्रामीण, महिलाएं और खेल प्रेमी युवाओं ने अदाणी फॉउंडेशन के इस आयोजन की काफी सराहना की। युवाओं ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। इस खेल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें भेलवा, काउंसी, चपरी, बसकटवा, जोराकाठ, बलोदर, गोंदलपुरा, रुदी, तिलैया और सेहदा आदि की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता समेत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और शील्ड देकर अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जोराकाठ के खिलाड़ी रूपेश कुमार को प्रदान किया गया। वहीं, टूर्नामेंट के रेफरी सनोत हांसदा को भी सम्मानित किया गया।

## तीन पंचायतों में बंबू और जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं 90 प्रशिक्षु

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग एवं झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड रांची के संयुक्त तत्वावधान में शिल्प विकास योजना पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें तीस-तीस के बैच में 90 प्रशिक्षणार्थियों को बंबू क्राफ्ट एवं जूट क्राफ्ट से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को बांस से बनने वाले तरह-तरह के सामग्री जैसे पलंग सोफा सेट, सेंटर टेबल, गुलदस्ता स्टैंड, टेबल लैंप,पेन स्टैंड, मोबाइल स्टैंड, डस्टबिन, पूजा की डलिया एवं जूट से बनने वाले बैग, थैला, लेडीज पर्स एवं जूट से बनने वाले सामग्रियों का प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के फॉलोअप मीटिंग का आयोजन ग्राम पंचायत मेढ़कुरी के ग्राम अमली मुक्ता के मुखिया भोला तुरी, वार्ड सदस्य द्रोपदी देवी एवं ग्राम पंचायत सिंदूर के करकरी टोला में जुट क्राफ्ट का प्रशिक्षण सरोज देवी, भूदान कार्यालय के बड़ा बाबू, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक तथा हदारी पंचायत के तुरी टोला कॉलोनी में बंबू क्राफ्ट प्रशिक्षण का फॉलोअप किया गया। जिसमें पंचायत समिति सदस्य रेनू देवी एवं प्रतिनिधि उमेश रविदास कार्यक्रम का विजिट किया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर प्रशिक्षक नूर मोहम्मद, मोहम्मद मंजर, सरफराज अंसारी एवं बिगो प्रसाद, रविदास संस्था के सचिव मोती कुमार प्रसाद, निदेशक कृति मोहन प्रजापति, सलाहकार सदस्य राजनंदन प्रसाद रविदास आदि ने मोनिटरिंग की। संस्था की ओर से बताया गया कि यह कार्यक्रम अगले छह महीने तक चलेगा। इसमें शिल्प विकास अंतर्गत सक्षम एवं कुशल प्रशिक्षणार्थी को उद्यमिता के क्षेत्र में कुशल उद्यमी बनाया जाएगा।

## शहर के मुक्तिधाम पर शवों का होता है अंतिम संस्कार



**रामगढ़।** शहर के मुक्तिधाम में शवों को अंतिम संस्कार किया जाता है। समाज सेवी कमल बगड़िया ने बताया कि अंतिम संस्कार के पश्चात पलाश के पत्तों की जरूरत होती है। जो कि मुक्तिधाम में नही थे। श्री बगड़िया ने बताया कि उपेंद्र पांडे द्वारा उन्हें 5 पलाश के पौधे उपलब्ध कराये गये। जिसके बाद उन्होंने गुरूवार को मुक्तिधाम में पौधरोपण किया। कहा कि मेरी कामना है कि ये पौधे शीघ्र बड़े हो जाएं, ताकि जरूरत होने पर लोग पलाश के पत्तों का उपयोग कर सकें।

## अक्टूबर माह में इंटर पंचायत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद सह पूर्व नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जयंत सिन्हा ने 1 सितंबर को शहर के प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित होटल लॉ मेरीटल में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा की पंचायत की पंचायत स्तरीय टीमों के बीच अक्टूबर माह में इंटर पंचायत अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि टूर्नामेंट में हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा पंचायत की 400 टीमें शामिल होंगी। साथ ही रांची सहित आसपास के जिलों के 100 पंचायत टीमें भी टूर्नामेंट में शामिल होंगी। बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टीमों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। कहा कि 15 अगस्त को देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिये हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जिसके तहत कई कार्यक्रम हो रहे हैं। फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भी उसी के तहत हो रहा है। सांसद ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर 31 अगस्त को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में रामगढ़ और हजारीबाग के बीच प्रदर्शन फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें रामगढ़ ने हजारीबाग को 4-0 से पराजित कर दिया। बताया कि प्रदर्शनी मैच के दौरान देश के प्रसिद्ध जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के कोच एड्रियन बूथरॉयड व टीम के कैप्टन पीटर हार्टले लाइव शामिल हुए और टूर्नामेंट में सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि इंटर पंचायत अमृत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा के 11 ग्राउंड में किया जाएगा। जिनमें से 5 ग्राउंड रामगढ़ के होंगे। बताया कि टूर्नामेंट के दौरान लगभग 10 हजार फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाकर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बताया कि टूर्नामेंट नॉक आउट आधार पर खेला जाएगा और क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करनेवाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी टीम के खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान की जाएगी। सेमीफाइन मैच हजारीबाग और रामगढ़ में खेले जाएंगे। जबकि फाइनल मैच का स्थान टूर्नामेंट के दौरान तय किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सांसद ने बताया कि इंटर पंचायत अमृत फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में झारखंड फुटबॉल क्लब का सहयोग मिल रहा है। साथ ही टाटा स्टील और एनटीपीसी द्वारा टूर्नामेंट को स्पॉनसरशिप किया जा रहा है। टूर्नामेंट का आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए लाइव प्रसारण किया जाएगा। ताकि लोग अपने अपने पंचायत की टीमों का मैच घर बैठे देख सकें।

## मंदिर से सामानों की हुई चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** प्रखंड में आये दिन चोरी की घटना रुकने का नाम नही ले रहा। कभी गाड़ियों से बैट्री की चोरी तो कभी घरो में चोरी की घटना क्षेत्र में आम बात है। इसी दौरान मंदिर में लगे हजारो के सामान की चोरी कर ली गयी। यह मामला नवलशाही थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत देवीपुर (खेशमी) में पारटांड के बाबा कल्याणेश्वर शिव मंदिर का है। जहां अज्ञात चोरो ने बुधवार की मध्य रात्रि मंदिर में लगे आहुचा कम्पनी का बाजा सेट मशीन, लॉडस्पीकर चार यूनिट, एक माईक, इन्वेंटर मशीन, चार एलईडी बल्ब तथा एक बैटरी को चोरी कर लिए। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में जब सुबह मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार पांडेय पूजा अर्चना करने गए तो देखे की मंदिर के मुख्य द्वार में लगा ताला टूटा हुआ है तथा मन्दिर के अंदर लगे म्यूजिक सिस्टम का सारा सामान चोरी हो गया है। सूचना मिलते ही नवलशाही प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार एवं एसआई रंजीत कुमार अपने पुलिस बल के साथ मंदिर पहुँचे एवं ग्रामीणों से जानकारी लिए। प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि जल्द ही इस तरह चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## न्यूज गैलरी

### साहुबेड़ा निवासी किसान ने केले की खेती से बदली जिंदगी



**सिमडेगा।** साहूबेड़ा निवासी अनीश भेंगरा ने हाटिंगहोडे में लिज कि जमीन लेकर 2.5 एकड़ में केले कि खेती कर बदले जिंदगी 2020 जब सारा देश कोविड–19 महामारी से जूझ रहा था उस समय रोजगार का सारा अवसर सन्नाटा पसरा था। तब अनीश भेंगरा ने रोजगार का अवसर तलाश कर केले की खेती की और आज अच्छा आमदनी कमा रहे है। उन्होंने पशु रोधक हेतु कम बजट में करेंट मशीन का उपयोग किया है जिसे पशु छूते ही हल्का सा झटका का आभास होता है। जिसे पशु भाग जाते हैं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रखंड समन्वयक सोनू सिंह ने उससे मिलकर मुर्गी पालन और बतख पालन के प्रति भी हौसला बढाया और कहा अनीश भेंगरा भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा बन रहे किसान उत्पादक संगठन , बानो एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का डायरेक्टर भी हैं किसान काफी उत्साह होकर केले की खेती के प्रति जोर देते हुए और पशुपालन के भी अपना रुचि व्यक्त किया यह नवयुवक किसान से प्रेरणा लेने की जरूरत है कि कोविड–19 महामारी में भी कैसे रोजगार का अवसर तलाश सकते हैं।

### दिवंगत अंचलाधिकारी अरुण तिर्की को दी गयी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** दिवंगत अंचल अधिकारी, सदर प्रखंड लोहरदगा अरुण तिर्की की याद में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वॉघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल दण्डाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, जिला स्तरीय कर्मियों/प्रखंड स्तरीय कर्मियों व अन्य द्वारा दिवंगत के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोहरदगा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूखंड हड़पने और धोखाधड़ी करने समेत अन्य आपराधिक कांडों का आरोपी 35 वर्षीय जसीम अंसारी उर्फ जसीमुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर सदर थाना की पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 154 / 22 दर्ज किया गया है। मामले पर सदर थानेदार अनिल उरांव ने बताया कि, सदर थाना क्षेत्र के कुजरा गांव निवासी जसीम उर्फ जसमुद्दीन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अनुसंधान में आरोपी के विरुद्ध मामला सत्य मिलने पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू किया है। आरोपी के विरुद्ध भा द वि की धाराएं 323 341, 420 ,406, 364 ,367, 368, 471, 120 बी के तहत मामला दर्ज है।

### अनियंत्रित होकर पुलिया नीचे गिरा ट्रक, बाल-बाल बचा चालक

**बांसजोर।** बांसजोर थाना क्षेत्र के लुड़गी नदी में बीती रात अनियंत्रित होकर एक मालवाहक ट्रक सहित चालक पुलिया के नीचे जा गिरा। घटना में चालक ने कूदकर खुद की जान बचाई। घटना की सूचना सुबह पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही एक मालवाहक ट्रक अचानक नदी के समीप पुलिया में अपना नियंत्रण खो बैठा और पुलिया के नीचे जा गिरा। गिरने की वजह से गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हो गया है और सामान नदी में गिरने से भींग गया। इधर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है।

### कैरो में हिन्दू संगठनों ने मौन जुलूस निकाला

**कैरो/लोहरदगा।** दुमका में हुए अंकिता सिंह कांड के विरोध में कैरो में हिन्दू संगठनों के द्वारा मौन जुलूस निकाला गया। आरएसएस, श्रीराम समिति, सरना सनातन विकास मंच के संयुक्त तत्वाधान में जुलूस निकाली गई। जुलूस में शामिल लोगों ने हेमंत सरकार हाय–हाय, हत्यारों को अविलंब फांसी दो, हेमंत सरकार अपराधियों को संरक्षण देना बंद करे, हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति बंद करे लिखी तख्तियां लेकर प्रखंड परिसर पहुंचे और राजयपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बजरंग उरांव, भोला प्रसाद, विनोद राम, जितवाहन महतो, राधेश्याम साहू, कृष्णा साहू, विरेन्द्र महली, राजदेव उरांव, गंगा साहू, मंचन साहू, रवि ठाकुर, राजेश साहू आदि लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर चार दिवसीय पुलिस पब्लिक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

**बानो।** महाबुआंग थाना अन्तर्गत जामटोली मैदान में शिक्षक दिवस के अवसर पर खेल समिति जामटोली के तत्वावधान में पुलिस पब्लिक चार दिवसीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट की शुरूआत दो सितम्बर से होगा जिसका समापन पांच सितम्बर को होगा। खेल समिति द्वारा बताया गया कि इच्छुक टीमें 1651 रुपये देकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। टीम को ठहरने की व्यवस्था समिति की ओर किये जाएगा। थाना प्रभारी जितेश कुमार ने बताया कि खेल को शांति पूर्वक संम्पन कराने के लिए पुलिस प्रशासन का पूरी तरह से सहयोग रहेगा।

### भ्रष्ट सरकार राज्य की जनता को मंजूर नहीं : लखन उरांव

**कैरो / लोहरदगा।** गुरुवार को कैरो मंडल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लखन उरांव की अगुवाई में बीते दिनों दुमका में घटित घटना अंकिता कांड के आक्रोश में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कैरो मुख्य चौक में पुतला दहन किया गया पुतला। मौके पर उपस्थित भाजपाईयों ने राज्य की भरष्ट हेमंत सोरेन सरकार मुदार्बाद, अबलावों की बलात्कारी सरकार होश में आओ,अंकिता के हत्यारे को फांसी दो, अंकिता के परिजनों को 01 करोड़ मुवावजा व सरकारी नौकरी दो,हेमंत सोरेन सरकार गद्दी छोड़ो, के नारे लगा रहे। मौके पर लखन उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली भरष्ट सरकार राज्य की जनता को मंजूर नहीं,एक तरफ निर्दोष अंकिता जैसी अबला बहनों के साथ घटित हुई घटना और दूसरी ओर राज्य के हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री औ? उनके टीम के मंत्री घटना पर दोषी पर करवाई करने के बजाय स्विमिंग का सीटी बजाकर ले रही है आनंद। ऐसी जनविरोधी सरकार से राज्य की जनता का भला नहीं हो सकता।

## लोहरदगा के निवासियों को दिया जाएगा एसआईएस में रोजगार, आज से भर्ती प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सिक्योरिटी स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा लोहरदगा जिले में दिनांक 02/09/2022 से दिनांक 08/09/2022 तक भर्ती की जाएगी। भर्ती से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भर्ती के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति हेतु थाना प्रभारियो को पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्र प्रेषित कर दिया गया है। बहाली के दौरान जिला पुलिस बल की ओर से जवानों की तैनाती की जाएगी तथा बहाली में अशांति ना हो इसके लिए एसआईएस इंडिया लिमिटेड के जवान अधिकारी भी तैनात रहेंगे। भर्ती टीम सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा झारखंड टीम पहुंच चुकी है। इस भर्ती शिविर में 500 सुरक्षा जवान एवं 250 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा सभी चयनित उम्मीदवारों को 21 ट्रेनिंग सेंटरों में से एक सेंट्रल ट्रेंनिंग अकैडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसमें पीटी ड्रिल एवं ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायरफाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी।

भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए भर्ती अधिकारी प्रिंस कुमार तिवारी एवं सत्येंद्र सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य सुरक्षा जवान उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष ऊंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो होना अनिवार्य है। अधिकारी ने बताया कि देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए लोहरदगा जिले के नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। लोहरदगा जिला के सभी थाना परिसरों में दिनांक 02/09/22 कैरो थाना परिसर, 03/09/22 एसटी एससी थाना परिसर, 04/09/22 सेन्हा थाना परिसर, 05/09/22 जोबांग थाना परिसर, 06/09/22 सेरेनदाग थाना परिसर, 07/09/22 कुडू थाना परिसर एवं 08/09/22 लोहरदगा थाना परिसर में भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा लिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड जो आईएसओ 9008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड का मुख्य कार्य स्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सिकरी, खजुराहो, हुमायूं टॉम्ब, सांची, स्टेट बैंक एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआईडी, टाटा, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, म्यूजिक वर्ल्ड, एयरपोर्ट, चेक नाका इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी । प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एस आई एस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जाएगा राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन विधवा पेंशन बोनस ग्रेच्युटी ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस मेडिकल आवास एवं मेष की सुविधा प्रमोशन दो योग्य बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। भर्ती अधिकारी ग्रुप कमांडर रमेश जायसवाल ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग इस क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को भर्ती कर रोजगार उपलब्ध करा कर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से इस तरह का शिविर का आयोजन किया गया है।

## किशोरी युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत, सर्पदंश की आशंका

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र के कुरकुरा गांव में संदेहास्पद स्थिति में एक युवती की मौत हो गई। घरवालों के मुताबिक सर्पदंश की आशंका जताई जा रही है। सर्वप्रथम उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल से सिमडेगा लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे इलाज के क्रम में मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल से शव लेकर झाड़ – फूंक के लिए भाग रहे थे। सूचना मिलने पर सिमडेगा पुलिस शव को जब्त कर सदर थाना लाई। जानकारी के अनुसार, बांसजोर ओपी क्षेत्र के कुरकुरा निवासी सेवंती प्रधान नामक किशोरी की सदेहास्पद स्थिति बेसुध स्थिति में लेकर उसके परिजन गुरुवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने सेवंती को मृत घोषित कर दिया और सदर पुलिस को सूचना दे दी। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही शव को उसके घरवाले सदर अस्पताल से निकल गए। घरवाले मृत शव लेकर बीरू हॉस्पिटल लेकर जाना चाह रहे थे उनका मानना था कि उनकी पुत्री बीरू हॉस्पिटल में जीवित हो सकती है।

## पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर डीसी ने किया रवाना

### सभी गांव-टोला में आम-जन को पोषण के प्रति किया जायेगा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण निदेशालय के निदेर्शानुसार राज्य के सभी जिलों में पोषण अभियान के अन्तर्गत माह सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप मनाया जायेगा। सिमडेगा जिला के उपायुक्त आर. रॉनीटा ने पोषण माह के अन्तर्गत पोषण रथ को समाहरणालय परिसर से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त के मार्ग दर्शन में समाज कल्याण विभाग के द्वारा पोषण माह के सफल क्रियान्वयन की दिशा में माईक्रो प्लानिंग एवं रूप-रेखा, मार्गनिर्देशिक प्राप्त है। कुपोषण एवं एनिमिया जैसी समस्याओं से आम-जन को निजात दिलाना एवं पोषण के महत्व तथा जानकारियों को पहुंचाना है, जिससे गांव-समाज के लोग जागरूक हों, और हर घर, प्रत्येक व्यक्ति पोषण के



प्रति सजग रहें, अपने सुविधा अनुसार पोष्टीक आहार का सेवन कर स्वंय को स्वस्थ रखें, पोषण युक्त जिला बनाने में सार्थक पहल होगा। जिले के प्रखण्डों के पंचायत, गांव-टोला स्तर तक पोषण रथ के माध्यम से आम-जन को पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। सही पोषण-देश रोशन, जब बढ़ते शिशु की हो नियमित निगरानी दूर रहें स्वास्थ्य से जुड़ी हर परेशानी जैसे स्लोगनों के माध्यम से भी जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

वर्ष 2022 में राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन में मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 गाईडलाईन में वर्णित पोषण पंचायत को एक्टीव करने की योजना है जिसमें ग्राम पंचायत एवं सरपंच, मुखिया को भी कार्यक्रमों का केन्द्र बिन्दु बनाया जाना है ताकि जन आन्दोलन को जन भागीदारी का रूप दिया जा सके। इस माह महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा, पोषण भी पढ़ाई भी, लैंगिक संवेदनशीलता के साथ जल संरक्षण एवं प्रबंधन, आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों के लिए पारंपरिक खान-पान थीम रखा गया है।पोषण माह के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां उपायुक्त सहित पदाधिकारियों, कर्मियों ने हस्ताक्षर कर पोषण के प्रति आम-जन को जागरूक किया।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिन्स गोडविन कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पुनम कच्छप व अन्य उपस्थित थें।

## उपायुक्त ने पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह (01-30 सितंबर) के तहत एक पोषण जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। रवाना किये गये पोषण जागरूकता रथ के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में ऑडियो के माध्यम से एनीमिया, पोषण, कुपोषण को दूर किये जाने के लिए स्थानीय साक-सब्जियों का सेवन करने, जल सरंक्षण के प्रति जागरूकता संदेश दिया जायेगा। इस जागरूकता रथ के जरिये प्रतिदिन प्रखंडों में कुपोषण को दूर भगाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मौके पर सभी उपस्थित लोगों को बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषणमुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण संदेश पहुंचाने, पोषण अभियान देशव्यापी जनआंदोलन बनाने की शपथ दिलायी गई। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मनीषा तिर्की, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका उपस्थित थे।

## बाइक और टेम्पू के टक्कर में एक महिला सहित तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा क्षेत्र में कोराम्बे पथ पर जंगल में बाइक एवं टेम्पू के टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए जबकि एक टेम्पू सवार महिला घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेजा गया। चिकित्सकों द्वारा सभी घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गम्भीर रूप से घायल सुनील उरांव को सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। बताया जाता है कि टेम्पू जे एच 08 बी 6103 कोराम्बे की ओर से कंडरा चौक जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से बाइक जे एच 08 डी 9315 कोराम्बे की ओर तेज रफ्तार में जा रहा था कि बाइक का बैलेंस विगड़ते ही टेम्पू में जा मारा जिससे बाइक में सवार दो लोग जख्मी हो गया जिसमें एक को गम्भीर चोटें आई है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक पर चार लोग सवार हो तेज गति में जा रहा था। वही टेम्पू सवार एक महिला को चोट आई है। घायल की पहचान पाली निवासी महावीर उरांव की पत्नी सीता उरांव,बुरजू जमगाई निवासी स्वर्गीय गंदुर उरांव के पुत्र विरेन्द्र उरांव मादा निवासी सुनिल उरांव के रूप में किया गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकांत के निर्देश पर स0 अ0 नि0 पवन सोरेन दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त दोनो गाड़ी को जब्त कर घटना का जायजा लेते हुए पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गई।

## अंकिता सिंह हत्याकांड के विरोध में भाजयुमो और भाजपा महिला मोर्चा ने दिया धरना

### अंकिता हत्याकांड पर न्याय के लिए राज्यपाल से की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा व भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में अंकिता सिंह हत्याकांड में हेमंत सोरेन झारखंड सरकार की तुष्टिकरणनिति व कुशासन के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा झारखंड के महामहिम राज्यपाल को भाजपा युवा व महिला मोर्चा ने संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त के समक्ष ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि दोषीयों को फांसी की सजा फास्टट्रैक कोर्ट के माध्यम से मिलना चाहिए। उसके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा एवं परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग सरकार दे। धरना कार्यक्रम में प्रवीण सिंह ने कहा कि अंकिता सिंह के साथ हुई घटना प्रदेश को शर्मसार करता है। ऐसी घटनाओं पर सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर कार्य करने की जरूरत है। अंकिता सिंह की हत्या



से समाज, प्रदेश व देश शर्मसार हुआ है। रमेश उरांव ने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में कानून के प्रति अविश्वास बढ़ा है और घरों में रह रहे बहू बेटियों को पेट्रोल से जलाकर हत्या कर दी जा रही है इन परिस्थितियों में हमारे आदिवासी पारंपरिक रिवाज अनुरूप सजा देने के लिए बाध्य करती है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सामाजिक जागरूकता व युवाओं को सही दिशा तय करने के लिए जिम्मेवारी लेनी होगी। भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि युवाओं के बीच विस्तार करने के बजाए तुष्टिकरण की नीति का विस्तार कर रहे हमारे राज्य के मुखिया। कलावती देवी ने कहा आदिवासियों की सरकार बताने वाले लोगों के संरक्षण में हो रही सबसे ज्यादा आदिवासी भाई बहनों की हत्या सरकार को पिकनिक व अन्य जगहों पर आनंद लेने से फुर्सत नहीं। मनीष शिखर ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की कुव्यवस्था और सुरक्षा लापरवाहीयों की भेंट चढ़ी बहन अंकिता। मौके पर पशुपतिनाथ पारस ,अजय कुमार पंकज,अमरेश भारती, सरजू साहू, संजय वर्मन, सरिता देवी, मिथुन तमेड़ा अन्य लोगों धरने को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन मोर्चा महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक बाल्मीकि कुमार व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री सजल कुमार ने की। मौके पर नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन सामेला भगत, अमरेश भारती, सरिता देवी, राधिका देवी,बुधन देवी, बृजनंदन गोप,बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, अतुल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अवैध बालू उठाव पर पुलिस ने की कारवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर लगतार प्रशासन के द्वारा कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार सेन्हा अंचल क्षेत्र के मेढ़ो कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना पूर्व में प्रशासन को प्राप्त हुआ था। क्षेत्र में गस्ती के दौरान थाना प्रभारी ऋषिकांत द्वारा एक ट्रैक्टर को बालू लोड कर परिचालन करते हुए मेढो चौक से पकड़ कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर के मालिक अखिलेश सिंह है। जबकि दूसरा जब्त ट्रैक्टर सेन्हा पंचायत मुखिया धनवाज उराँव का बताया जा रहा है। जिसे डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के अगुवाई में सेन्हा पुलिस बल के द्वारा पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा उरांव मुहल्ला में मंगलवार रात्री में घटित घटना का अनुसंधान के दौरान बालू लोड कर परिचालन करते हुए ट्रैक्टर पकड़ा गया है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए कहा कि जब्त दोनो ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध अवैध बालू दोहन एवं सरकार के राजस्व क्षतिपूर्ति के तहत कारवाई किया जाएगा। इसके लिए खनन विभाग को अग्रेतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है। फिलहाल दोनो जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## जविप्र दुकानदार के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण उपभोक्ता, हटाने की मांग की

■ मुखिया के प्रयास से एमओ भंडरा ने कार्डधारकों से लिया मंतव्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** जन वितरण प्रणाली दुकानदार सुरेंद्र यादव के द्वारा जन वितरण के राशन एवं किरोसिन तेल के वितरण में बरती जाने वाली अनियमितता की शिकायत लोगों द्वारा मुखिया इंद्रदेव उरांव से किए जाने के बाद मुखिया इंद्रदेव उरांव के पहल पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भीम उरांव द्वारा पंचायत भवन भंडारा में राशन वितरण प्रणाली की जांच कार्ड धारियों से मंतव्य लेकर किया गया। इस क्रम में मुखिया इंद्रदेव उरांव ,वार्ड सदस्य संतोष पंडा ,मंसूर अंसारी भी उपस्थित थे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष कार्ड धारियों ने दुकानदार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कहा कि दुकानदार के द्वारा कभी भी समय पर राशन नहीं दिया जाता है। सभी



कार्ड धारियों से 6 किलो से लेकर 10 किलो तक अनाज काट लिया जाता है। किरासन तेल के वितरण कार्ड धारियों को नहीं होता है। पूरा किरासान कालाबाजारी में बेच दिया जाता है। कार्ड धारियों के साथ लाइसेंस धारी सुरेंद्र यादव एवं उसके परिवार के सभी सदस्य गाली गलौज एवं दुर्व्यवहार करते हैं। कार्ड धारियों का रोष को देखते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि सुरेंद्र यादव के खिलाफ अनियमितता की चरम सीमा देखी जा रही है। राशन दुकान गरीबों को अनाज एवं की राशन देने के लिए दिया जाता है। सुरेंद्र यादव के द्वारा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को असफल करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों से लिया गया मंतव्य जांच रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जाएगी। जिसके बाद दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी। इस जांच के क्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि आप अपने पसंद के जन वितरण प्रणाली दुकानदार का चयन कर प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ले सकते हैं। इस मामले पर सभी कार्ड धारियों ने एक स्वर में कहा कि सुरेंद्र यादव की जन वितरण प्रणाली दुकानदार बंद किया जाए। सुरेंद्र यादव के दुकान से संबंधित कार्ड धारियों को दूसरे दुकानों के साथ टैग कर दिया जाए। मौके पर मुखिया इंद्रदेव ऊराव ने कहा कि सुरेंद्र यादव के खिलाफ लगातार कार्ड धारियों द्वारा शिकायत मिल रही है परंतु आपूर्ति विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों का विश्वास उठ गया है। इसके बाद कार्ड धारियों ने मेरे पास शिकायत किया और इस पर पहल करने का मांग किया है। दुकानदार पर उचित करवाई करने की मांग प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से की गई है। इस मौके पर कार्डधारी मनान अंसारी, पवन कुमार, रोशन गुप्ता, सूरज ठाकुर, रियाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी ,जमाल अंसारी, रीना देवी ,उपेंद्र पांडे, पुष्पा देवी, जलेश्वर महतो सहित सैकड़ों कार्ड धारी उपस्थित थे।

## पठारी इलाको में चला नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिले के अति उग्रवाद प्रभावित इलाका सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, चपाल, जुरनी सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ग्रामीणों से मिले एवम ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई। इसी क्रम में ग्राम चपाल में ग्रामीणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया गया। अभियान के क्रम में ड्रोन कैमरा का प्रयोग आस पास के पहाड़ी एवम जंगली क्षेत्र के अवलोकन हेतु किया गया। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, पुलिस उपाधीक्षक, अभियान दीपक पांडेय, थाना प्रभारी, सेरेंगदाग एवं सैट के जवान शामिल थे।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर

## किसी भी हालत में अवैध अतिक्रमण नहीं रहने दिया जायेगा: अंचलाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र के नगवा में सरस्वती या नदी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को सीओ मयंक भूषण और नगर परिषद के पदाधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उस दौरान नदी में अवैध अतिक्रमण करने के मामले में अखिलेश राम, कुंती देवी, मानिक चंद शाह सहित अन्य लोग के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया सीओ मयंक भूषण ने कहा कि डीसी के निर्देश पर सरस्वती नदी में अवैध निर्माण के खिलाफ उक्त कार्रवाई की जा रही है। सरस्वती नदी की माफी की गई है। उसमें करीब 219 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने नदी में अवैध निर्माण किए हुए हैं। सभी लोगों को नोटिस भेजकर अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश दिया गया है उसमें कुछ लोग खुद से भी अतिक्रमण हटा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों को बलपूर्वक हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितने भी लोगों को नोटिस भेजा गया है, वह खुद से अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा जिला प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगाा, जिसका खर्च उन्हे निर्वहन करना होगा। मौके पर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**अतिक्रमण हटाने का विधायक प्रतिनिधि किया विरोध**

सरस्वती नदी से अतिक्रमण हटाने के दौरान सीओ मयंक भूषण और विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू के बीच नोकझोंक होगा विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू उचरी निवासी अखिलेश राम के द्वारा सरस्वत्य नदी में किए गए अवैध निर्माण को हटाने का विरोध कर रहे थे, जिस पर सीओ ने कहा कि सभी काम में अड़ंगा लगाना सही नहीं है। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि से कहा कि किसी भी हालत में अवैध अतिक्रमण नहीं रहने दिया जाएगा अवैध अतिक्रमण के कारण कई जनता परेशान हैं।

### गरीबों का हटाया जा रहा है अतिक्रमण ग्रामीण

गढ़वा सरस्वती नदी से हटाए जा रहे अवैध अतिक्रमण पर लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त किया है लोगों ने कहा कि गरीबों का घर हटाया जा रहा है जबकि बड़े-बड़े लोगों का घर अवैध अतिक्रमण कर बनाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अखिलेश राम के घर के ठीक सामने पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी का घर है जो नदी में अवस्थित है कई बार उन्हें भी नोटिस भेजा गया लेकिन उनका आज तक अतिक्रमण नहीं हटा और ना ही उनके घर पर जेसीबी चला लेकिन हम लोग के घर पर बार-बार जेसीबी चल जाता है।

# भवनाथपुर में विभागों के संचालन के लिए समिति का किया गया गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रमुख शोभा देवी के अध्यक्षता में बीडीओ एवं पंचायत समिति सदस्य व मुखिया की बैठक की गई। बैठक के शुरू होते हीं पूर्व प्रमुख सह मकरी उतरी के वर्तमान बीडीसी रीता देवी ने बैठक में बीडीसी के परिवार को सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों को बैठने की बात उठाई। जिस पर बीडीओ ने अगले बैठक से किसी भी जनप्रतिनिधि के रिस्तेदारो को बैठक में सामील होने से मना कर दिया है। बैठक में पंचायत समिति के द्वारा पारित किया गया कि मकरी पंचायत में पानी टैंकर का क्रय किया जाय। बैठक में भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी एवं चपरी मुखिया शैलेश चौबे को एक साल के लिए बीडीसी मनोनीत किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य का समिति गठन किया गया एवं 15 वें वित्त के सम्पूर्ण गाइड लाइन एवं



योजनाओं का चर्चा और चयन की प्रक्रिया से संबंधित बैठक में निर्णय लिया गया । साथ ही सभी विभागों की संचालन के लिए विभाग वार समिति का गठन किया गया। जिसमे सामान्य प्रशासन के अध्यक्ष प्रमुख शोभा देवी, कृषि एवं उद्योग के रीता देवी, स्वास्थ शिक्षा के उप प्रमुख, वितीय अक्षणं एवं योजना विकास के प्रमुख शोभा देवी, सहकारिता समिति के हसीना बेगम, महिला विकास एवं सामाजिक कल्याण के उप प्रमुख , वन एवं पर्यावरण समिति, चंदन कुमार ठाकुर, सरकार तथा संकर्म समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रमुख एवं उप प्रमुख को बनाया गया।

# फुटबॉल मैच के रोमांचक मुकाबले में बभनडीह ने सैदुप को 2-1 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के मोरवाई पंचायत क्षेत्र अंतर्गत टाइगर ग्राउंड में बुधवार की शाम स्थानीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता , बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया आशीष सिंह, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीते एक पखवाड़े से चल रहे स्थानीय फाइनल फुटबाल टूनार्मेंट में दो दर्जन अधिक से टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें शामिल टीमों ने अपने अपने प्रतिद्वंदी टीमों को हराकर सेदूप और बभंडीह की टीम फाइनल में पहुंचे थे। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं बॉल उछाल कर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान फाइनल में सैदुप और बभन्दीह की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बभनडीह की टीम ने सेदूप 2-1से



हरा कर जीत दर्ज की. इस दौरान मुख्य अतिथि मनोज कुमार गुप्ता ने कहा फुटबॉलमैच नियमित अभ्यास का खेल है। ग्रामीण खिलाड़ी नियमित रूप मैच का अभ्यास करते हुए टूर्नामेंट में सफल हो सकते है।

कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, इस्माइल अंसारी, अजीत कुमार गुप्ता, दीपक सिंह, हीरू सिंह,अवधेश मेहरा, रविंद्र राम समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बोले सचिव

# वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए आगे आये

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झालसा रांची के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई के नेतृत्व में सिविल सर्जन के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन सदर प्रखंड के डाहुरी स्थित उप स्वास्थ केंद्र में किया गया। सचिव श्रीमती वाजपेई ने बताया कि पूर्व में 17 अगस्त को डेंटल केयर प्रोग्राम वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित कर कस्तूरबा डेंटल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मंगलौर में इंटर्नशिप कर रही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की सुपुत्री अनुभा सिंह द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के दांतों से



संबंधित जानकारी देने के साथ पीपीटी के माध्यम से दांतों को स्वस्थ्य बनाने के घरेलू उपाय बताए गए। उसके बाद पुनः उप स्वास्थ्य केंद्र डाहुरी के पास निःशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित कर 50 वरिष्ठ नागरिकों को डॉक्टरी प्रमर्श व जांच के अनुरुप निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। इसके अलावे शिविर में 30 वरिष्ठ नागरिकों का वृद्धा पेंशन को लेकर दस्तावेज के साथ आवेदन पीएलभी गोपाल कुमार यादव के द्वारा भरा गया। साथ हीं वरिष्ठ नागरिकों को सचिव श्रीमती वाजपेई ने भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को इनकम टैक्स, रेल यात्रा आदि में दिए जाने वाले सुविधाओं व छूट के साथ सीनियर सिटीजन एक्ट और धारा 125 सीआरपीसी से अवगत कराया। सचिव ने अंत में कहा की युवा पीढ़ी वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए आगे आएं, यही समाज के नीव और ज्ञान के भंडार हैं। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. श्यामनंदन सिंह, डेंटिस्ट मधु मोहन, जनरल फिजिशियन और चार नर्स शामिल थे। शिविर के सफल आयोज में पीएलभी प्रभु कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वज्रपात की चपेट में आने से महिला मूर्छित, मवेशी की हुई मौत

**कुंदा(चतरा)।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगड्डा गांव टोला एकता में गुरुवार को आसमानी बिजली ने कहर बरपाया। बारिश के साथ हुए बज्रपात में एक महिला मूर्छित हो गई। वहीं लगभग बीस बकरियों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूर्छित महिला सिला कुमारी को इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस घटना में कोइली भारती की चार बकरी, कर्मी देवी की दो बकरी, सिला कुमारी की छः बकरी, मंटू राम के पांच बकरी व अन्य के बकरियों की मौत हुई है। अचानक आसमानी कहर बरसने से पशु मालिक आहत है। वहीं पीड़ित किसानों ने मुआवजे की मांग प्रखंड प्रशासन से की है।

## एसिड अटैक मामले में रेस हुई पुलिस, आरोपी को स्पीडी ट्रायल के तहत दिलायेगी सजा

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग व उसकी मां पर पर सिरफिरे आशिक के द्वारा एसिड अटैक मामले में शासन व प्रषासन दोनो रेष हो गई है। पुलिस आरोपी संदीप भारती को स्पीडी ट्रायल के तहत दिलायेगी सजा। एसपी राकेश रंजन ने इस मामले में कहा की घटना के चंद घंटों के अंदर आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं अंतिम चरण में है जांच प्रक्रिया। दोषी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य के साथ मजबूती से कोर्ट भेजा जा रहा चार्जशीट। फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से आरोपी को सजा दिलाने की दिशा में न्यायालय से अपील की जायेगी। जबकी मुख्यमंत्री के निर्देश पर रांची से एयरलिफ्ट कर गंभीर रूप से झुलसी नाबालिग पीड़िता को इलाज के लिए दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है।

## तीसरे दिन भी अनशन पर बैठे रहे मत्स्य कृषक

# दो की हालत गंभीर, पदाधिकारी उदासीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के बिसुनबांध पंचायत के रेवतकला के आक्रोशित मत्स्य कृषकों ने गुरुवार को तीसरे दिन भी जिला सहकारिता विभाग कार्यालय के समीप अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन अनशन पर डटे रहे। इस दौरान दो मत्स्य कृषक रामजी राम,विजय सिंह की हालत गंभीर हो गई है। इसके बावजूद भी जिले के पदाधिकारियों ने अब तक सुध नहीं ली है। मत्स्य कृषकों ने कहा की जिला सहकारिता पदाधिकारी के आवास बगल में रहने के बावजूद भी इनके कानों में जूह तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि जिला सहकारिता विभाग लातेहार द्वारा निबंधन के अनुमति नहीं मिलने के विरोध में अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ हुए है। उन्होंने कहा कि हम सभी मत्स्य कृषक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त 41 सदस्य का आवेदन जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार



को 5 अप्रैल 2022 को जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड बनाने के लिए आवेदन दिया गया था। जिसके आलोक में जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार द्वारा पर्यवेक्षक राजू रंजन की अनुशंसा के आधार पर 13 जून 2022 को जिला सहकारिता निबंधक सहयोग समिति लातेहार को रेवत कला स्थानीय जलाशय विस्थापित मछुआरा विकास समिति का निबंधन करने के लिए प्रेषित किया गया। परंतु दो माह बीत जाने के बाद भी निबंधन के लिए अनुमति नहीं दी गई। मत्स्य कृषकों को निबंधन करने को लेकर परेशान किया जा रहा है। जिसके जिला सहकारिता पदाधिकारी के विरोध में कार्यालय के समीप अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए है। मत्स्य कृषकों के सुबह से लेकर शाम तक कार्यालय के बाहर धरना देने के बावजूद भी जिले के पदाधिकारी सुध तक नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो ने कहा कि मत्स्य कृषकों का मामले का समाधान आज ही कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों के कारण मत्स्य कृषकों को परेशान होना पड़ा है। इस अनिश्चितकालीन धरना में सुबोद कुमार, संतोष राम, रब्बानी अंसारी, बिनोद राम, रामजीत सिंह, विजय राम, मनीषा देवी, शंकर सिंह, जुगेसर भुइंया, रबिता देवी, पूनम देवी, उषा देवी, मनोज राम का नाम शामिल हैं।

# पेंशन योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर विशेष आमसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगावा कला पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया अशोक कुमार भुईयां की अध्यक्षता में पेंशन योजनाओं के समाजिक अंकेक्षण व दिव्यांगों के यूडीईडी कार्ड बनाने को लेकर विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में अंकेक्षण-दल का गठन कर अंकेक्षण किया गया। आमसभा में बड़ी संख्या में वैसे लाभुक शामिल हुए जिनका पेंशन बंद था। जिसमें लाभुकों का आधार व खाता संख्या लेकर प्रखंड को अग्रसारित किया गया। साथ ही सभी वार्ड सदस्यों को जिन वार्डों में वैसे लाभुक जिनका पेंशन बंद है, साथ ही वैसे योग्य लाभुक जो पेंशन से वंचित हैं, उनकी पहचान करते हुए उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन से



आच्छादित करने की बात कही गई। अंकेक्षण-दल में रीता देवी, जेएसएलपीस की नीतू देवी, सुभाष कुमार, लीला देवी और उप मुखिया मनीता कुमारी शामिल थे। सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी प्रकार के पेंशन योजना के अंकेक्षणं को सफल बनाने में पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, प्रखंड पेंशन कोषांग प्रभारी मुकेश कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक इंद्रदेव राणा, वार्ड सदस्य सुभाष कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# जिले भर में कुपोषण दूर करने में लोगों को जागरूक करेगा पोषण रथ : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त ने गुरुवार को पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय परिसर से रवाना किये गये पोषण जागरूकता रथ से लोगों को कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जागरूक किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण हेतु आम जनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने की बात कही ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ 30 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के प्रति,बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल,स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आहार संबंधित आवश्यक संदेश दिया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु संकल्प




भी दिलाया गया। समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने कहा कि एनीमिया से रोकथाम के लिए बच्चों के आयरनयुक्त पौष्टिक आहार,स्वच्छता आदि जरूरी है। सही पोषण से ही देश रौशन होगा। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जायेगा एवं उन्हें उपचार हेतु एमटीसी सेंटर रेफर किया जायेगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के खून की जांच भी की जायेगी एवं रक्तहीनता से पीड़ित महिलाओं को इलाज हेतु स्वास्थ्य विभाग रेफर किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, अपर समहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर जॉन एफ कैनेडी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# मंडल आयोग की सिफारिश को जल्द लागू करे सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ओबीसी मोर्चा के द्वारा सरकार से मांग किया गया कि अविलंब मंडल आयोग के सिफारिशों को लागू किया जाए। मोर्चा के द्वारा बताया गया कि विदेश्वरी प्रसाद मंडल ने पूरे देश में धूम-घूम कर देश की बहुसंख्यक आबादी का अध्ययन सामाजिक, शैक्षणिक, जातीय एवं राजनीतिक रूप से किया। जिसमें पाया कि देश की आधी आबादी से अधिक जाति की स्थिति बहुत दयनीय है। इनको समाजिक बराबरी पर लाने के लिए सरकारी सहयोग की अति आवश्यकता है। जिसको लेकर 40 बिंदु पर सहमति बनाई गई और उसे तत्कालीन राष्ट्रपति को सुपुर्द किया गया। जिसका नाम मंडल कमीशन पड़ा। परंतु आज तक जितने भी प्रधानमंत्री बने। विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं एचडी देवेगौड़ा को छोड़कर सभी ने मंडल आयोग की इस सिफारिश के साथ सौतेला व्यवहार ही किया। प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के कार्यकाल में नाम किया गया। लेकिन वह भी आधा अधूरा ही रह गया। जहां हमें जनसंख्या के अनुपात में 52 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए था। वहां हमें मात्र 27 फीसदी ही आरक्षण दिया गया। उसमें भी सभी सरकारी पदों पर एवं विधानसभा और लोकसभा के उम्मीदवारी के सदस्य पद के लिए आरक्षण लागू नहीं किया गया। प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल ने कहा कि राज्य सरकार से मांग करते हैं हमारा 14 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ा कर 52 प्रतिशत किया जाए।

# न्यूज गैलरी

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन परीक्षा नियंत्रक का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने गुरुवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नये परीक्षा नियंत्रक शिवपूजन सिंह को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। परीक्षा नियंत्रक ने छात्र नेताओं को कहा की हम विद्यार्थियों के हित में काम करने को तत्पर हैं और इसमें हमें आपका सहयोग चाहिए। जिस पर वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेताओं के कहा की हम हर तरह से सहयोग के लिए तैयार है। जब भी, जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी हम छात्रहित में काम करने के लिए तत्पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने परीक्षा नियंत्रक को विश्वविद्यालय की समस्याओं से मूल समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आये दिन विवि के कारनामे सुनकर बहुत परेशानी होता है। छात्रों को विवि से बहुत उम्मीद है लेकिन कुछ अधिकारियों के कारण छात्रों का भविष्य बिगड़ रहा है। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक से मांग किया कि छात्रों के हित के लिए सकारात्मक उपाय किये जायें। परीक्षा संबधी जो भी गड़बड़ी है उसे तत्काल दूर करते हुए कार्य करे।

## विस्थापित परिवार से मिले सिविल सर्जन

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी ने पांडू प्रखण्ड के मुरुमातु गाँव से विस्थापित परिवार के एक सदस्य शंकर मुसहर से मुलाकात की। घटना के बाद से ही शंकर मुसहर बीमार है। शंकर मुसहर का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी ने मिलकर हालचाल जाना व दो स्टाफ को उसकी देखभाल करने का आदेश दिया। साथ ही शंकर मुसहर को कपड़े , खाने पीने की वस्तुओं भी उपलब्ध करायी। साथ ही शंकर मुसहर के शरीर की जांच करायी जा रही है।

## सुखाड़ की स्थिति का जायजा लेने पहुंची निशा उरांव

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के चार गांव तुकबेरा, बाना, कंडा, इटको में बृहस्पतिवार को सुखाड़ की स्थिति का जायजा लेने जमीनी स्तर पर राज्य स्तरीय कृषि कलेक्टर निशा उरांव पहुंचकर किसानों से वातार्लाप की। उन्होंने नावा बाजार में कम वर्षापात के कारण किसानों के खेत में धान का बिचड़ा व रोपनी नहीं होने से किसानों का आर्थिक नुकसान का आकलन कर कही कि मैं पलामू जिला के नावा बाजार प्रखंड को सुखाड़ का रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार तक पहुंचाउंगी। 15 सितंबर के बाद किसानों को आर्थिक नुकसान की भरपाई भी शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने किसानों को खेत में चना कुरथी लगाने की सलाह देते हुए किसानों को खेत में स्पींगर सेट लगाने की चर्चा की। मौके पर बीटीएम नीरज कुमार, एटीएम अनिल मेहता, जनसेवक प्रभु राम, कृषि मित्र प्रखंड अध्यक्ष मंदिश राम ,अवधेश मेहता, प्रदीप प्रजापति, सफिर आलम ,सद्दाम हुसैन,ददन सिंह, महावीर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों किसान मौके पर उपस्थित थे।

## समृद्धि की पाठशाला दे रहा है बुनियादी शिक्षा

**मेदिनीनगर।** पलामू के नौनिहालों के लिए यह पाठशाला वरदान साबित हो रहा है। यहां पढ़ाई कर रहे बच्चो को संस्था के शिक्षको के द्वारा बुनियादी शिक्षा दिया जा रहा है। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा जो भी कार्य किये जा रहें हैं वह एक मिसाल है। जिसमें नि :शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला कल के हिन्दुस्तान को संवारने की कोशिश में लगी रहती है। संस्था के द्वारा दो पाठशाला चलाई जा रही है। जहां शिक्षकों को कोई वेतन नहीं फिर भी बच्चों को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए अग्रसर रहते हैं। इस कार्य मे बैजन्ती गुप्ता ,रंजीता देवी वन्दना श्रीवास्तव, वीणा गुप्ता, ऋषि कुमार का सराहनीय योगदान रहता है।

## बी.एम.सी.नेउरा में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ




**मेदिनीनगर।** चैनपुर रा0उर्दू उत्क्र.म.वि.बी.एम.सी.नेउरा में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। विद्यालय सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने कहा कि स्वच्छता बिन विकसित देश का सपना अधूरा है। हमारा कर्तव्य है कि स्वच्छता के प्रति सजग रहें, समय दें। कूड़ा-कचरा फैलने न दें। उन्होंने कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देश जारी किये। कार्यक्रम में मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्रबंधन समिति, सरस्वती वाहिनी, बाल संसद के सदस्यों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन एम.जे.अजहर ने किया।

## छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने निलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नये परीक्षा नियंत्रक शिवपूजन सिंह का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। परीक्षा नियंत्रक ने छात्र नेताओं को कहा की हम विद्यार्थियों के हित में काम करने को तत्पर हैं और इसमें हमें आपका सहयोग चाहिए। जिसपर वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेताओं के कहा की हम हर तरह से सहयोग के लिए तैयार है। जब भी, जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी हम छात्रहित में काम करने के लिए तत्पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने परीक्षा नियंत्रक को विश्वविद्यालय की समस्याओं से मूल समस्याओं से अवगत कराया।

## आठ विद्यालयों के छात्र -छात्राओं को जाति व स्थानीय बनाने की पहल

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में छात्र -छात्राओं को जाती स्थानीय बनाने हेतु15 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। जो 1 सितंबर 2022 से 15 सितंबर 2022 तक जाती स्थानीय का कार्य सभी विद्यालयों में कैंप के माध्यम से छात्र छात्राओं को निर्गत होगी। बृहस्पतिवार को नावा बाजार अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय ने पहुंचकर जाती स्थानीय का निरीक्षण किया। बसना पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सरोना, न्यू प्राथमिक विद्यालय द्वारपार, राजहारा पंचायत के मध्य विद्यालय दामर टोला चनेया, रबदा पंचायत के न्यू प्राथमिक विद्यालय लढेया, कंडा पंचायत के मध्य विद्यालय सिंजो, कुम्भीकला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनखेता, सोहदाग खुर्द के मध्य विद्यालय सोढ़ महुआ, न्यू प्राथमिक विद्यालय परहिया टोला ढेकही में ऑनलाइन कार्य की गई।

सम्पादक की कलम से...

# झारखंड की राजनीति का मिजाज

झारखंड की राजनीति में रोज कसासों के बादल मंडरा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में संभावित फैसले को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। यूपीए के 31 विधायकों को झारखंड से बाहर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां यूपीए के सभी विधायक और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत अन्य नेता और मंत्रियों के आप्त सचिव सेवेन स्टार रिसॉर्ट में ठहरे हैं। इस बीच रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में होनेवाली राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर गये कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री वापस लौट गये हैं। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन और उनके करीबी रणनीतिकार पूरी व्यवस्था एवं रणनीति को बड़े ही गोपनीय ढंग से अंजाम दे रहे हैं, जिस कारण यूपीए खेमे का अगला कदम क्या होगा, इसकी भनक बाद में मीडिया को मिल रही है। बहरहाल यूपीए का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को राज्यपाल से मिल मामले का पटाक्षेप करने का निवेदन किया। जिस पर महामहिम ने आश्वासन दिया है कि जल्द सियासी पर्दा उठ जायेगा। इधर, झारखंड में राजनीतिक असमंजस्य की स्थिति से दूर यूपीए के विधायक और मंत्रियों एवं अन्य नेताओं का रिसॉर्ट में तमाम सुविधाएं उपलब्ध रहने के बावजूद मन नहीं लग रहा है और वे सभी जल्द से जल्द झारखंड वापस लौटना चाहते हैं। रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट में स्वीमिंग पुल से लेकर बार और अन्य तमाम सुविधाएं हैं, रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजन भी हैं, परंतु सभी को अपने क्षेत्र और राजनीतिक भविष्य की चिंता सता रही है। वहीं, रिसॉर्ट के आसपास मीडियाकर्मियों को नहीं भटकने दिया जा रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सीएम कुर्सी बचेगी या नहीं अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन हेमंत को विधायकों के टूटने का डर सताया हुआ है। इसीलिए पहले वह सभी विधायकों को लग्जरी बस से पिकनिक मनाने खूंटी के लतरातू डैम ले गये और अब 31 विधायकों को विमान से छत्तीसगढ़ पहुंचा दिया गया है। झारखंड में उत्पन्न राजनीतिक अनिश्चितता के बीच जेएमएम कोटे के मंत्रियों को रायपुर नहीं भेजा गया है। जबकि जेएमएम के कई विधायक भी अब तक झारखंड में ही हैं। इसके कारण भी यूपीए गठबंधन में आपसी खींचतान की चर्चा जोर पकड़ रही है। चर्चा है कि सीएम हेमंत सोरेन खुद नहीं चाहते थे कि कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों को भी रायपुर भेजा जाये, लेकिन झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के कारण कांग्रेस के विधायकों के साथ ही मंत्रियों को भी रायपुर ले जाया गया। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां सब कुछ ठीक ठाक नहीं है। एक सवाल उठता है कि अगर यूपीए के विधायक टूट के लिए तैयार हैं तो आखिर कोई कैसे रोक सकता है। दूसरी तरफ पहरेदारी से यह साफ दिखता है कि सरकार को यह खतरा कांग्रेस के साथ जेएमएम के अंदर जरूर दिख रहा है। ऐसे में अगर किसी टूट का खतरा नहीं है तो बाहर जाने की कोई जरूरत है। बहरहाल राजनीति की समझ रखने वाले यह मान रहे हैं कि आने वाले कुछ घंटे काफी निर्णायक हो सकते हैं। कारण इस उकताहट पर पूर्णविराम लगने की संभावना गर्वनर के वक्तव्य से लग रहे हैं।

## आज का इतिहास

**1630 :** बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया।
**1689 :** रायगढ़ किले में संभाजी की विधवा और उसके बच्चे ने औरंगजेब के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
**1722 :** फ्रांस के सी. होफर ने अग्निशामक यंत्र का पेटेंट कराया।
**1774 :** इंग्लैंड से सुप्रीम कोर्ट के जज ईस्ट इंडिया कंपनी प्रबंधन में सुधार के लिए कलकत्ता पहुंचे।
**1853 :** अमेरिका के हवाई प्रांत में पहली आटा चक्की शुरू की गयी।
**1872 :** न्यू साउथ वेल्स में विश्व का सबसे बड़ा सोने का टुकड़ा (215 किग्रा) पाया गया।
**1963 :** दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफ के खिलाफ मामला शुरू।
**1964 :** भारत के क्रांतिकारियों में से एक एचसी दासप्पा का निधन।
**1970 :** सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया।
**1973 :** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में ओपेरा हाउस को पहली बार जनता के लिए खोला गया।
**1978 :** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का जन्म।
**1982 :** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा केरल और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल निरंजन नाथ वांचू का निधन।
**1988 :** भारतीय प्रथम श्रेणी के क्रिकेट खिलाड़ी कृष्णपा गौतम का जन्म।
**1991 :** उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत।
**1995 :** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजाह कप फाइनल ट्रॉफी अपने नाम किया।
**2007 :** अली लारीजानी के त्यागपत्र के बाद ईरान के विदेश उपमंत्री सईद जलाली नये प्रमुख परमाणु वार्ताकार बने।
**2008 :** आरबीआई ने रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की थी।
**2011 :** लीबिया पर 40 साल तक राज करने वाला तानाशाह मोहम्?मद गद्दाफी गृहयुद्ध में मारा गया।

# व्यापार घाटे से अर्थव्यवस्था पर काबू जरूरी

> साल 2008 में जो वैश्विक आर्थिक मंदी आई थी, उसके लिए कारणों और प्रभावों के बीच संबंध को समझाना आसान था। अभी ऐसा लगता है कि बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही हैं या हो गई हैं और कुछ मामलों में इनके लिए कारण परस्पर संबंधित हो सकते हैं। भारत का बढ़ता व्यापार घाटा अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। लगभग महीने भर पहले भारत का व्यापार घाटा अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच कर 31.02 अरब डालर हो गया। जबकि ठीक एक साल पहले यानी जुलाई 2021 में यह 10.63 अरब डालर का था। मात्र साल भर में व्यापार घाटे में तीन गुना वृद्धि निश्चित रूप से चिंता की बात है।

संचित व्यापार घाटा हमारी देनदारियों में वृद्धि करता जायेगा, देश के बजट का एक बड़ा हिस्सा इन देनदारियों को चुकाने पर खर्च करना होगा और इसका असर यह पड़ेगा कि विकास कार्यों में निवेश के लिए पैसा कम पड़ने लगेगा। अगर हम व्यापार घाटे को काबू कर लेते हैं तो इससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आयेगी, हम अपने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि कर सकेंगे और रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी पैदा कर पायेंगे। अर्थव्यवस्था को लेकर इन दिनों मिली-जुली खबरें आ रही हैं। कभी विकास दर में वृद्धि को लेकर खुश हो लिया जाता है, तो कभी रुपए का और गिर जाना निराशाजनक तस्वीर पेश करता है। यह सही है कि कोरोना महामारी अपने में एक अभूतपूर्व घटना थी जिसने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला दिया। यह प्रभाव इतना गहरा था कि इससे उबरना कोई दो-चार महीनों की बात नहीं थी। इसी बीच रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया और नई मुश्किलें खड़ी हो गईं। देखा जाए तो दुनिया के देशों के सामने आर्थिक समीकरण इतने जटिल कभी नहीं थे। साल 2008 में जो वैश्विक आर्थिक मंदी आई थी, उसके लिए कारणों और प्रभावों के बीच संबंध को समझाना आसान था। अभी ऐसा लगता है कि बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही हैं या हो गई हैं और कुछ मामलों में इनके लिए कारण परस्पर संबंधित हो सकते हैं। भारत का बढ़ता व्यापार घाटा अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। लगभग महीने भर पहले भारत का व्यापार घाटा अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच कर 31.02 अरब डालर हो गया। जबकि ठीक एक साल पहले यानी जुलाई 2021 में यह 10.63 अरब डालर का था। मात्र साल भर में व्यापार घाटे में तीन गुना वृद्धि निश्चित रूप से चिंता की बात है। आसान भाषा में कहें तो व्यापार घाटा निर्यात और आयात के मूल्य के बीच अंतर होता है। जब कोई देश निर्यात के मुकाबले अपने आयात पर ज्यादा पैसा खर्च करता है तो व्यापार घाटे की स्थिति पैदा होती है। गिने-चुने देश ही होंगे जिनकी सारी जरूरतें देश से ही पूरी हो जाती हों और जिन्हें आयात करने की जरूरत ही न पड़ती हो। यह भी शायद ही देखने को मिलता है कि एक देश का आयात और निर्यात बराबर और पूरी तरह संतुलन में हो। आयात और निर्यात विश्व व्यापार के प्रमुख अंग हैं। चूंकि सभी देशों की आबादी बराबर नहीं है, उनका आकार-प्रकार एक जैसा नहीं है, इसलिए उनके पास संसाधनों में एकरूपता भी नहीं है और उनकी जरूरतें गुणात्मक तथा मात्रात्मक रूप से एक जैसी नहीं हैं। इसलिए उन्हें दूसरे देशों के साथ आदान-प्रदान करने की जरूरत होती है। कुछ देश निर्यात ज्यादा करते हैं तो कुछ का आयात ज्यादा रहता है। एक देश के निर्यात और आयात में अंतर एक सीमा तक तो स्वीकार्य होता है, पर भारत के संदर्भ में देखें तो यह अंतर बढ़ता ही जा रहा है। व्यापार घाटे के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं। एक सीधा कारण यह है कि देश अपनी जरूरत की वस्तुओं और सेवाओं को खुद देश में उत्पादित नहीं कर पाता और बाहर से मंगाने या लेने के लिए बाध्य होता है। इसके लिए उसे भारी रकम खर्च करनी पड़ सकती है। यदि देश की मुद्रा कमजोर हो तो यह आयात और महंगा हो जाता है। व्यापार घाटे का ऊंचा होना देश की मुद्रा पर भी दबाव डालता है। भारत में इस समय ये दोनों ही स्थितियां देखने को मिल रही हैं। व्यापार घाटा रोजगार की स्थिति से भी जुड़ा है। यदि कोई देश इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का बड़ी संख्या में निर्यात करता है तो इन वस्तुओं के देश में ही निर्माण हेतु रोजगार के जो अवसर उत्पन्न हो सकते थे, उनसे वंचित हो जाता है। कोरोना महामारी आने से पहले के वर्षों में भारत का व्यापार घाटा निरंतर कम हो रहा था। इसका मुख्य कारण बढ़ता निर्यात था। हालांकि पिछले 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारत का निर्यात बढ़ कर रिकार्ड चार सौ अठारह अरब डालर हो गया, पर आज हमारा व्यापार घाटा भी रिकार्ड स्तर पर है। इसका एक सीधा अर्थ यह है कि हमारा आयात बिल अभी भी भारी-भरकम है। भारत जिन वस्तुओं का आयात करता है, उनमें कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद सबसे बड़ा हिस्सा रखते हैं और यह हमारे कुल आयात बिल का करीब एक तिहाई है। पिछले एक साल में हमारा यह आयात सत्तर फीसद से अधिक बढ़ चुका है। इसका कारण व्यापारिक गतिविधियों का पटरी पर लौटना और परिवहन सुविधाओं का बहाल होना हो सकता है।

**■ विजय प्रकाश श्रीवास्तव**

# खेला मरने के बाद

मैं उसके मौते पर पहुँचा था। किंतु उसका शव अभी कोचिंग सेंटर में ही अटका था। शायद अभी और दो तीन-कक्षाएँ बाकी रह गई हों। वह मुझसे अक्सर कहा करता था कि पौल्ट्री फॉर्म की मुर्गी पर अंडे देने का जितना दबाव होता है, उतना ही दबाव आईआईटी-नीट की तैयारी करने वाले छात्रों पर होता है। यदि मुर्गी अंडा देने और छात्र रैंक प्राप्त करने से चूक जाए तो दोनों के भाग्य का फैसला भगवान नहीं, नीचे रहने वाला इंसान तय करता है। कभी-कभी तो लगता है कि पिछले जन्म के वो मच्छर जो ठीक से मरे नहीं थे, वे इस जन्म में कोचिंग सेंटरों में तड़प-तड़प कर मरने के लिए पैदा हुए हैं। पकपका कर पकने वाले पॉप कॉर्न के दानों की तरह पकपकिया क्लासों से निकलकर रैंक प्राप्त करने वाले चेहरे किसी पिरोए हुए गन्ने से कम नहीं लकते। नीरस गन्नों सरीके छात्रों से मनोरंजन का रस कब का निकाल लिया जाता है। और भर दिया जाता है रैंकों वाला जहरीला पेस्टिसाइड। ऐसी बातें करने वाला अब वह नहीं रहा। उसे पकपकाने से आजादी जो मिल गयी है। वह पढ़ने में औसत था। किंतु घर का दबाव स्टेट फर्स्ट रैंक की तरह एकदम टॉप पर था। अगल-बगल और आगे-पीछे के सारे अंकलों के बच्चों से उसे किसी समान की तरह तराजु में तोल दिया जाता था। बार-बार के तुलने से अच्छा है, एक बार का तुल जाना। आखिर वही हुआ जिसका मुझे डर था। मरता नहीं तो क्या करता? अच्छा हुआ वह मर गया। जब तक जिंदा था तब तक उससे वे सारे सवाल किये गये जो परीक्षा में पूछे जाते थे, अगर नहीं पूछा गया तो सिर्फ एक सवाल कि बेटा तुम्हें क्या पसंद है? जवान बेटे की लाश के लिए पिता कोचिंग सेंटर गये हैं। पिता सेंटर पर अपनी भड़ास निकालते उससे पहले ही सेंटर वाले उन पर कूद पड़े कि आपको अपने लड़के का यहाँ एडमिशन नहीं करवाना चाहिए था। यह सेंटर रैंकधारियों के लिए है न कि भीरूधारियों के लिए। काश वह पिता किशोर वयस्की बच्चे का जीते जी शोर सुन लेते तो आज वह जिंदा होता। उन्हें कहा पता था कि कोचिंग सेंटर वाले नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारियों को आँख पर पट्टी बांधकर सोने के लिए मोटी रकम देते हैं। ये सेंटर पढ़ाई कम हत्याएँ ज्यादा कराते हैं। इसमें पुलिस, वकील, कलेक्टर, मंत्री-संत्री सब शामिल होते हैं। इन सबका काम केवल हत्या को आत्महत्या दिखाना होता है। पिछले कई सालों से रैंक प्राप्त करने के चक्कर में सेंटर मालिकों ने परीक्षा मैया के चरणों में ऐसे न जाने कितने अबोध बच्चों की बलि चढ़ाई है। वे मरने की खबर केवल एक दिन और वह भी बीच वाले किसी पन्ने के कोने में केवल अपने बचाव के लिए लगवा देते हैं। वहीं रैंकों की खबर फुटबॉल जितने बड़े अक्षरों में हर जगह लगवाते हैं। सेंटरों की चोटियों से रैंकों के झरने ऐसी मौतों से टकराकर ही बहती है। पिता विवश है। वह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को सरल सुलभ बनाने के लिए सेंटर के साथ हो लेता है। वह अपने बेटे को और मरते हुए नहीं देखना चाहता है। जीते जी जो नसीब न हो सका, वह मरने के बाद खाक मिलेगा। वह कुछ अपनी पसंद का करना चाहता था। उसका वश हार चुका था। इसलिए वह शव बनकर इस दुनिया से जा रहा था।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# केरल में मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल

केरल में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और पी विजयन के नेतृत्व वाली वाम सरकार आमने-सामने हैं। विश्वविद्यालय में नियुक्तियों को लेकर दोनों में टकराव है, जिसने संघवाद, अकादमिक स्वायत्तता, संस्थानों की प्रतिष्ठा, उच्च शिक्षा का राजनीतिकरण जैसे उलझे सवालों को वापस सुर्खियों में ला दिया है। दरअसल, आरिफ मोहम्मद खान ने पी विजयन के निजी सचिव और सीपीएम नेता केके रागेश की पत्नी प्रिया वर्गीज की कन्नूर विश्वविद्यालय के मलयालम विभाग में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति रोक दी है। उन्होंने इसे भाई-भतीजावाद और पक्षपात का उदाहरण बताते हुए राज्य में हुई ऐसी सभी नियुक्तियों की जांच कराने का आश्वासन दिया है। प्रिया को छह उम्मीदवारों में से चुना गया था। एक आरटीआई से पता चला है कि इस चयन के लिए एक प्रक्रिया अपनाई गई थी, जिसमें उनका शोध-स्कोर महज 156 था, जबकि दूसरे स्थान पर रखे गये उम्मीदवार को 651 अंक मिले थे। इंटरव्यू में उनको 50 में 32 अंक मिले, जबकि दूसरे स्थान के उम्मीदवार को 30। इस नियुक्ति के कारण राज्यपाल खान ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति गोपीनाथ रवींद्रन पर कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। जब जुबानी जंग तेज हुई, तो उन्होंने कुलपति को 'अपराधी' और जाने-माने इतिहासकार इरफान हबीब को 'सडक का गुंडा' बताया। खान ने 2019 की उस घटना का भी जिक्र किया, जब वह मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय इतिहास कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। उस कार्यक्रम में हबीब ने राज्यपाल को टोकते हुए रोक दिया था कि वह स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद को गलत तरीके से उद्धृत कर रहे हैं। हबीब ने उनको यह भी कहा था कि इसके बजाय उन्हें महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे को उद्धृत करना चाहिए। खान ने हबीब पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सड़क छाप गुंडे जैसा व्यवहार किया, और यह आरोप भी लगाया कि उन पर हमला करने का प्रयास किया गया। खान के आरोप से स्तब्ध अकादमिक जगत ने हबीब और रवींद्रन, दोनों का बचाव किया है। यह हैरान करने वाली बात है कि खान, जो 1980 के दशक में शाह बानो मामले में अपने रुख की वजह से उदार मध्यवर्ग के चहेते बन गये थे, इस तरह चर्चित इतिहासकार प्रोफेसर हबीब और जाने-माने शिक्षाविद रवींद्रन के खिलाफ इस कदर नाराजगी जाहिर करेंगे। कुलपति ने नियुक्ति रोकने के खान के फैसले के खिलाफ अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। राज्य के नेतागण भी इस विवाद में कूद गये हैं। वाम दलों ने राज्यपाल को आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी का एजेंट बताया है। हालांकि, भाजपा चुप्पी साधे हुए है, लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विजयन पर हमला करते हुए कहा है कि वह अराजक सरकार चला रहे हैं। दुर्भाग्य से किसी ने ऐसी स्वस्थ बहस नहीं की, जो केंद्र और राज्य के खराब होते संबंध को बेपरदा करती हो। बेशक राज्यपाल बीते कुछ दशकों से राज्यों के साथ अपने रिश्ते को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, पर मौजूदा शासन में यह संबंध काफी नीचे गिर गया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अब केरल ने राज्यपाल को कुलाधिपति से अलग करने की बात कही है। राज्यपाल के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने की परंपरा ब्रिटिश काल की देन है, जो आज भी जारी है। हालांकि, दो सरकारिया और पुंछी आयोग ने इसको खत्म करने की सिफारिश भी की थी। माकपा नेता ए के बालन ने राज्यपाल के इस कदम को असांविधानिक बताया है। उन्होंने पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पूछा है, 'क्या कोई ऐसा मानदंड है कि बड़े नेताओं के बच्चे यदि योग्य हैं, तो उनको नौकरी नहीं दी जाए?' उनके मुताबिक, ऐसी धारणा बनाई जा रही है कि यह एक राजनीतिक नियुक्ति है। बहरहाल, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच इस तरह का टकराव कोई अच्छा संकेत नहीं है। निश्चित तौर पर इसका असर शिक्षण संस्थानों पर पड़ेगा। राज्यपाल दूरदर्शी रवैया अपना सकते थे और मौजूदा प्रक्रिया में उलझने के बजाय संस्थागत सुधार की सिफारिश कर सकते थे। कुलपति पर उनकी नाराजगी और तीन साल पहले की घटना को याद करने से उन आरोपों को बल मिलता है कि वह इस मुद्दे को एक खास वैचारिक चश्मे से देख रहे हैं। वामपंथ का राष्ट्रव्यापी राजनीतिक कद घट चुका है और केरल में वह अपने अंतिम गढ़ को बचाने की जद्दोजहद कर रहा है। उससे शायद ही उस तरह के पेशेवर आचरण की उम्मीद की जा सकती है, जिसकी आकांक्षा राज्यपाल पाल रहे हैं। मुख्यमंत्री के सचिव रागेश एसएफआई के पूर्व प्रमुख और सांसद हैं। उनकी पत्नी प्रिया ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि उनके पास एसोशिएट प्रोफेसर बनने की आवश्यक शैक्षणिक योग्यता व विशेषज्ञता है।

**■ एस. श्रीनिवासन**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले-हे नृपश्रेष्ठ! सभी देवता पराजित हो गये। इसके बाद शुम्भ राज्यपर शासन करने लगा। इस प्रकार एक हजार वर्ष व्यतीत हो गये।।1।।

तत्पश्चात् राज्यच्युत होनेके कारण देवता महान् दुस्सह चिन्तामें पड़ गये। दुःखसे व्याकुल हुए वे देवता गुरू बृहस्पतिसे आदरपूर्वक यह पूछने लगे।।2।।

हे गुरो! अब हम क्या करें, आप हमें बतायें। आप सर्वज्ञ महामुनि हैं। हे महाभाग! दुःखकी निवृत्तिका उपाय भी तो होता है। हजारों ऐसे वैदिक मन्त्र हैं, जो उपचारोंसे परिपूर्ण हैं और सभी मनोरथ पूर्ण करनेवाले हैं। सूत्रोंने उनका भलीभांति निदर्शन भी किया है। सभी वांछित फल प्रदान करनेवाले अनेक प्रकारके यज्ञ भी बताये गये हैं। हे मुने! आप उनका अनुष्ठान कीजिये; क्योंकि आप उनकी क्रिया-विधिको भलीभांति जानते हैं।।3-4।।

शत्रुओंके विनाशके लिये वेदमें जैसा उपाय बताया गया है, अब आप विधिपूर्वक उसका अनुष्ठान किजिये, जिससे हमारे दुःखका पूर्णरूपसे नाश हो जाय। हे आंगिरस! दानवोंके विनाशके लिये आप अपनी बुद्धिके अनुसार आज ही अभिचारकर्म आरम्भ करनेकी कृपा कीजिये।।6-7।।

**बृहस्पति बोले**- हे देवराज! वेदोंमें बताये गये सभी मन्त्र प्रारब्धके अनुसार ही फल प्रदान करनेवाले हैं। वे स्वतन्त्र नहीं हैं और नियमके अनुसार ही फल प्रदान करते हैं।।8।।

उन मन्त्रोंके देवता तो आप ही लोग हैं। जब आपलोग स्वयं समयके फेरसे कष्टमें पड़े हुए हैं तो मैं कौन-सा उपाय करूं?।। 9।।

यज्ञ-कर्मोंमें इन्द्र, अग्नि, वरूण आदिकी पूजा की जाती है और वे आप सब देवता ही स्वयं विपत्ति भोग रहे हैं, तब यज्ञ क्या कर सकेंगे?।।10।।

अवश्यम्भावी घटनाओंका कोई प्रतीकार नहीं है; फिर भी [संकटसे बचनेके लिये] उपाय तो करना ही चाहिये, यह शिष्ट पुरूषोंका उपदेश है।।11।।

कुछ विद्वान कहते है कि दैव सबसे बलवान् होता है और उपायवादी लोग दैवको निरर्थक बताते हैं, किंतु मनुष्योंके लिये दैव ओर उपाय दोनों ही आवयश्क माने गये हैं। मात्र दैवका आश्रय लेकर कभी भी बैठे नहीं रहना चाहिये। अपनी बुद्धिसे विचार कर-के सम्यक् रूपसे प्रयत्न करनेमें तत्पर हो जाना चाहिये। इसलिये भलीभांति बार-बार सोच-विचारकर मैं आप सभी को उपाय बता रहा हूं।।12-14।।

पूर्वकालमें जब भगवती जगदम्बाने आपलोगोंपर प्रसन्न होकर महिषासुरका वध किया था, उस समय आपलोगोंके स्तुति करनेपर उन्होंने यह वरदान दिया था-आपलोगोंके स्मरण करनेपर मैं सदा आपलोगोंपर दैव-जन्य आपदायें आयें, तब-तब आप देवतागण मेरा ध्यान कीजियेगा, स्मरण करते ही मैं आपलोगोंकी बड़ी-से -बड़ी विपत्तियोंका नाश कर दूंगी'।।15-19।।

**- क्रमशः**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# नालियों में पॉलिथीन न फेंके

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

**■ राम प्रसाद मेदिनीनगर।**

# सूदखोर महाजनों से भी ज्यादा खतरनाक होने लगे लोन ऐप

एक दुखद खबर 24 अगस्त, 2022 के अखबार में नजर आई। खबर के अनुसार, एक लोन एप से तीन लाख रुपये के पर्सनल लोन लेने के बाद रिकवरी एजेंट ने इंदौर के अमित यादव को मानसिक रूप से इतना उत्पीड़ित किया कि उन्होंने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। वर्ष 2022 के जुलाई महीने में लोन एप के जरिये लोन लेने वाले तीन लोगों ने तेलंगाना में खुदकुशी की थी, जिसकी जानकारी राज्य सरकार ने रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर दी। राज्य सरकार के अनुसार, लोन एप से जुड़े आपराधिक मामलों में वर्ष 2022 में 1300 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2021 में यह संख्या 61 थी, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 900 हो गई है। जनवरी 2020 से मार्च 2021 तक लोन एप के खिलाफ केंद्रीय बैंक को 2,500 से अधिक शिकायतें मिली हैं। इस तरह, कोरोना काल में लोन एप के जरिये कर्ज लेने वालों के उत्पीडन के मामले काफी बढ़ गये हैं। लोन एप की वजह से आत्महत्या करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, मगर अभी तक गैर-पंजीकृत लोन एप पर लगाम नहीं लगाया जा सका है। अभी लगभग 1,100 लोन एप हैं, जिनमें से 600 से अधिक गैर-पंजीकृत हैं। लोन एप 500 से 10,000 रुपये तक के तत्काल पर्सनल लोन देने की पेशकश करते हैं। कई लोन एप 7 से 30 दिनों तक के लिए भी लोन देते हैं। गैर-पंजीकृत लोन एप द्वारा लोन देने के मॉडल को 'चीनी लोन एप' भी कहा जाता है। गैर-पंजीकृत लोन एप की गूगल प्ले स्टोर पर मौजूदगी को नियंत्रित करने के संभावित उपायों पर सरकार विचार कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 10 अगस्त को मामले में ठोस कानून बनाने का आग्रह सरकार से किया है। केंद्रीय बैंक चाहता है कि लोन एप ऋण की राशि ऋण लेने वालों के बैंक खाते में सीधे जमा करे। लोन एप का समय-समय पर ऑडिट भी कराया जाए। साथ ही, सुनिश्चित किया जाए कि लोन एप मोबाइल फोन के संसाधनों, जैसे फाइलों, गैलरी, संपर्क सूची, कॉल लॉग्स, टेलीफोन के फंक्शन आदि तक पहुंच न बनाएं। अमूमन भुगतान की तारीख निकलने के बाद लोन एप के एजेंट कर्जदारों को प्रताड़ित करना शुरू करते हैं। वे लोन लेने वालों को जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ आपत्तिजनक बिगाड़ी गई तस्वीरों को दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ साझा करने की भी धमकी देते हैं। लोन एप एजेंटों की मंशा कर्ज की राशि से कई गुना ज्यादा रकम उधारकर्ताओं से वसूलने की रहती है। लोन एप के एजेंट बिना कर्ज लिए ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कर्जदार बताकर उनसे पैसों की वसूली भी करते हैं। ऐसी ब्लेकमेलिंग छोटी धनराशि के लिए की जाती है। कहा जाता है कि आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो-तीन दिनों में पैसे वापस नहीं करेंगे, तो आपकी नितांत निजी तस्वीरें वायरल कर दी जायेंगी। कर्जदार के अलावा लोन रिकवरी एजेंट उसके मित्र या रिश्तेदार से भी वसूली करते हैं। लोन एप के जरिये ठगी को बढ़ावा देने का काम भी सोशल मीडिया कर रहा है। वहां लोन एप के विज्ञापन खूब आते हैं। वाट्सएप के जरिये भी ऐसे विज्ञापन लोगों तक पहुंच रहे हैं। दो से पांच हजार रुपये तक का कर्ज लेने वाले लोग बिना दिशा-निदेर्शों को पढ़े-जाने कर्ज ले लेते हैं। लोन एप के जरिये बढ़ती ठगी की वजह से केंद्रीय बैंक ने अपनी रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा है कि लोग लोन एप से ऋण लेते समय बहुत सतर्क रहें। बैंक खाते की जानकारी, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का पिन नंबर किसी से शेयर न करें। प्रोसेसिंग फीस के रूप में अगर ज्यादा पैसे मांगे जा रहे हैं, तो ऋण नहीं लें। लोन एप की रेटिंग जरूर देख लें, उसका रिव्यू भी पढ़ लें, यह भी पता कर लें कि वह पंजीकृत है या नहीं। आधार नंबर, पैन कार्ड के एवज में ऋण देने वाले लोन एप से भी ऋण न लें। यदि लोन रिकवरी एजेंट किसी तरह की धमकी दे रहा है, तो तुरंत पुलिस के साइबर सेल में शिकायत करें। ठगी से बचने के लिए लोक-लाज की परवाह नहीं करें और न ही कानूनी प्रक्रिया से डरें। देखा जाए, तो लोन एप सूदखोर महाजन या साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है। पुलिस में शिकायत के बावजूद ठगों को पकड़ना आसान नहीं होता है। इसलिए सावधानी ही बचाव है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ सतीश सिंह**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# भाजपा के मीडिया ट्रायल से परेशान होकर दिया इस्तीफा : कार्तिक कुमार



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विवादों में घिरे पूर्व मंत्री कार्तिक कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया ट्रायल से परेशान होकर उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया। श्री कुमार से गुरुवार को पत्रकारों ने जब यह जानना चाहा कि क्या विधि विभाग से हटाकर गन्ना विभाग की उन्हें जिम्मेदारी दिए जाने के कारण वह नाराज होकर इस्तीफा दिए हैं या इस्तीफे के लिए सरकार की ओर से उनपर कोई दबाव था, इस पर उन्होंने कहा कि वह भाजपा के मीडिया ट्रायल से परेशान हो गए थे और इस कारण ही उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि उनके कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम खराब हो। उनकी वजह से लोग उन्हें भला-बुरा कहें, वह इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग बदले जाने से वह नाराज नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने 25 साल शिक्षक के तौर पर नौकरी की है और कभी उन पर कोई दाग नहीं लगा। उनके ऊपर सिर्फ एक केस दर्ज हुआ है, इसके अलावा और कोई मुकदमा नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री अनंत सिंह और उनके बड़े भाई से उनका संबंध रहा है, वह इंकार नहीं करते हैं। इसी का फायदा उठाकर भाजपा के लोग उन्हें बदनाम कर रहे हैं। गौरतलब है कि विवादों में घिरे राज्य के कानून मंत्री कार्तिक कुमार का विभाग मंगलवार को बदल दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सलाह पर श्री कार्तिक कुमार को गन्ना उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी जबकि मंत्री शमीम अहमद को कानून मंत्री बनाया गया था। मुख्यमंत्री के इस फैसले के 24 घंटे के अंदर ही मंत्री कार्तिक कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बाहुबली अनंत सिंह के करीबी कार्तिक कुमार इसी वर्ष स्थानीय प्राधिकार से बिहार विधान परिषद के सदस्य चुने गए थे। उनके खिलाफ पटना जिले के बिहटा थाना में आठ साल पहले एक बिल्डर के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में जिस दिन उन्हें अदालत में समर्पण करना था उसी दिन उन्होंने राजभवन पहुंचकर मंत्री पद की शपथ ली थी। यह मामला मीडिया में आने पर सरकार की काफी किरकिरी हो रही थी।

## बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पूर्व की तरह एक दिन और एक पाली में ही होगी



**पटना (एजेंसी)।** परीक्षार्थियों की मांग पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा अब पूर्व की तरह ही एक ही दिन और एक पाली में ली जायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की समस्या पर मुख्य सचिव आमिर सुबहानी और बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद के साथ बैठक की। बैठक में बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा पूर्व की तरह एक दिन एवं एक पाली में ही लिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने पूरी स्थिति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अवगत कराया और बताया कि उन्होंने सभी जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विमर्श किया है। इसके बाद इस संदर्भ में निर्णय लिया गया है कि आयोग की प्रारंभिक परीक्षा पूर्व की तरह एक दिन एवं एक पाली में ही ली जाएगी। गौरतलब है कि 08 मई को बीपीएससी की हुई 67वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक होने की वजह से परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। इस मामले में जांच के बाद कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई। इस घटना से सबक लेते हुए बीपीएससी ने परीक्षा में कई बदलाव किए हैं। इसी के तहत आयोग ने दो दिनों में 20 और 22 सितंबर को परीक्षा लेने का निर्णय लिया था। अभ्यर्थियों ने इस बदलाव का विरोध करते हुए बुधवार को पटना में प्रदर्शन किया था।

## बेगूसराय को आपदा ग्रस्त घोषित कर किसानों को 25 हजार मुआवजा दे बिहार सरकार : गिरिराज

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बिहार के बेगूसराय में प्रकृति की जबरदस्त मार पड़ रही है। आधा बेगूसराय गंगा के उफान से पानी-पानी हो रहा है तो आधा बेगूसराय सुखाड़ के कारण पानी के लिए परेशान है। बेगूसराय के बिगड़ते स्थिति के मद्देनजर केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार सरकार से बेगूसराय को आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग किया है। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा है कि बेगूसराय एक तरफ सुखाड़ से जूझ रहा है तो दूसरी तरफ बाढ़ से जूझ रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र बेगूसराय का चार विधानसभा बाढ़ से पूर्णरूपेण तबाह है। बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी और साहेबपुर कमाल का आधा भाग गंगा से डूबा हुआ है। आज बिहार सरकार के मंत्री-सह-बेगूसराय के प्रभारी मंत्री शमीम अहमद बेगूसराय आ रहे हैं, वे आपदा की समीक्षा करेंगे। बाढ़ और सूखा के कारण बेगूसराय का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बिहार सरकार से निवेदन है कि घर डूब चुका है, फसल डूबकर बर्बाद हो चुका है, जानवरों की मृत्यु हो रही है इसलिए बिहार सरकार पूरे बेगूसराय जिले को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करें, प्रत्येक किसान को 25-25 हजार मुआवजा दे। सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज शाम चार दिवसीय दौरे पर बेगूसराय आ रहे हैं। शुक्रवार को बेगूसराय के बाढ़ प्रभावित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा करेंगे। बेगूसराय जिले के बछवाड़ा, तेघड़ा तथा मटिहानी तथा साहेबपुरकमाल विधानसभा क्षेत्र के तटीय इलाकों में गंगा के बाढ़ से फसल क्षति के साथ बड़ी आबादी प्रभावित हुई है। आवागमन एवं आवासीय आबादी प्रभावित हुई है, प्रभारी मंत्री ने स्थिति की समीक्षा की है। राज्य सरकार बेगूसराय जिले को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करे, क्योंकि आधी आबादी बाढ़ तथा आधी आबादी सुखाड़ से प्रभावित है।

## योगी ने 'डार्क वेब' पर कसा शिकंजा, एएनटीएफ लेगी एक्शन



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ मुहिम में इंटरनेट की दुनिया के सबसे खतरनाक 'डार्क वेब' पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने प्रदेश में डार्क वेब के माध्यम से होने वाले अवैध ड्रग कारोबार के समूल नाश की रूपरेखा बना ली है और इसे अमलीजामा पहनाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। यूपी पुलिस की एएनटीएफ ऐसी पहली विंग होगी, जो डार्क वेब पर शिकंजा कसेगी। अधिकृत सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में ड्रग माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और इसी के तहत एएनटीएफ का गठन किया गया है। तकनीकी का दुरुपयोग कर डार्क वेब, सोशल मीडिया और क्रिप्टो करेंसी के जरिए सिंथेटिक नारकोटिक्स एंड साइकोट्रोपिक ड्रग की सप्लाई की जाती है। योगी ने हाल ही में प्रदेश में इसे रोकने के लिए एएनटीएफ को टास्क सौंपा है। इसके अलावा प्रदेश के बाराबंकी, फैजाबाद, शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली, गाजीपुर, मऊ और रायबरेली में वैध अफीम की खेती होती है। इसके मद्देनजर अफीम की अवैध खरीद फरोख्त पर भी निगाह रखने के निर्देश एएनटीएफ को दिए गये हैं। उन्होने बताया कि सिंथेटिक नारकोटिक्स एंड साइकोट्रोपिक ड्रग के नेक्सस को तोड़ने के लिए एएनटीएफ में एक स्पेशल टीम का गठन किया जा रहा है, जिसमें आईटी स्पेशलिस्ट, साइबर एक्सपर्ट और साफ्टवेयर डवलपर होंगे। इसके अलावा एएनटीएफ के कार्मिकों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) से समन्वय स्थापित कर एएनटीएफ की स्पेशल टीम को ट्रेनिंग के लिए दिल्ली भेजा जाएगा। ऐसे गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसटीएफ के एक्सपर्ट की भी मदद ली जाएगी। सूत्रों के अनुसार नारकोटिक्स एंड साइकोट्रोपिक ड्रग को केमिकल्स के जरिए बनाया जाता है, जिसकी वजह से यह प्राकृतिक ड्रग से कहीं ज्यादा खतरनाक है। साइकोट्रोपिक के तहत करीब 112 ड्रग्स आती हैं, इसमें इंजेक्शन भी शामिल हैं। इसे बड़े पैमाने पर युवाओं तक पहुंचाने के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से लेनदेन भी किया जाता है। इस बारे में एएनटीएफ जागरूकता अभियान भी चलाएगी। ड्रग डिमांड रिडक्शन के तहत ड्रग लेने वाले लोगों को इसे बंद करने के लिए जागरुक किया जाएगा। इसके तहत रैली, सोशल और डिजिटल मीडिया के माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाएगा। ड्रग हॉर्म रिडक्शन के तहत नशा मुक्ति केंद्र में भी ऐसे लोगों को भर्ती किया जाएगा, ताकि वह नशे की लत को छोड़ दें। इसके लिए एनसीबी से भी समन्वय किया जाएगा।

## गाजीपुर नाव हादसे में मृतकों की संख्या पहुंची छह

**गाजीपुर (एजेंसी)।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के अठहठा गांव में हुए नाव हादसे में चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में गुरुवार को चार और बच्चों के शव मिले हैं। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब छह हो गई है, जबकि एक बच्ची की तलाश की जा रही है। 34वीं वाहिनी पीएससी के जवान और स्थानीय लोगों की मदद से गुरुवार की अलसुबह से ही बाढ़ के पानी में डूबे लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रेस्क्यू ऑपरेशन में चार बच्चों की लाश निकाली गई है। इनकी पहचान शिवंकर के चौदह वर्षीय पुत्र सत्यम, अनिल पासवान की बेटी संध्या (08), विजय शंकर का पुत्र अमित (14), दयाशंकर का बेटा खुशीहाल यादव (13) के रूप में की गई है। जबकि शिवशंकर (40) नगीना पासवान (50) की लाश बुधवार की शाम को ही मिल गए थे। अभी अलीशा पुत्री कमलेश की तलाश जारी है। राहत एवं बचाव कार्य में एडीएम अरुण सिंह, एसडीएम राजेश प्रसाद, सीओ विजय आनंद साही, एसओ रेवतीपुर प्रशांत चौधरी, पतहसीलदार, लेखपाल आदि राजस्वकर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि, रेवतीपुर थाना क्षेत्र के अठहठा गांव के पास 25 लोगों को लेकर आ रही नाव गंगा की बाढ़ में पलट गई थी। इस हादसे के बाद कई लोगों ने तैरकर जान बचाई तो कुछ लोगों को आसपास के नाविकों और मल्लाहों ने बचाया।

## 2024 में हम पटेल समाज के बेटे नीतीश को प्रधानमंत्री बनाएंगे : जीतन मांझी



**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पीएम उम्मीदवारी को लेकर इन दिनों बिहार की राजनीति में चल रही चर्चा को पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी हवा दे दी है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने साफ तौर पर आज कहा है कि नीतीश कुमार पीएम उम्मीदवार के चेहरा होंगे और 2024 में हम उन्हें प्रधानमंत्री बनाएंगे। जीतन राम मांझी ने गुरुवार को ट्वीट करते हुए लिखा है- देश को जोड़ने वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल के वक्त तो हम चूक गये थे। आज फिर वक्त आ गया है जब हमें मौका मिल रहा है कि पटेल समाज के बेटे नीतीश कुमार को हम 2024 में प्रधानमंत्री बनाएं। तब सरदार पटेल ने देश जोड़ा था, अब फिर पटेल का बेटा ही देश तोड़ने वालों से लड़कर देश जोड़ेगा। जीतन राम मांझी के ट्वीट का समर्थन करते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रवक्ता दानिश रिजवान ने भी यही बात कही है कि 2024 में नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनेंगे और इसके लिए हम जी जान लगा देंगे। दानिश ने कहा कि आज जो भारत दिख रहा है, वह सरदार पटेल की मेहनत का नतीजा है। एक वक्त था जब देश को जोड़ने के लिए सरदार पटेल ने अपनी जिन्दगी लगा दी थी, लेकिन उस वक्त हम चूक गए थे। अभी देश में हिंदू-मुस्लिम और दलित-फॉरवर्ड के नाम पर लड़वाया जाता है। अब वक्त आ गया है कि हम सरदार पटेल जैसे शक्तिशाली नेता को चुने। नीतीश कुमार को अब प्रधानमंत्री बनाने का समय आ गया है। उल्लेखनीय है कि जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा का साथ छोड़कर महागठबंधन के साथ मिलकर बिहार में सरकार बनाये है तब से यही चर्चा हो रही कि नीतीश कुमार बिहार की कमान तेजस्वी के हाथों में सौंप केन्द्र का रूख कर सकते है। इसलिए नीतीश कुमार ने एनडीए का साथ छोड़ा है।

## मंगलकोट विस्फोट मामले में तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल ने कहा- मैं निर्दोष हूं



**कोलकाता (एजेंसी)।** गुरुवार को 2010 मंगलकोट विस्फोट मामले में बीरभूम के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल विधाननगर अदालत में पेश हुए। इस मामले की सुनवाई के दौरान गौ तस्करी मामले में जेल में बंद तृणमूल नेता ने न्यायाधीश के सामने खड़े हुए और दावा किया कि वह निर्दोष हैं। मामले की अगली सुनवाई कल यानि शुक्रवार को होगी। शुक्रवार से दोनों पक्षों की ओर से सवाल-जवाब शुरू होगे। उस प्रकरण के बाद, न्यायाधीश फैसला सुनायेंगे। हालांकि अणुव्रत को व्यक्तिगत रूप से अभी कोर्ट में नहीं आना पड़ेगा। अणुव्रत मंडल को गुरुवार सुबह करीब 6:45 बजे आसनसोल जेल से वैन के बजाय वातानुकूलित कार में कोलकाता लाया गया था। अणुव्रत ने कोर्ट से निकलते हुए पंचायत चुनाव की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार का पंचायत चुनाव जबरदस्त होगा। तभी एक चाय बेचने वाले ने उन पर निशाना साधा और गाय चोर बताकर नारेबाजी की। इसके बाद अणुव्रत कोलकाता के लिए रवाना हो गए। इसी बीच हुगली के सिंगूर के रतनपुर में कार को रोका गया। उन्हें राधाबल्लभी, दो उबले अंडे और मिट्टी के बर्तन में चाय दिया गया। हालांकि विधाननगर कोर्ट के सामने पहुंचते ही तृणमूल नेता आपा खो बैठे। उनसे अभिषेक ने समन के बारे में पूछा गया। इस पर गुस्साए अणुव्रत ने कहा कि अभिषेक को तलब किया गया है तो मैं क्या करूं, नाचू? उल्लेखनीय है कि 11 अगस्त को सीबीआई ने अणुव्रत मंडल को गौ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों को तृणमूल नेता की दिवंगत पत्नी और बेटी की अनेकों संपत्ति की जानकारी मिली है। सीबीआई की निगरानी में बोलपुर के कम से कम 10 चावल मिलें हैं। भोले ब्योम, शिव शंभू राइस मिल में सीबीआई ने छापेमारी की।

### मवेशी तस्करी मामला : फिर सहगल हुसैन को 14 दिन की जेल हिरासत



**आसनसोल (एजेंसी)।** आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल के अंगरक्षक सहगल हुसैन को 14 दिन की जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने गुरुवार को यह आदेश दिया। सुनवाई की अगली तारीख इसी महीने की 15 तारीख मुकर्रर की गई है। दरअसल आसनसोल कोर्ट के वकील दिनकर व्यास के निधन के बाद गुरुवार को शोक दिवस मनाया गया। इसलिए सहगल के वकील सुनवाई में अनुपस्थित रहे। लेकिन सीबीआई ने गुरुवार को ही गौ तस्करी मामले के कई दस्तावेज न्यायाधीश को दिए। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को मुकर्रर कर दी गई। गुरुवार को एक तरफ जहां अणुव्रत आसनसोल जेल से विधाननगर विशेष अदालत के लिए रवाना हुए, वहीं दूसरी तरफ सहगल को आसनसोल की सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने उन्हें और 14 दिनों के लिए जेल की हिरासत में रखने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मवेशी तस्करी मामले में सहगल की जमानत खारिज हो गई थी। सहगल की जमानत याचिका अणुव्रत मंडल की गिरफ्तारी तक लंबित थी। 18 अगस्त को आसनसोल सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलील सुनी। सहगल के वकील अनिर्बान गुहा ने जमानत की गुहार लगाई। वकील ने गुहार लगाई कि सहगल की बूढ़ी मां घर में है। शारीरिक रूप से अक्षम बेटी हैं। कोई आदमी नहीं है। उसकी पत्नी को अकेले ही सबकुछ करना पड़ता है।

## हाईकोर्ट ने गंगा की सफाई में खर्च हुए पैसे का मांगा हिसाब



**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंगा प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए जल निगम, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली पर तल्ख टिप्पणी की है। कहा विभाग अपनी जवाबदेही को शटलकॉक की तरह शिफ्ट कर रहे हैं। जल निगम के पास पर्यावरण विशेषज्ञ नहीं फिर वह पर्यावरण की निगरानी कैसे कर रहा है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चलाने की जिम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी को सौंप दिया है और स्वयं अक्षम अधिकारी के मार्फत निगरानी कर रहा है। कोर्ट ने तीखी नाराजगी जताई। कोर्ट ने महानिदेशक नेशनल मिशन क्लीन गंगा से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है और पूछा है कि नमामि गंगे परियोजना के तहत अब तक कितना पैसा खर्च किया है। कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जांच रिपोर्ट मांगी है। बोर्ड ने एसटीपी की जांच के लिए 28 टीमें गठित की है। कोर्ट ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से टेस्टिंग, शिकायत निस्तारण व अधिकारियों के खिलाफ अभियोग चलाने की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही पूछा कि गंगा जिन शहरों से होकर गुजरती हैं, वहां पर बने नालों को एसटीपी से जोड़ा गया या नहीं। उन्होंने इस सम्बंध में यूपी जल निगम, जल निगम अर्बन से हलफनामे पर जानकारी देने को कहा है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अजीत कुमार की फुल बेंच ने गंगा प्रदूषण के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने सुनवाई केदौरान गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने में आपसी तालमेल बनाकर काम न करने पर नाराजगी जताई। कहा कि मामले में विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सही से जवाब देने की बजाय शॅटल कॉक की तरह एक-दूसरे के पाले में डाल रहे हैं। जबकि, हकीकत में विभागों के कार्य आंखों में धूल झोंकने वाले हैं। कोर्ट ने उन शहरों के साइट प्लॉनों को भी देखा जहां से गंगा गुजरी है। कोर्ट को बताया गया कि यूपी में गंगा 15 शहरों से गुजरती हैं। उसके लिए साइट प्लान की रिपोर्ट प्रमुख सचिव नमामि गंगे की ओर से दाखिल किया गया है। इन शहरों में 74 नाले हैं, जो गंगा में गिर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी से पूछा कि इन शहरों की एसटीपी से शहरों के नालों को जोड़ा गया है कि नहीं। इस पर न्यायमित्र अरुण गुप्ता ने कहा कि प्रयागराज सहित अन्य जिलों में तकरीबन 58 से 60 फीसदी कनेक्ट किया गया है। तीन जिलों में बलिया, प्रतापगढ़ सहित तीन जिलों में एसटीपी नहीं बनी हैं। कानपुर की ट्रेनरियों को कहीं शिफ्ट नहीं किया गया। इतने पैसे खर्च करने के बावजूद गंगा की स्थिति जस की तस है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लॉट (एसटीपी) की मॉनिटरिंग भी सहीं तरीके से नहीं हो पा रही है। एसटीपी का संचालन निजी एजेंसी के जरिए कराया जा रहा है लेकिन हालत यह है कि संचालित एसटीपी ओवरफ्लो है। निगमों के पास कोई पर्यावरण इंजीनियर नहीं है। सुनवाई के दौरान नेशनल गंगा मिशन, जल निगम, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य विभागों की ओर से आदेश के बावजूद मामले में जवाब दाखिल न करने पर कोर्ट ने तीखी नाराजगी जताई। इन विभागों की ओर से पेश हुए अधिवक्ताओं ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया।

### बिहार को उत्तर प्रदेश से जोड़ने के लिए बाइपास सड़क का होगा निर्माण

**बेतिया।** बिहार-यूपी को जोड़ने वाली बगहा-मदनपुर-पनियहवा सड़क के निर्माण में उत्पन्न हो रही बाधाओं के मद्देनजर बाईपास सड़क का निर्माण एनएच द्वारा कराया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में विधायक, धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधान पार्षद, भीष्म सहनी, सांसद, वाल्मीकिनगर के प्रतिनिधि सहित कार्यपालक अभियंता, नेशनल हाईवे डिविजन, मोतिहारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में दिल्ली से आये कंसलटेंट द्वारा बाइपास सड़क निर्माण हेतु विभिन्न एलाइनमेंट का पावर प्रजेंटेशन किया गया। उन्होंने बताया कि बाइपास सड़क निर्माण हेतु तीन एलाइनमेंट तैयार किया गया है जिसमें एसएसबी कैम्प, बगहा से यूपी बॉर्डर, डुमवलिया से बेलबनिया (यूपी), रतनमाला से निबुआ (यूपी) शामिल हैं।

## न्यूज गैलरी

### राष्ट्रपति मुर्मू, मोदी, नवीन ने ओडिशा के निवासियों को दी नुआखाई पर्व की बधाई



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनाटक ने नुआखाई के अवसर पर ओडिशा के निवासियों को गुरुवार को बधाई दी। यह उत्सव मुख्य रूप से पश्चिमी ओडिशा में बहुत धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रीमती मुर्मू ने ट्वीट करके पश्चिमी ओडिशा के भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह त्योहार सभी के लिए प्यार, सद्भाव और समृद्धि लाए। श्री मोदी ने ट्वीट करके अपने शुभकामना संदेश में कहा, नुआखाई जुहार! इस खास दिन पर सभी को शुभकामनाएं। यह हमारे मेहनती किसानों को देश का पेट भरने में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर है। हमारा समाज प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुए और सभी खुश और स्वस्थ रहें। श्री पटनायक ने इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, जय माँ समलेश्वरी। आप सभी को नुआखाई जुहार।माँ समलेश्वरी से पहले मेरी प्रार्थना है कि आप सभी को स्वस्थ रखें। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी इस अवसर पर ओडिशा के लोगों को शुभकामनाएं दीं। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, हमें भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। नुआखाई हम सभी के लिए शांति, प्रेम और समृद्धि लाए।समय आ गया है कि हम सभी देश में कृषि और किसानों की स्थिति को मजबूत करने के लिए हाथ मिलाएं।

### ममता ने यूनेस्को का किया धन्यावाद



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा को एक भावात्मक सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता देने के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) को धन्यवाद दिया। सुश्री बनर्जी ने ट्वीट कर कहा, दुर्गा पूजा एक ऐसी भावना है, जो संकीर्णता की बाधाओं से ऊपर उठकर हमें एक साथ लाती है। यह कला की भव्यता को अध्यात्म से जोड़ती है। उन्होंने कहा, हम दुर्गा पूजा को एक भावात्मक सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता देने और इसमें शामिल सभी लोगों के प्यार के श्रम का सम्मान प्रदान करने के लिए यूनेस्को को धन्यवाद देते हैं। सुश्री बनर्जी ने बुधवार को कहा था, कोलकाता की दुर्गा पूजा को यूनेस्को द्वारा 'भावात्मक सांस्कृतिक विरासत टैग' दिया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।


### वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** चंडी थाना क्षेत्र के गंगौरा गांव के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान गंगौरा गांव निवासी सोहेल यादव के रूप में की गई है। परिजन ने बताया कि गुरुवार की सुबह सोहेल यादव खेत में खाद देने के लिए चंडी बाजार से मुलिया खरीदने जा रहा था कि बिपरीत दिशा से आ रही वाहन ने उसे बुरी तरह कुचल दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना चंडी थाना पुलिस को दी गई। चंडी थाना पुलिस ने सूचना पाकर घटनास्थल पर जाकर स्थिति की जांच करते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। चंडी थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन से कुचलकर युवक की मौत हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर अग्रसर कारवाई में जुट गई है। पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बलिया में सड़क दुर्घटना में हुई बालक की मौत

**बलिया (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बलिया के सहतवार थानाक्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से चार वर्षीय बालक की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के सुरहीयां गांव के समीप सहतवार- बांसडीह मार्ग पर बुधवार की देर शाम बासडीह की तरफ से आ रहे ट्रक ने अथर्व सिंह(04) को टक्कर मार दी। घटना में अथर्व की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची सहतवार थाने की पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फसल लूटने का विरोध करने पर बदमाशों ने किसान को मारी गोली



**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय में गोलीबारी का सिलसिला लगातार जारी है। अब बदमाशों ने बलिया थाना क्षेत्र के कमालपुर दियारा में भूमि विवाद में एक किसान को गोली मारकर घायल दिया। घायल किसान कमालपुर निवासी मनोज कुमार मुकुल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मनोज कुमार अपने खेत में लगा फसल देखने गए थे, जहां कि गांव के ही बदमाश छोटे महतो एवं दिनेश महतो सहित पांच-छह लोग मनोज के खेत में लगी फसल काटने लगे। विरोध करने पर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दिया तथा एक गोली मनोज कुमार के सिर में लग गई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन ने बताया कि विवादित बताए जा रहे उक्त जमीन पर वर्षों से मनोज के द्वारा फसल लगाया जाता रहा है। लेकिन बदमाशों ने जबरन अपनी जमीन बताकर फसल लूटने की कोशिश किया तथा विरोध करने पर गोली मार दिया। बलिया थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलते ही मामले की छानबीन और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडीस ने कोलंबो में पांच सितंबर से शुरू हो रही सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। भारत टूर्नामेंट के पहले दिन भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। फाइनल 16 सितम्बर को खेला जाएगा। बिबियानो ने कहा कि खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। वे इस टूनार्मेंट में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य सैफ चैंपियनशिप जीतना और ग्रुप में शीर्ष पर रहकर एएफसी अंडर-17 चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करना है।

### अपेक्षा फाइनल में पहुंचनेवाली पहली भारतीय महिला बनीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अपेक्षा फर्नांडीस विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गयी हैं। वह पेरू के लीमा में चल रही प्रतियोगिता में महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही। इस 17 वर्षीय भारतीय तैराक ने बुधवार को फाइनल में दो मिनट 19.14 सेकंड का समय निकाला और वह आठ तैराकों में अंतिम स्थान पर रही। अपेक्षा ने इससे पहले क्वालीफाइंग में दो मिनट 18.18 सेकंड का समय निकालकर अपने ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया और फाइनल में जगह बनाई। वह किसी विश्व प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो मिनट 18.39 सेकंड था जो उन्होंने जून में बनाया था लेकिन अभी इसे भारतीय तैराकी महासंघ से मान्यता मिलने का इंतजार है। तैराकी में किसी समय को राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब इसे राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में हासिल किया गया हो। अन्य प्रतियोगिताओं में निकाले गए समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है। इस बीच पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भारत के वेदांत माधवन गलत शुरूआत के कारण अयोग्य घोषित कर दिए गए जबकि संभव रामा राव फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे।

### हांगकांग टीम : के शाह ने स्टेडियम में किया गर्लफ्रेंड को प्रपोज



**दुबई (एजेंसी)।** दुबई के मैदान पर टीम इंडिया के खिलाफ मैच खेलनेवाले किंचित शाह के लिए बुधवार का दिन यादगार हो गया। भले ही उनकी टीम मैच 40 रन से गंवा बैठी, लेकिन किंचित ने मैच के बाद अपनी गर्लफेंड को शादी के लिए प्रपोज कर अपना दिन बना लिया। यह क्षण तब बना जब दोनों टीमें पवेलियन में आ चुकी थी। इसी बीच शाह को दर्शक दीर्घा में जाते हुए देखा गया। वहां बैठी लड़की के सामने वह घुटने के बल बैठे और उसे प्रपोज कर दिया। लड़की ने हां में सिर हिलाया जिसके बाद क्रिकेट फैंस ने उनका जोश बढ़ाया। किंचित की बात करें तो उनका जन्म मुंबई में ही हुआ था। वह तीन महीने के थे जब उनके पिता उन्हें हांगकांग ले गए। वह करोड़पति परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पिता देवांग शाह भी पहले क्रिकेट खेलते थे लेकिन भारत से न खेल पाने के बाद उन्होंने बेटे को क्रिकेटर बनाया। देवांग हीरे का बिजनेस करते हैं। उन्होंने हांगकांग टी-20 ब्लिट्ज टूर्नामेंट में खुद की एक फ्रेंचाइजी भी खरीदी थी जिसकी कप्तानी किंचित ने ही की थी। इस टीम में डैरेन सैमी, जोहान बोथा जैसे स्टार खिलाड़ी भी थे।

# रोड सेफ्टी विश्व सीरीज में इंडियन लीजेंड्स की अगुवाई करेंगे सचिन



**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रोड सेफ्टी विश्व सीरीज के दूसरे सत्र में मौजूदा चैंपियन इंडिया लीजेंड्स की अगुवाई करेंगे। आयोजकों ने गुरुवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट 10 सितम्बर से 22 दिन तक विभिन्न स्थलों पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच कानपुर में होगा जबकि रायपुर में दोनों सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन दो अन्य स्थानों पर मैच खेले जाएंगे उनमें इंदौर और देहरादून शामिल हैं। टूर्नामेंट में इस बार न्यूजीलैंड लीजेंड्स की टीम भी भाग लेगी। देश और विश्वभर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के मुख्य उद्देश्य के साथ खेले जानेवाली इस प्रतियोगिता में भारत और न्यूजीलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड की टीमें भी हिस्सा लेंगी। इस सीरीज को भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय का समर्थन हासिल है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि रोड सेफ्टी विश्व सीरीज सामाजिक बदलाव में अहम भूमिका निभाएगी तथा सड़क और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों का नजरिया बदलने के लिए आदर्श मंच के रूप में काम करेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि रोड सेफ्टी विश्व सीरीज क्रिकेट के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं किस देश का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक रहें और सड़क से जुड़े सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करें। इसके लिए हमें लोगों में जागरूकता पैदा करनी है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह सीरीज इसमें अहम भूमिका निभाएगी।

## सात अक्टूबर से आईएसएल, केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच होगा पहला मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र सात अक्टूबर से शुरू होगा जिसका पहला मैच कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिछले साल के उपविजेता केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच खेला जाएगा। वैश्विक फुटबॉल लीग की तर्ज पर आईएसएल के मैच गुरुवार और रविवार के बीच खेले जाएंगे। आईएसएल में भाग लेने वाली टीमें अभी एशिया की सबसे पुरानी प्रतियोगिता डूरंड कप में खेल रही हैं। आईएसएल की समाप्ति के बाद अप्रैल में सुपर कप होगा। भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग में दो सत्र के बाद पहली बार दर्शकों की भी स्टेडियम में वापसी होगी। अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए आईएसएल ने सप्ताहांत में अधिक मैच रखे हैं। आईएसएल के नए प्रारूप के अनुसार लीग चरण में शीर्ष पर रहनेवाली दो टीमें स्वतः ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीम एक चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी जिससे सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो अन्य टीमों का निर्धारण होगा। मौजूदा चैंपियन हैदराबाद एफसी अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई सिटी एफसी से खेलेगा। लीग चरण में प्रत्येक टीम 20 मैच खेलेगी। इनमें से 10 मैच वह घरेलू मैदान पर खेलेगी।

# सूर्यकुमार ने लगाये 360 डिग्री और हेलीकॉप्टर शॉट्स, कमेंटेटर्स ने कहा- भारत का डिविलियर्स

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप-2022 में भारत ने दूसरे लीग मैच में हांगकांग के खिलाफ 40 रन से जीत दर्ज करते हुए सुपर-4 में जगह बनाई। इस दौरान जहां रोहित शर्मा और केएल राहुल खराब फॉर्म में नजर आए। वहीं, विराट कोहली एक फॉर्म पर वापसी की राह पर अग्रसर हैं जबकि सूर्यकुमार यादव ने मैदान में हर तरफ शॉर्ट लगाते हुए एबी डिविलियर्स और लम्बे छक्कों से फैंस को महेंद्र सिंह धोनी की याद दिला दी। भारतीय पारी के दौरान 16वें ओवर में एजाज खान गेंदबाजी पर थे सूर्यकुमार यादव स्ट्राइक पर खड़े थे। एजाज ने ऑफ साइड के बाहर बॉल डाली और सूर्यकुमार ने कदम आगे बढ़ाते हुए नीचे बैठकर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। जहां पूरी हांगकांग की टीम सूर्यकुमार के इस शॉट को देखकर दंग रह गई वहां कमेंटेटरों ने सूर्यकुमार को भारत का डिविलियर्स बोल दिया। वहीं, 18वें ओवर में आयुष शुक्ला जब गेंदबाजी कर रहे थे तो ओवर की चौथी गेंद पर सूर्या ने धोनी की तरह हेलीकॉप्टर शॉट खेला और गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। इनिंग ब्रेक में सूर्यकुमार से हेलीकॉप्टर शॉट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैंने इन सब शॉट की प्रैक्टिस पहले नहीं की थी। आखिरी ओवर में भी सूर्यकुमार का बल्ला चला और कुल 26 रन बनाए जिसमें एक भी गेंद नॉनस्ट्राइक एंड पर खड़े कोहली को खेलने को नहीं मिली। सूर्यकुमार ने पहली तीन गेंदों पर सिक्सर लगाए, चौथी गेंद पर शून्य के बाद एक और छक्का जड़ते हुए अंतिम गेंद पर 2 रन लिए।

## कोहली के रिएक्शन पर सूर्यकुमार का रिप्लाई- पहले कभी इस तरह का नहीं था अनुभव



**दुबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ खेली गयी लाजवाब पारी से विराट कोहली इतने खुश थे कि उन्होंने टोपी उतार कर उन्हें नमन किया जिसे मुंबई के इस बल्लेबाज ने दिल छूने वाला करार दिया। सूर्यकुमार यादव ने हांगकांग के खिलाफ केवल 26 गेंदों पर नाबाद 68 रन की धुआंधार पारी खेली इसमें छह छक्के और इतने ही चौके शामिल हैं। भारत ने यह मैच 40 रन से जीत कर सुपर चार में जगह बनाई। सूर्यकुमार की बेहतरीन पारी कोहली की 44 गेंदों पर खेली गई नाबाद 59 रन की पारी पर हावी हो गई। भारतीय पारी समाप्त होने के बाद कोहली ने सूर्यकुमार के सामने सिर झुकाया और कहा क्या है यह। सूर्यकुमार ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विराट कोहली के हाव-भाव दिल छूने वाले थे। मुझे इससे पहले कभी इस तरह का अनुभव नहीं था। मैं हैरान था कि आखिर वह मेरे से आगे क्यों नहीं जा रहे हैं और जब मुझे अहसास हुआ तब मैंने उनसे साथ में चलने के लिए कहा। वह मुझसे कहीं अधिक अनुभवी हैं। सूर्यकुमार और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 98 रन की अटूट साझेदारी की जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सूर्यकुमार ने कहा कि मैंने उनके साथ बल्लेबाजी का भरपूर आनंद लिया। हम इस पर बात कर रहे थे कि आगे की गेंदों में किस तरह का रवैया अपनाना है। वह इतने अनुभवी खिलाड़ी हैं और मैंने बहुत अधिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। इसलिए मैच में ऐसे समय में इस तरह के अनुभवी खिलाड़ी का साथ होना काफी महत्व रखता है। पहले बल्लेबाजी का न्यौता पाने पर रोहित शर्मा और केएल राहुल अपनी अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए। इसके बाद कोहली और सूर्यकुमार ने जिम्मेदारी बखूबी निभाई। सूर्यकुमार ने कहा कि परिस्थिति ऐसी थी कि मेरे लिए क्रीज पर उतरते ही आक्रामक बल्लेबाजी करना जरूरी था। विकेट शुरू में थोड़ा धीमा खेल रहा था और मैंने विराट कोहली से बात की। उन्होंने मुझे अपना नैसर्गिक खेल खेलने की सलाह दी। मेरी रणनीति भी स्पष्ट थी और इसलिए मुझे बल्लेबाजी करने में मजा आया। सूर्यकुमार ने केवल 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। भारत लगातार दूसरी जीत से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है।

## रोहित ने विराट कोहली को पछाड़ दूसरे सबसे सफल टी-20 कप्तान बने



**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने हांगकांग के खिलाफ एशिया कप 2022 के दूसरे मैच में 40 रन से जीत दर्ज करते हुए सुपर-4 में जगह बनाई। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा विराट कोहली को पछाड़कर भारत के दूसरे सबसे सफल टी-20 इंटरनेशनल कप्तान बन गए हैं। रोहित शर्मा के नाम कप्तान के रूप में 37 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 31 जीत हासिल की हैं। इस प्रारूप में कप्तान के रूप में उनकी जीत का प्रतिशत 83.78 है। महेंद्र सिंह धोनी भारत के अब तक के सबसे सफल टी-20 इंटरनेशनल कप्तान बने हुए हैं। उन्होंने 72 मैचों में भारत की कप्तानी की जिसमें से टीम ने 41 जीते और 28 गंवाए हैं। एक बराबरी पर रहे और दो में कोई नतीजा नहीं निकला। प्रारूप में उनका जीत प्रतिशत 59.28 है। विराट कोहली अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। टी-20 इंटरनेशनल में कप्तान के रूप में अपने 50 मैचों में उन्होंने 30 जीते जबकि 16 मैचों में हार पाई है। दो मैच टाई में समाप्त हुए जबकि दो में कोई परिणाम नहीं निकला। इस प्रारूप में एक कप्तान के रूप में उनकी जीत का प्रतिशत 64.58 है। मैच की बात करें तो हांगकांग पहले बल्लेबाजी करने उतरी, टीम इंडिया ने अपने 20 ओवरों में 192/2 का स्कोर बनाया।


विराट कोहली ने 44 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाए जिसमें एक चौका और तीन बड़े छक्के लगाए। फिर अंतिम कुछ ओवरों में सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 68 रनों की शानदार पारी खेली। तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला (चार ओवर में 1/29) हांगकांग के गेंदबाजों की पसंद थे।

# टी-20 विश्व कप 2022 : ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का ऐलान



**सिडनी (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। सिंगापुर में जन्मे टिम डेविड को आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन के स्थान पर टीम में शामिल किया है। पैट कमिंस रिहैबिलिटेशन और शारीरिक तैयारी की अवधि के लिए उत्तर क्वींसलैंड में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से चूकने के बाद खेलने के लिए लौटे, जबकि एडम जम्पा अपने बेटे यूजीन के जन्म के बाद टी-20 टीम में लौट आए। बल्लेबाज टिम डेविड को लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन के साथ शामिल किया गया है जो पिछले साल दुबई में फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे। टीम वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ खेलने के लिए सितंबर में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत की यात्रा करेगी जो 22 अक्टूबर को एससीजी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खुलने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अग्रणी होगी। चयनकर्ताओं के एनएसपी अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, यह उस टीम के समान है जो टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम बन गई है, जो अब घर पर टूर्नामेंट खेलने के लिए बहुत उत्साहित हैं। टिम (डेविड) दुनिया भर की लीगों में कुछ गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शनों के साथ टीम में जगह बनाई है।

# पाक संग मुकाबले से पहले उमर गुल की पत्नी ने पति से किया खास अनुरोध



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने एशिया कप-2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक खेले गए दोनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत की जिसे उन्होंने 19.4 ओवर में 105 रन पर समेट दिया और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे मैच में बांग्लादेश को 20 ओवरों में 127/7 रनों पर रोक दिया और मोहम्मद नबी ने 18.3 ओवर में जीत दिलाने में मदद की। अफगानिस्तान के गेंदबाजों, प्रशंसकों और विशेषज्ञों द्वारा प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह मानना है कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी यदि वे भारत और पाकिस्तान जैसे अपेक्षाकृत बड़े विरोधियों के खिलाफ जीत दर्ज करें। नबी की टीम ने जहां मैच जीता वहीं अफगानिस्तान के गेंदबाजी कोच उमर गुल की पत्नी डॉ मरियम नक्श ने अपने पति से खास अनुरोध किया है। नक्श ने ट्वीट करते हुए अपने पति से पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए हाथ हल्का रखने का आग्रह किया। गुल ने हंसते हुए ट्वीट का जवाब दिया और इसे ओके लिखा,। इसके बाद नक्श ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर की टांग खींचने की कोशिश की और लिखा - मुझे विश्वास है कि मैंने आपको चिंता करने का एक अजीब कारण दिया है।

# विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल लेकिन असंभव नहीं : भूटिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितम्बर को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर रहे पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के विश्व कप में क्वालीफाई करने की राह काफी मुश्किल है लेकिन यह असंभव नहीं है। भूटिया ने कहा कि मौजूदा स्तर को देखते हुए भारतीय टीम के लिए विश्व कप में जगह बनाना आसान नहीं है लेकिन यह असंभव भी नहीं है। निकट भविष्य में भारतीय टीम के विश्व कप में क्वालीफाई करने से जुड़े सवाल के जवाब में भूटिया ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो भारतीय टीम के मौजूदा स्तर को देखते हुए यह बिलकुल भी आसान नहीं होने वाला लेकिन यह असंभव भी नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा और इसके लिए जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमें जमीनी स्तर पर अधिक टूर्नामेंट आयोजित करने और अधिक कोच तैयार करने की जरूरत है।

राज्य संघों को वित्तीय रूप से मजबूत करना होगा जबकि संन्यास ले चुके पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग से जोड़ने की जरूरत है जिससे कि उनके अनुभव का फायदा उठाया जा सके। भूटिया ने साथ ही एक बार फिर दोहराया कि अगर वह एआईएफएफ चुनाव में जीत दर्ज करते हैं तो वह संस्थान को सफलतापूर्वक संचालित करने की काबिलियत रखते हैं। भूटिया और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे अध्यक्ष पद की दौड़ में आमने-सामने हैं। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर चौबे बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं और उन्हें गुजरात तथा अरुणाचल प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों से समर्थन मिलने के कारण प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भूटिया ने कहा कि मैं अध्यक्ष पद के लिए सक्षम दावेदार हूं। मैं विभिन्न स्तर पर फुटबॉल से जुड़ा रहा हूं और मेरा अनुभव एआईएफएफ के काफी काम आ सकता है। मैं एआईएफएफ से पहले भी जुड़ा रहा हूं इसलिए मुझे अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में कोई समस्या नहीं होगी। भूटिया ने कहा कि एआईएफएफ पर लगा फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा का प्रतिबंध हटने के बाद अब पूरा ध्यान फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की सफल मेजबानी पर दिया जाना चाहिए।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड नहीं छोड़ेंगे रोनाल्डो, मैनेजर ने किया कंफर्म

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** मैनचेस्टर यूनाईटेड के मैनेजर एरिक टेन हैग ने एक बार फिर दोहराया कि स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ट्रांसफर विंडो (खिलाड़ियों की अदला बदली का समय) के अंतिम दिनों में टीम को छोड़कर नहीं जाएंगे। क्लब के साथ रोनाल्डो के भविष्य को लेकर अनिश्चित तब बढ़ गयी जब मंगलवार को एक और फॉरवर्ड एजाक्स के ब्राजीली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एंटोनी से करार किया गया। यह पूछने पर कि एंटोनी से करार के बाद रोनाल्डो उनकी योजना का हिस्सा बने रहेंगे तो टेन हैग ने कहा कि निश्चित रूप से, यह बिलकुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि हमें कुशल खिलाड़ी चाहिए। सभी मैचों में निरंतरता बनाये रखने के लिए आपको ज्यादा खिलाड़ी चाहिए होते हैं। हम यही करने का प्रयास करते हैं। रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाईटेड छोड़कर चैम्पियंस लीग में खेलने वाले क्लब से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं।




## न्यूज गैलरी

### बाजार में गिरावट बरकरार, सेंसेक्स 58900 के नीचे, निफ्टी करीब 200 अंक टूटा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेंसेक्स 722 अंक टूटकर 58814 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, मारुति, टाईटन, एसबीआई, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट हरे निशान पर हैं बाकि सभी लाल निशान पर। शेयर बाजार की शुरूआत आज भारी गिरावट के साथ हुई है। बुधवार की बंदी के बाद बीएसई का 30 स्टॉक्स वाला प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज यानी गुरुवार को 826 अंकों के भारी नुकसान के के साथ 58710 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी की शुरूआत भी लाल निशान के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 744 अंकों के नुकसान के साथ 58793 के स्तर पर था। जबकि, निफ्टी 194 अंकों के नुकसान के साथ 17564 के स्तर पर। निफ्टी टॉप गेनर में इंडसइंड बैंक, बजाज ऑटो, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल थे तो टॉप लूजर में इन्फोसिस, एसबीआई लाइफ, हिन्डाल्को, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक।

### अगस्त महीने में यूपीआई के जरिये 10.73 लाख करोड़ रुपये का हुआ लेनदेन




**नई दिल्ली।** यूपीआइ के जरिये डिजिटल भुगतान लेनदेन का मूल्य इस साल अगस्त में बढ़कर 10.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। जुलाई में यूपीआई आधारित डिजिटल लेनदेन का मूल्य 10.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अगस्त माह के दौरान यूपीआई के माध्यम से कुल 6.57 अरब (657 करोड़) लेनदेन हुए, जो पिछले महीने में 6.28 अरब (628 करोड़) रहा था। जून में 10.14 लाख करोड़ रुपये के 5.86 अरब लेनदेन हुए थे। एनसीपीआई ढांचे के अन्य आंकड़ों पर गौर करने पर पता चलता है कि तत्काल हस्तांतरण-आधारित आईएमपीएस के जरिये अगस्त में लेनदेन का मूल्य 4.46 लाख करोड़ रुपये रहा। अगस्त में आईएमपीएस के जरिये कुल 46.69 करोड़ लेनदेन हुए। जुलाई में, यह कुल 46.08 करोड़ लेनदेन पर 4.45 लाख करोड़ रुपये रहा था। टोल प्लाजा पर अगस्त में फास्टैग के जरिये 4,245 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जो पिछले महीने में 4,162 करोड़ रुपये था।

### देश में बिजली की खपत अगस्त में दो प्रतिशत बढ़कर 130.35 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अगस्त माह में सालाना आधार पर करीब दो प्रतिशत बढ़कर 130.35 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच गई। विद्युत मंत्रालय से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले वर्ष अगस्त में बिजली की खपत 127.88 अरब यूनिट रही थी, जबकि 2020 के इसी महीने में यह 109.21 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम पूरी की गई मांग अगस्त 2022 के दौरान घटकर 194.94 गीगावॉट रही। अगस्त, 2021 में बिजली की अधिकतम आपूर्ति 196.27 गीगावॉट और अगस्त, 2020 में 167.52 गीगावॉट थी। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन प्रतिबंधों के कारण अगस्त, 2020 में बिजली की खपत और मांग प्रभावित हुई थी। वहीं महामारी से पहले की अवधि अगस्त, 2019 में बिजली की अधिकतम मांग 177.52 गीगावॉट थी। विशेषज्ञों के अनुसार, अगस्त में मानसून के सक्रिय होने के कारण देशभर में बिजली की खपत और मांग कम रही।

# तीन फ्लेवर में री-लॉन्च होगा कैंपा, मुकेश अंबानी ने लगाया सॉफ्ट ड्रिंक सेगमेंट में दांव





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सॉफ्ट ड्रिंक सेगमेंट में बड़ा दांव लगाया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नई दिल्ली स्थित प्योर ड्रिंक्स ग्रुप से घरेलू सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैंपा खरीदा है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। अब उेंस्त्रं को 3 फ्लेवर्स में दिवाली तक देश भर में री-लॉन्च किया जाएगा। यह आइकॉनिक कैंपा कोला वर्जन के अलावा लेमन और ऑरेंज फ्लेवर में आएगा। ब्रांड को रिलायंस रिटेल के खुद के स्टोर्स और लोकल किराना शॉप्स के जरिए बेचा जाएगा। कैंपा ब्रांड को खरीदने की डील करीब 22 करोड़ रुपये में हुई है। रिलायंस रिटेल ने अपने मौजूदा प्राइवेट लेबल्स की पहुंच बढ़ाने के साथ नए प्रॉडक्ट्स लॉन्च करने और मार्केट के लोकल ब्रांड्स खरीदकर अपने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स बिजनेस को रोलआउट करने का प्लान अनाउंस किया है। कैंपा कोला को 1970 में प्योर ड्रिंक्स ग्रुप ने लॉन्च किया है। 1949 में कोका-कोला के लॉन्च और डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा भी इसी ग्रुप के पास था। अमेरिकी ब्रांड को साल 1977 में अस्थायी रूप से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद प्योर ड्रिंक्स ग्रुप ने ब्रांड कैंपा कोला लॉन्च किया था। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने सोमवार को रिल की 45वीं सालाना जनरल मीटिंग में ग्रुप के अपने एफएमसीजी बिजनेस लॉन्च करने से जुड़े प्लान को अनाउंस किया था। उन्होंने कहा था, 'इस साल हम अपना फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स बिजनेस लॉन्च करेंगे। इस कारोबार का मकसद ऐसे प्रॉडक्ट्स डिवेलप और डिलीवर करना है, जो कि हर भारतीय की रोजाना की जरूरतों को पूरा करें। हम किफायती प्राइसिंग पर हाई क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स देना चाहते हैं।' जनरल ट्रेड में अपने प्रॉडक्ट्स को पुश करने के लिए कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर्स की नियुक्ति कर रही है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया की थोक बिक्री अगस्त में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,222 इकाई पर

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिमार्ता स्कोडा ऑटो इंडिया की थोक बिक्री अगस्त माह में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,222 इकाई हो गई। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अगस्त, 2021 में डीलरों को 3,829 वाहन भेजे थे। चेक कार कंपनी ने कहा कि उसने 2022 के लिए 37,568 इकाइयों की बिक्री के आंकड़े को पार कर लिया है, जबकि अभी एक तिमाही बाकी है। स्कोडा ऑटो ने एक बयान में कहा कि बिक्री के मामले में 2022 का साल कंपनी के लिए सबसे अच्छा रहा है। कंपनी ने इससे पहले 2012 में 34,678 वाहन बेचे थे। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने कहा कि भारत और दुनिया में स्कोडा ऑटो के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। इस उपलब्धि का श्रेय हमारी टीमों, भागीदारों और सबसे महत्वपूर्ण हमारे ग्राहकों को जाता है।

## सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट, 2500 रुपये सस्ती हुई चांदी, 787 रुपये सस्ता हुआ गोल्ड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सराफा बाजारों में गुरुवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज चांदी मंगलवार के बंद भाव की तुलना में जहां 2500 रुपये सस्ती मिल रही है, वहीं सोना भी 787 रुपये सस्ता हुआ है। 24 कैरेट सोना 50401 रुपये पर खुला, जो मंगलवार के बंद रेट से 787 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है। वहीं, चांदी भी 2500 रुपये टूट कर 51850 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5853 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 24185 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 50199 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 46167, जबकि 18 कैरेट 37801 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29485 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1512 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 51913 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 57104 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 53405 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 58746 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 56875 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से।

## दिल्ली से नासिक के लिए रवाना हुई स्पाइसजेट की फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण लौटना पड़ा वापस




**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से नासिक जा रही स्पाइसजेट की बी737 विमान वीटी-एसएलपी, ऑपरेटिंग उड़ान एसजी 8363 में गुरुवार की सुबह उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। जिसके बाद इस फ्लाइट को बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। डीजीसीए के अधिकारी के अनुसार स्पाइसजेट के बी737 विमान के ऑटो पायलट सिस्टम में तकनीकि खराबी आ गई थी। जिसके बाद फ्लाइट को वापस बुलाया गया है। हालांकि बी737 की सुरक्षित लैंडिग की जा चुकी है। गौरतलब है स्पाइस जेट के हालात इन दिनों ठीक नहीं है। यह फ्लाइट सर्विस आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है। इसके चलते इससे पहले भी इसके एयरक्राफ्ट्स में तकनीकि खराबी की खबरें सुनने में आई हैं। लगातार आ रही इन्ही तकनीकि खराबियों के मामले में डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एक शॉकाज नोटिस जारी किया है। वहीं इससे पहले 27 जुलाई को भी एविएशन सेफ्टी रेगुलेटर ने स्पाइस जेट को आदेश दिया था कि वह अगले आठ हफ्तों तक अधिकतम 50 प्रतिशत उड़ानों को ऑपरेट करे। स्पाइसजेट कंपनी पिछले वित्व वर्ष से ही काफी घाटे में चल रही है। इस वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का घाटा 789 करोड़ रुपए पहुंच गया है। इस पर स्पाइसजेट की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोत्तरी और रुपये की गिरावट के चलते यह घाटा दर्ज किया गया है।

## परिमैच बनी दुनिया की पहली वर्चुअल कबड्डी सॉल्यूशन लॉन्च करने वाली कंपनी




> वर्चुअल बेटिंग प्रोडक्ट एक उल्लेखनीय एक्सेप्शन के साथ रियल लाइफ में खेलों के समान ही नियमों का पालन करता है।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परिमैच अपने वर्चुअल कबड्डी प्रोडक्ट के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। परिमैच ब्रांड के विकास में महयोगी सर्विस कंपनी, पीएमआई ने बताया कि ऑर्गेनाइजेशन, वर्चुअल कबड्डी के लॉन्च के साथ वर्चुअल स्पोर्ट्स गेम्स के अपने मार्केट-लीडिंग पोर्टफोलियो को मजबूत करने में सफल रही है। परिमैच को उक्त प्रोडक्ट पर विशेष अधिकार प्राप्त है और यह कबड्डी फैंस के लिए वर्चुअल कबड्डी की पेशकश करने वाली पहली कंपनी बन चुकी है। गुरुवार एक सितंबर से नई बेटिंग लाइन लाइव हो चुकी है। मुख्य बेटिंग मार्केट्स में मैच रिजल्ट, टोटल, टीम टोटल, हैंडीकैप और टोटल (सम/ऑड) शामिल हैं। वर्चुअल कबड्डी, रियल कबड्डी खेल का नया रूप है। यह ऑनलाइन होता है। वर्चुअल बेटिंग प्रोडक्ट एक उल्लेखनीय एक्सेप्शन के साथ रियल लाइफ में खेलों के समान ही नियमों का पालन करता है। वर्चुअल और रियल लाइफ के कबड्डी मैचेस के बीच मुख्य अंतर यह है कि फॉर्मरमें रियल प्लेयर्स शामिल नहीं होते हैं। इसके बजाए, गेम्स में कम्प्यूटर एल्गोरिदम्स का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि कौन-सी टीम प्रत्येक गेम जीतती है। मैथमेटिकल एल्गोरिथम यह सुनिश्चित करने के लिए डेटा का विश्लेषण करता है कि मैच रियल लाइफ गेम के बहुत करीब है, इस प्रकार यह प्लेयर्स के लिए एक रियल कबड्डी मैच के अनुभव प्रदान करता है। वर्चुअल कबड्डी, सच्चे कबड्डी लवर्स के लिए एकदम सटीक विकल्प है, जो जितनी बार चाहें, इसे खेल सकते हैं। सिम्युलेटेड कबड्डी पंटर्स को 24/7 अपनी पसंदीदा टीम्स पर दाँव लगाने की अनुमति प्रदान करता है। वर्चुअल कबड्डी में पिच-एनिमेशन रियल कबड्डी मैच में होने वाले एक्शन्स को सिम्युलेट करने की अनुमति प्रदान करता है। यह खेल को और भी अधिक इंटरैक्टिव बनाता है और प्लेयर्स को खुद से जोड़कर रखता है। परिमैच हमेशा ही भारत के घरेलू खेलों की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए तत्पर रहता है।

## पश्चिम बंगाल में छापा, 250 करोड़ की अघोषित आय का खुलासा




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो प्रमुख रियल एस्टेट समूहों पर की गयी छापेमारी में 250 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को यह कार्रवाई की गयी। तलाशी अभियान के दौरान, दस्तावेजों और डिजिटल डाटा सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सबूत मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इस दौरान बहीखातों के बाहर नकद लेनदेन और नकदी की रसीदों के सबूत मिले हैं। कई दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डाटा से शेल कंपनियों के माध्यम से अघोषित पैसे की रूटिंग के संकेत मिले हैं। इसके अलावा, तलाशी के दौरान अघोषित धनराशि के जमीन के अधिग्रहण में इस्तेमाल किए जाने के भी कुछ प्रमाण मिले हैं। कंपनियों के प्रमुख लोगों ने फर्जी निवेश की बिक्री के माध्यम से शेयर पूंजी, शेयर प्रीमियम और असुरक्षित ऋण के रूप में अघोषित धन लगाने के लिए शेल कंपनियों का उपयोग किए जाने की बात को स्वीकार किया है। तलाशी अभियान में अभी तक 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित आय का पता लगा है। तलाशी के दौरान, 16 बैंक लॉकरों का पता लगा जिन्हें कब्जे में ले लिया गया है।

## पेट्रोल की बिक्री अगस्त में बढ़ी, डीजल की मांग सुस्त

**नयी दिल्ली।** देश में पेट्रोल की बिक्री अगस्त में बढ़ी है, लेकिन डीजल की मांग में गिरावट जारी है। इसका कारण देश के कई भागों में बारिश से कुछ क्षेत्रों में मांग का प्रभावित होना है। उद्योग के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल की बिक्री अगस्त महीने में 5.8 प्रतिशत बढ़कर 28.1 लाख टन रही जबकि जुलाई में यह पांच प्रतिशत घटकर 26.6 लाख टन रही थी। आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल की खपत अगस्त, 2021 के मुकाबले करीब 16 प्रतिशत और अगस्त, 2020 के मुकाबले 31.7 प्रतिशत अधिक है। अगस्त, 2020 में पेट्रोल की खपत 21.4 लाख टन थी। यह महामारी-पूर्व यानी अगस्त, 2019 के 23.3 लाख टन के मुकाबले 20.6 प्रतिशत अधिक है। सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला ईंधन डीजल की खपत आलोच्य महीने में 4.9 प्रतिशत घटकर 61.1 लाख टन रही, जो जुलाई में 64.2 लाख टन थी। मानसूनी बारिश के कारण डीजल की मांग पर असर पड़ा है। वैसे परंपरागत रूप से अप्रैल-जून के मुकाबले जुलाई-सितंबर में खपत कम होती है।

## एमजी ने पेश की एडवांस ग्लॉस्टर की कीमत 31.99 लाख रुपये



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने आज भारतीय बाजार में अपनी प्रीमियम एसयूवी एडवांस्ड ग्लॉस्टर पेश करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत 31.99 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ऑटोनोमस (लेवल 1) प्रीमियम एसयूवी अब नए और एडवांस सेफ्टी, स्टाइल और टेक्नोलॉजी एनहांसमेंट्स के साथ आई है। मौजूदा ग्लॉस्टर के एडवांस्ड ड्राइवर असिस्ट सिस्टम में अतिरिक्त फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर दिये गये हैं, जैसेकि डोर ओपन वार्निंग , रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट और लेन चेंज असिस्ट आदि। 30 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचरों के अतिरिक्त यह फीचर एडवांस ग्लॉस्टर को सुरक्षित और आसान ड्राइव बनाते हैं। एडवांस ग्लॉस्टर की सड़क पर मौजूदगी को 4डब्ल्यूडी संस्करण में पूरी तरह से नए ब्रिटिश विंडमिल टर्बाइन-थीम वाले अलॉय मेटल व्हील्स ने और मजबूत बना दिया है। इसे अब नए 'डीप गोल्डन' कलर ऑप्शन में पेश किया जा रहा है जो एसयूवी की अपील को और शानदार बनाता है। मेटल ब्लैक, मेटल ऐश और वार्म व्हाइट के पहले से मौजूद रंगों के अलावा नया रंग जोड़ा गया है। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा, टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलाव, निरंतर विकास, और बेस्ट-इन-क्लास कस्टमर एक्सपीरियंस एमजी में हमारी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।

## टाटा ग्रुप की टीटीएमएल कंपनी के शेयर ने 3 दिन में ही कर दिया मालामाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. (टीटीएमएल) अपने निवेशकों को पिछले 3 दिन में 30 फीसद से अधिक रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर पिछले 52 हफ्तों में 33.05 रुपये का लो से 290.15 रुपये के हाई तक गया और आज 10:30 के आस-पास यह करीब 12 फीसद ऊपर 121.80 रुपये पर पहुंच गया। बता दें 11 जनवरी 2022 को जब यह स्टॉक अपने उच्च स्तर पर था तो यह अपने उन निवेशकों को मालामाल कर गया, जो इसे बेचकर निकल लिए। इस साल अब तक इसने 43.90 फीसद का निगेटिव रिटर्न दिया है। इसके बावजूद टीटीएमएल पिछले 3 साल में इसने 4857 फीसद का रिटर्न दिया है। अगर एक साल की बात करें तो इसका रिटर्न 481 फीसद से घटकर 230 फीसद पर आ गया है, लेकिन जिन्होंने इस स्टॉक में 1 महीने पहले पैसा लगाया है, उनका पैसे में 6 फीसद से अधिक का फायदा हुआ है। बता दें 11 जनवरी को टीटीएमएल का शेयर अपने ऑल टाइम हाई 290.15 रुपये पर बंद हुआ था। 24 अगस्त 2021 को यह स्टॉक 33.05 रुपये पर आ गया था। टीटीएमएल, टाटा टेलीसर्विसेज की सब्सिडियरी कंपनी है। यह कंपनी अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर है। कंपनी वॉइस, डेटा सर्विसेज देती है। कंपनी के ग्राहकों की लिस्ट में कई बड़े नाम है। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक बीते महीने कंपनी ने स्मार्ट इंटरनेट बेस्ड सर्विस कंपनियों के लिए शुरू की है।

### आज से 5 बड़े बदलाव: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 100 रुपए तक सस्ता

## पीएम किसान योजना में केवाईसी न होने पर नहीं मिलेगा पैसा



> दिल्ली आने जाने के लिए जो लोग यमुना एक्सप्रेस वे का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अब पहले के मुकाबले ज्यादा टोल टैक्स देना होगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 1 सितंबर 2022 से कई बदलाव हुए हैं। इन बदलावों का असर आपकी जिंदगी पर भी होगा। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में कटौती हुई है। दिल्ली में अब ये सिलेंडर 91.50 रुपए, कोलकाता में 100 रुपए, मुंबई में 92.50 रुपए और चेन्नई में 96 रुपए सस्ता मिलेगा। इसके साथ ही अगर आपका अकाउंट पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हैं तो केवाईसी न होने पर आपको अकाउंट चलाने में दिक्कत आ सकती है। इसके अलावा यमुना एक्सप्रेस वे पर यात्रा करने पर आपको ज्यादा टोल देना होगा। इंडियन ऑयल की ओर से 1 सितंबर को जारी कीमत के मुताबिक 19 किलो का कॉमर्शियल सिलेंडर सस्ता हुआ है। राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 1,976.50 रुपए से घटकर 1,885 हो गई है। कोलकाता में कीमत 2,095.50 रुपए से घटाकर 1,995.50 रुपए कर दी गई है। इसी तरह मुंबई में इसकी कीमत 1,936.50 रुपए के बजाय 1,844 रुपए और चेन्नई में 2,141 रुपए के बजाय 2,045 रुपए हो गई है। यह लगातार पांचवीं बार है, जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कमी आई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत नहीं बदली है। दिल्ली में 14.2 किलो के गैस सिलेंडर की कीमत 1053 रुपए है। पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहकों के लिए केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बैंक ने कहा था कि सभी ग्राहक 31 अगस्त से पहले अपनी केवाईसी करा लें। इसके लिए बैंक ब्रांच से संपर्क कर सकते हैं। अगर 31 अगस्त तक आपने अकाउंट को अपडेट नहीं कराया है तो आप अपने खाते से पैसों का लेन-देन नहीं कर पाएंगे। दिल्ली आने जाने के लिए जो लोग यमुना एक्सप्रेस वे का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अब पहले के मुकाबले ज्यादा टोल टैक्स देना होगा। नई दरों के मुताबिक, कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल की दर को 2.50 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2.65 रुपए प्रति किमी कर दिया है। हल्के कॉमर्शियल वाहन, हल्के माल वाहन और मिनी बसों के लिए टोल टैक्स 4.15 रुपए प्रति किमी और बस या ट्रक के लिए 8.45 रुपए प्रति किमी कर दिया है।

## मप्र: नौकरी से निकाले जाने के बाद सात कर्मचारियों ने खाया जहर

> घटना के बाद कंपनी मालिक रवि बाफना और पुनीत अजमेरा लापता हैं। परदेशीपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



**इंदौर (एजेंसी)।** शहर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फेल गई, जब एक साथ सात लोगों ने जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। सभी को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि सभी एक ही कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी हैं, जिन्हें एक साथ नौकरी से निकाल दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने यह खतरनाक कदम उठा लिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सात लोगों को जहर खाने के कारण तबियत बिगड़ने के बाद कुछ लोगों द्वारा एमवाय अस्पताल लाया गया था, जहां सभी की हालत देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल भर्ती कर उपचार शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और इनके साथ आए लोगों ने बातचीत की। जांच में पुलिस को पता चला कि जमनाधर विश्वकर्मा, दीपक सिंह, राजेश मेमियोरिया, देवीलाल करेडिया, रवि करेडिया, जितेंद्र धमनिया, शेखर वर्मा ने जहर खाया है। ये सभी परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में राजकुमार ब्रिज के पास स्थित निजी कंपनी अजमेरा वायर में नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि कंपनी ने सभी को काम से निकाल दिया था। इसके चलते कर्मचारियों ने यह कदम उठाया। उधर, घटना के बाद कंपनी मालिक रवि बाफना और पुनीत अजमेरा लापता हैं। परदेशीपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में पता चला है कि सभी ने गुगुरवार सुबह कंपनी के बाहर ही जहर खा लिया। जब इनकी तबियत बिगड़ी तो साथी कर्मचारियों को पता चला। इस पर सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से अभी तक कंपनी मालिक रवि बाफना, पुनीत अजमेरा के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## पेज एक के शेष

### मिलावटी, केमिकल युक्त...

लोबिया से 700 मिलीलीटर दूध तैयार हो जाता है। इसको चाय और टोफू पनीर (सोयाबीन से बनने वाला पनीर) बनाने में भी उपयोग कर सकते हैं।

#### लोबिया के दूध से लाभ

**लोबिया** का दूध पीने से पाचन तंत्र ठीक काम करता है। यह दूध दिल के लिए फायदेमंद है। इस दूध से शरीर में आयरन की पूर्ति, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करने, वजन घटाने, अच्छा प्रोटीन व फाइबर सहित कई पोषक तत्व हैं। सो अब देरी किस बात की। आप इसे अपने घर में ही बनाना शुरू कर दें। यदि आर्गेनिक लोबिया या गांव में बिना केमिकल व अंग्रेजी खाद डाले उगाये गये लोबिया से दूध बनाया जाये तो और भी लाभदायक रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### दिल्ली में नकली नोटों का धंधा जोरों पर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में नकली नोटों का धंधा करनेवाले गिरोह का एनसीआरबी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ हैं। पिछले साल 2021 में दिल्ली पुलिस ने 1342 प्रतिशत दर की तेजी से वृद्धि दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह गिरोह राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धंधा कर रहा है, जो बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश या बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली नोट लेकर आ रहे हैं। एनसीआरबी के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी के लिए विशिष्ट 2021 के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 2.05 करोड़ रुपये मूल्य के 50,151 से अधिक नकली मुद्रा नोट बरामद किए गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये गिरोह ज्यादातर भारत-नेपाल या भारत-बांग्लादेश सीमाओं के जरिए काम करते हैं, बरामद किए गए नोटों के देखरकर बिल्कुल भी नहीं लगता यह नोट नकली है, क्लर और बनावट भी बिल्कुल भी असली नोटों जैसी हैं।

### मनसे नेता ने महिला को मारा चांटा

**मुंबई (एजेंसी)।** राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता ने एक बुजुर्ग महिला को सरेआम थप्पड़ जड़ा और धक्के दिए। मुंबई के मुंबा देवी इलाके में हुई इस घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। पीड़ित महिला का नाम प्रकाश देवी है। मनसे कार्यकर्ताओं ने उनकी मेडिकल शॉप के सामने प्रचार के लिए पोल लगाया था, जिस पर महिला ने आपत्ति जताई थी। मारपीट करने वाले नेता का नाम विनोद अर्गिले है। वीडियो में कई लोग अर्गिले को खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिर भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। नेता ने बुजुर्ग महिला प्रकाश देवी को कई बार धक्के भी दिए, जिससे वह जमीन पर गिर गईं। घटना 28 अगस्त की है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। मुंबई का मुंबा देवी इलाका मंदिर के लिए मशहूर है। इस इलाके में मनसे कार्यकर्ता बांस के खंभे लगा रहे थे, लेकिन प्रकाश देवी ने उनसे कहा कि वे मेडिकल शॉप के सामने खंभा न लगाएं। बुजुर्ग महिला ने कहा- मेरे साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि मनसे कार्यकर्ताओं ने गालियां भी दीं। पुलिस के मुताबिक, मारपीट के तीन दिन बाद 31 अगस्त को महिला ने शिकायत दर्ज कराई। महिला का मेडिकल चेकअप किया गया है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के अंदर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की आयी है लागत

# स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' को नौसेना में शामिल करेंगे पीएम

**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना में शामिल करेंगे। जो भारत के समुद्री इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा जहाज है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। श्री मोदी यहां कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के अंदर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित इस विमान वाहक पोत को भारतीय नौसेना में शामिल करेंगे। स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत के नौसेना में शामिल होने के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा जो स्वदेशी विमान वाहक डिजाइन और निर्माण करने की विशिष्ट क्षमता रखते है साथ ही यह मेक इन इंडिया मुहिम का एक वास्तविक प्रमाण होगा। यहां



एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कल जब प्रधानमंत्री आईएसी विक्रांत का जलावतरण करेंगे तो यह भारतीय नौसेना और संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा और यह 'आत्मनिर्भरता' भारत की प्रतिबद्धता को साकार करने के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। विमान वाहक पोत विक्रांत पूरी तरह से भारत में बनाया गया। यह अब तक का सबसे बड़ा युद्धपोत है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के लिए स्वदेश में डिजाइन और निर्मित किया गया पहला युद्ध पोत है। विक्रांत को भारतीय नौसेना के आंतरिक संगठन युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन आनेवाले सार्वजनिक क्षेत्र के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित इस युद्ध पोत को इसके पूर्ववर्ती विमान वाहक पोत का नाम दिया गया है जिसने 1971 युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### नुआखाई पर्व की बधाई

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनाटक ने नुआखाई के अवसर पर ओडिशा के निवासियों को गुरुवार को बधाई दी। यह उत्सव मुख्य रूप से पश्चिमी ओडिशा में बहुत धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रीमती मुर्मू ने ट्वीट करके पश्चिमी ओडिशा के भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार सभी के लिए प्यार, सद्भाव और समृद्धि लाए।

# कोरोना केस घटने पर भी डब्ल्यूएचओ ने दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में सर्वत्र कोरोना वायरस के नये मामले और इस संक्रमण से होनेवाली मौतें लगातार कम हो रही हैं जो एक स्वागतयोग्य गिरावट है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने मीडिया के सामने कहा कि पिछले सप्ताह कोविड-19 के 45 लाख नये मामले सामने आये जो उसके पिछले पिछले सप्ताह की तुलना में 16 फीसद कम है। उसने कहा कि पिछले सप्ताह उसके पिछते हफ्ते की तुलना में संक्रमण से मरने वालों की संख्या 13 फीसद घटकर 13500 रही। उसने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया एवं पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र को छोड़कर दुनियाभर में कोरोना वायरस संक्रमण से होनेवाली मौतें घटी हैं। उसके अनुसार दक्षिणपूर्व एशिया एवं पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संक्रमण से मौतें क्रमश 15 एवं तीन फीसद बढ़ी है। डब्ल्यूएचओ महानिदेशक टेड्रोस एधनोम



घेब्रेयेसस ने चेतावनी दी कि उत्तरी गोलार्ध में सर्दी शुरू हो जाने तथा कोविड -19 के और खतरनाक रूप के संभवतः सामने आने पर विशेषज्ञों ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या और मौतों में वृद्धि की आशंका जतायी है। उन्होंने कहा कि यहां तक धनी देशों में भी टीकाकरण की दरें बहुत निम्न हैं तथा 30 फीसदी स्वास्थ्यकर्मियों एवं 20 फीसदी बुजुर्गों का टीकाकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ये टीकाकरण फासले हमारे लिए खतरनाक है। इसलिए यदि आपने टीका नहीं लिया है तो ले लीजिए। आपने टीका ले लिया है और यदि सुझाव दिया गया है तो बूस्टर लीजिए।

# यूट्यूबर ने फैंस को 35 प्रतिशत रिटर्न का प्रलोभन देकर 400 करोड़ ले हो गयी फुर्र

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड की प्रसिद्ध महिला यूट्यूबर नथामोन खोंगचाक ने अपने यूट्यूब फॉलोअर्स व फैंस को अपने जाल में फंसाया और उनके लगभग 400 करोड़ रुपये लेकर फुर्र हो गयी। रिपोट्र्स के अनुसार यह काफी समय से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स व यूट्यूब पर वीडियो डालती रही है। इसके चाहने वाले बढ़ते गये, लाखों फॉलोअर्स हो गये। धीरे-धीरे यह महिला अपने फॉलोअर्स से संवाद भी करने लगी। एक दिन इसने ऐलान किया कि उसका एक इन्वेस्टमेंट कंपनी से संबंध है और वह अपने फैंस के पैसे इन्वेस्ट करके उनको फायदा पहुंचायेगी। निवेश पर 35 प्रतिशत रिटर्न के साथ रकम वापस करेगी। इसके बाद महिला ने फॉरेन एक्सचेंज ट्रेडिंग स्कैम के जरिये हजारों फॉलोअर्स को अपने जाल में फंसा लिया। यूट्यूबर ने फॉलोअर्स को इन्वेस्टमेंट पर बड़े मुनाफे का वादा किया तो लगभग छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस महिला को इन्वेस्टमेंट के लिए पैसे दिये। इसके अलावा भी इस महिला ने कई अन्य लोगों के भी पैसे इन्वेस्ट कराये। रिपोर्ट के मुताबिक महिला को कुल मिलाकर लगभग चार सौ करोड़ रुपये वापस करने थे, लेकिन यह महिला यूट्यूबर अचानक एक दिन अपने सारे एकाउंट्स बंद करके गायब हो गयी। उनके फैंस को जब यह पता चला कि वह अब नहीं दिख रही है तो सब ठगे से महसूस करने लगे। इसके बाद सबों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी। थाईलैंड पुलिस ने बीते सप्ताह धोखाधड़ी के मामले में नथामोन के विरूद्ध गिरफ़्तारी का वारंट जारी किया।

# एनआईए ने डी गैंग पर 90 लाख का रखा इनाम

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दाऊद इब्राहिम और डी कंपनी से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी देने वालों को इनाम देने का ऐलान किया है। एनआईए ने गुरुवार को इनामी राशि की लिस्ट जारी की। इसमें दाऊद पर 25 लाख का इनाम रखा गया है। इसके अलावा छोटा शकील की जानकारी देने पर 20 लाख इनाम की घोषणा की गयी है। लिस्ट में दाऊद, छोटा शकील, अनीस इब्राहिम, जावेद चिकना और टाइगर मेमन का नाम है। ऐसा पहली बार है कि एनआईए ने सार्वजनिक तौर पर इतने बड़े इनाम का ऐलान किया है। खास बात ये भी है कि पहली बार इन लोगों की पुरानी और नयी तस्वीरें एक साथ जारी की गयी हैं। हालांकि, दाऊद की नयी फोटो नहीं है। उसकी वही फोटो जारी की गयी है, जो 1993 मुंबई धमाकों के बाद कई सरकारी एजेंसियों ने जारी की थी। एनआईए को मुंबई में ड्रग्स और अवैध प्रॉपर्टी के जरिये टेरर फंडिंग के सबूत मिले हैं। इसके पीछे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का सिंडिकेट काम कर रहा है। क्स्ककी मदद से आतंक का नया मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। एनआईए की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक दाऊद गैंग के लोग पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठनों तक फंड पहुंचा रहे हैं। इस वजह से मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में फिरौती, सट्टेबाजी, बिल्डरों को धमकी और ड्रग्स का कारोबार बढ़ा है।

# सिसोदिया के घर सीबीआई रेड के बाद गुजरात में आप का वोट चार प्रतिशत बढ़ा : केजरीवाल

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब से सीबीआई ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर रेड की है, उसके बाद से ही गुजरात में आम आदमी पार्टी का वोट प्रतिशत चार प्रतिशत बढ़ गया है। अरविंद केजरीवाल ने आगे हंसते हुए कहा कि अगर यह मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लेंगे, उसके बाद गुजरात में हमारा वोट छह प्रतिशत बढ़ जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि यदि कहीं सिसोदिया दो बार गिरफ्तार हो गए, तो गुजरात में सरकार ही बन जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने खुद के ऊपर और अपने विधायकों के ऊपर दर्ज हुए मुकदमों की जानकारी देते हुए कहा कि 16 केस इन्होंने मेरे ऊपर किए थे जिसमें से 12 में बरी हो चुका हूं। मनीष सिसोदिया के ऊपर इन्होंने 13 केस किए थे, जिसमें 10 में वह बरी हो चुके हैं। सत्येंद्र जैन के ऊपर 4 केस किए थे, जिसमें से दो में वह बरी हो गए हैं। दिनेश मोहनिया के ऊपर 10 केस किए थे, जिसमें 9 में वह बरी हो चुके हैं। इस तरह से हमारे पास सभी 49 विधायकों



की लिस्ट है, जिसके ऊपर उन्होंने केस किए थे। हर काम में भ्रष्टाचार के मुकदमे लगाते हैं लेकिन एक भी साबित नहीं कर पाए।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि आज देश में दो ही पार्टियां बची हैं, एक है कट्टर ईमानदार पार्टी और एक कट्टर बेईमान पार्टी। उन्होंने कहा कि कट्टर ईमानदार वह पार्टी है जिसके मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक समेत सभी नेता ईमानदार हैं। जबकि कट्टर बेईमान पार्टी वह है जिसके खिलाफ हर दिन नए मामले आते हैं। कर्नाटक में ठेकेदारों ने कहा कि उनसे 30-40 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। कट्टर बेईमान पार्टी वह है जिसके राज्य में नकली शराब पीकर लोगों की जान चली गई, जो देश में नशा बेचती है। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को लगता है कि यह

- यदि सिसोदिया को गिरफ्तार कर लेंगे तो आप का वोट छह प्रतिशत बढ़ जायेगा
- दो बार गिरफ्तार हुए तो गुजरात में आप की सरकार बन जायेगी

सभी विधायकों को खरीद सकते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायक नहीं बिकने वाले हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ह्लइन्होंने हमारे 40 विधायकों को खरीदने के लिए 800 करोड़ रुपए रखे थे। 12 विधायकों को इन्होंने 20-20 करोड़ रुपए का ऑफर दिया था और कहा था कि 40 विधायक ले आओ और 800 करोड़ रुपए रखे थे। लेकिन हमारी पार्टी का एक भी विधायक नहीं बिका। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे स्पीकर समेत दो विधायक विदेश गए हुए हैं, जबकि सत्येंद्र जैन जेल में हैं। हमारे पास कुल 62 विधायक हैं, जिसमें से 59 सदन में मौजूद हैं। इसके बाद सदन में विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई, जिसमें डिप्टी स्पीकर ने पूछा कि जो सरकार के पक्ष में है वह हां कहें। इस दौरान सभी विधायकों ने हां कहा।

### जिन बड़े दोस्तों के कर्ज माफ किये हैं, उसे वसूल कर किसानों व छात्रों के कर्ज माफ किये जायें : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने स्कूल और अस्पतालों का जिक्र करते हुए भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे ही मैं स्कूल और अस्पताल बनाने की बात करता हूं, यह लोग गंदी-गंदी गालियां देते हैं। बिना स्कूल और अस्पताल के देश की तरक्की हो सकती है। इन लोगों ने विधायकों को खरीदने के लिए मंडी बना रखी है। 6300 करोड़ रुपए इन्होंने विधायकों को खरीदने के लिए खर्च कर दिए हैं। केजरीवाल ने कहा कि हमारी दो मांग है। पहली मांग यह है कि विधायकों को खरीदना बंद करो। इससे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं। दूसरी मांग यह है कि इन्होंने जो अपने दोस्तों के कर्ज माफ किए हैं, उसे उनसे वसूल कर किसानों व छात्रों के कर्ज माफ किए जाएं।

# शंकर नेत्रालय में बच्चे की आंख की सर्जरी में लापरवाही से मौत

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने चिकित्सक की लापरवाही से जान गंवाने वाले 6 साल के बच्चे के माता-पिता को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मामला 14 जून 2000 का है, जब बच्चे के माता-पिता उसे चेन्नई के शंकर नेत्रालय में भेंगी आंखों का इलाज करवाने के लिए ले गये थे। सर्जरी के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की मौत हो गयी थी। बच्चे के माता-पिता ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में की थी। इस पर सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज आरके अग्रवाल जो इसके अध्यक्ष हैं, ने 26 अगस्त को फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान बच्चे का इलाज करने वाले डॉ. टीएस सुरेंद्रन और डॉ. कन्नन भी मौजूद थे।

**14 जून 2000 को हुआ था ऑपरेशन :** माता-पिता ने शिकायत में आयोग को बताया कि जब बच्चे को आंखों के इलाज के लिए अस्पताल ले गये तो उन्होंने मामूली सर्जरी का सुझाव दिया। सर्जरी के एक दिन पहले जब एक दूसरी डॉ. सुजाता ने बच्चे की जांच की तो उन्होंने एक सिस्टोलिक 'मर्मर' (मंद ध्वनि) को नोटिस किया और चेस्ट वॉल में असामान्यता देखी। इसके बाद बच्चे की हृदय रोग स्पेशलिस्ट डॉ. एस भास्करन से जांच करायी गयी। जिन्होंने बच्चे की कुछ एक्सरसाइज करायी। इसके बाद पता चला कि कोई मर्मर नहीं था। उन्होंने ईसीजी, ईसीएचओ या चेस्ट एक्स-रे जैसे किसी और जांच करवाने से भी मना कर दिया। उन्होंने बच्चे को जनरल एनेस्थीसिया के लिए फिट बताया। फिर 14 जून 2000 को सर्जन डॉ. टीएस सुरेंद्रन को रेफर कर दिया।

- राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अस्पताल, डॉक्टर पर लगाया एक करोड़ हर्जाना

### बच्चे को 9 घंटे 20 मिनट भूखा रखा गया था

**बच्चे** को सुबह 9 बजे खाली पेट अस्पताल ले जाया गया। दोपहर लगभग दो बजे उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया कि 9 घंटे 20 मिनट तक बच्चे को भूखा रखा गया, जिससे उसे हाइपोग्लाइसेमिक हो गया। उसके बाद बच्चे को एनेस्थीसिया के लिए हैलोथेन नामक एक एजेंट दिया गया, जो ब्रैडीकार्डिया का कारण है और इसे रोकने के लिए एट्रोपिन को प्री-मेडिकेशन के रूप में दिया गया।

**आयोग ने मानी चिकित्सकों की लापरवाही :** आयोग ने बच्चे को भूखा रखने वाली बात को तो कोई अहम बिंदु नहीं माना, लेकिन कहा कि स्कोलिन के उपयोग ने ब्रैडीकार्डिया को और तेज कर दिया जो पहले से ही हैलोथेन एनेस्थीसिया के कारण हुआ था। इसी डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की मौत हो गयी। क्योंकि इंसान का दिल एक मिनट में 60 से 100 बार धड़कता है। यदि यह 60 से कम हो जाये तो इसे ब्रैडीकार्डिया कहते हैं। इसके अलावा शिकायत के मुताबिक, जिस दिन बच्चे का ऑपरेशन किया गया, उस दिन डॉक्टर पहले से ही 16 ऑपरेशन कर चुके थे। इस पर आयोग ने कहा कि उसी दिन सर्जरी करना जरूरी नहीं था, ये भी लापरवाही का बड़ा कारण था। आयोग ने फैसला सुनाते हुए कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 की धारा-21 के तहत शिकायत दर्ज की गयी थी। इसलिए अस्पताल को मुआवजे के तौर पर 85 लाख रुपये देना होगा। वहीं, डॉ. आर कन्नन को 10 लाख और डॉ. टीएस सुरेंद्रन को पांच लाख रुपये देने के आदेश दिये।

